ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 14 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-238 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अरशद वारसी को 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से...
पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### पलामू पुलिस लाइन में दो जवानों की मौत

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन में 12 घंटे के दौरान दो जवानों की मौत हो गई। एक जवान की मौत बीमारी से हुई जबकि दूसरे की मौत हार्ट अटैक से हो गई। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएस में भेज दिए गए हैं। दोनों जवान बिहार के रहने वाले थे। मृत जवानों में प्रकाश किरण बिहार के लखीसराय जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे जबकि जनार्दन बिहार के आरा के निवासी थे।

### जामताड़ा में 1 करोड़ की शराब जब्त

**जामताड़ा।** जामताड़ा उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार दोपहर छापेमारी के दौरान एक करोड़ से भी ज्यादा कीमत की जामताड़ा मेड नकली शराब जब्त की है। उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि जामताड़ा शहर से सटे सुपायडीह गांव स्थित एक ब्रिक्स व टाइल्स बनाने की फैक्ट्री में नकली शराब बनाई जा रही है। यह फैक्ट्री इसी गांव के रहने वाले मनोज मंडल की है और चंदू मंडल इस शराब बनाने के धंधे में उसका पार्टनर बताया जा रहा है। इस दौरान मौके से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

### सारदा ग्रुप की 61 संपत्तियां होंगी नीलाम

**कोलकाता।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि वो सारदा समूह के 61 भूखंडों की नीलामी करेगा। नीलामी से प्राप्त रकम को ठगी के शिकार हुए निवेशकों में बांट दिया जाएगा, जिन्होंने मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम्स में अपनी गाढ़ी कमाई गंवाई है। इससे जुड़ा नोटिफिकेशन सेबी ने सोमवार को जारी किया, जिसकी एक कॉपी आईएएनएस के पास है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, न्यायमूर्ति एसपी तालुकदार की एक सदस्यीय समिति के निर्देश के बाद सेबी नीलामी की व्यवस्था कर रहा है। क्विकर रियलिटी लिमिटेड को सेबी द्वारा उल्लिखित संपत्तियों की बिक्री में सहायता देने की जिम्मेदारी दी गई है।

### एक किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**चतरा।** नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस टीम ने एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र से एक किलो अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्करों में अंगलेश कुमार दांगी और कृष्णा दांगी दोनों दारियातु सदर थाना के निवासी हैं। डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जयमंगला यात्री बस से अफीम की खेप गया भेजी जा रही है। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसमें वशिष्टनगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर व आईआरबी सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। सूचना के आलोक में मुरैनवा टोल प्लाजा के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

### आईआईटी धनबाद के प्रोफेसर की स्विमिंग पूल में डूबकर की मौत

**धनबाद।** आईआईटी धनबाद में असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला की मौत हो गयी। उनका शव कैंपस के स्विमिंग पूल में मिला। घटना कैसे हुई, क्या हुआ था इसकी जांच अब पुलिस कर रही है। प्रारंभिक जांच में बताया जा रहा है कि स्विमिंग पूल में स्विमिंग कर रहे थे और डूबने से उनकी मौत हो गई। इस मामले में कई सवाल अब भी हैं जिनका जवाब नहीं मिल सका है। अबतक जो जानकारी सामने आयी है उसके अनुसार मंगलवार सुबह अपने दोस्तों के साथ स्विमिंग कर रहे थे अचानक वह गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। उन्हें निकालकर आईआईटी के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## वोटर लिस्ट में नवम्बर तक नाम जोड़ने का मौका : के. रविकुमार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि 2024 में होने वाले आम चुनाव के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग तैयारियां कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम राज्य में जून महीने की शुरू है। यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। के. रविकुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता में कहा कि मतदाता सूची के आधार पर ही आगामी लोकसभा चुनाव का संचालन होगा। ऐसे में यह जरूरी है कि सभी योग्य नागरिकों का निबंधन इस प्रोग्राम के जरिये मतदाता सूची में कर लिया जाए। एक भी वोटर मताधिकार से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन होगा। वोटर लिस्ट, फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निवारण 22 अगस्त से 29 सितम्बर तक होगा। 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक मतदाता सूची में नाम और अन्य कार्यों से संबंधित दावा और आपत्ति संबंधी आवेदन दिए जा सकेंगे। पांच जनवरी, 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक पिछले पांच पुनरीक्षण कार्यक्रम से मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। 10 जनवरी, 2018 को पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में कुल वोटरों की संख्या 21835434 थी। इसी तरह 30 जनवरी, 2019 को जारी सूची में एक फीसदी की वृद्धि के साथ यह संख्या दो करोड़ 98 लाख 1479 हो गयी। 12 अक्टूबर, 2019 को यह आंकड़ा 22617612 हो गया। 15 जनवरी, 2021 को जारी सूची के मुताबिक 23539328 वोटर (2.18 प्रतिशत की वृद्धि) हो गये। पांच जनवरी, 2022 को सूची में 2.70 फीसदी बढोत्तरी के साथ 24473937 वोटर हुए। पिछली बार (5 जनवरी, 2023) को जारी लिस्ट में 2.25 प्रतिशत वृद्धि के साथ कुल वोटर 24529841 हो गये।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव के एक सवाल पर के. रवि कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग कभी भी इसकी घोषणा कर सकता है। दो महीने से अधिक समय से यह सीट रिक्त है। हालांकि, अभी आयोग से कोई निर्देश नहीं आया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाताओं को सूची से जोड़ने की कवायद तो कर ही रहा है, आम नागरिक भी वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड कर खुद को मतदाता के रूप में सूचीबद्ध कर सकते हैं। चुनाव आयोग स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनका वोटर आईडी कार्ड उनके पते पर भेज देगा। वहीं, पोर्टल पर जाकर वोटर आईडी में नाम सुधार, फोटो सुधार, पता सुधार आदि भी सहज तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए जहां विशेष कैंप का आयोजन होगा, वहीं हर घर का सर्वे कर मतदाताओं को सूची से जोड़ा जाएगा और त्रुटियों का सुधार भी होगा। यह कार्य 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इसमें 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा। जिस-जिस घर का सर्वे होगा, उसकी पहचान के लिए घर के बाहर इस आशय का एक स्टीकर भी चिपकाया जाएगा। साथ ही सर्वे करने वाले इससे जुड़ा ब्योरा एक रजिस्टर में भी दर्ज करेंगे। इसका सत्यापन भी कराया जाएगा।

## ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को भेजा समन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सेना की करमटोली स्थित 4.55 एकड़ जमीन की डील में फर्जीवाड़े व मनी लाउंड्रिंग में चार्जशीट के बाद ईडी दूसरे जमीन घोटाले को लेकर रेस हो गई है। ईडी ने अब सिरमटोली में सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद के केस में रांची के कारोबारी विष्णु अग्रवाल को समन किया है। सिरमटोली सेना जमीन के साथ साथ चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की डील में भी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की जाएगी। ईडी ने इस संबंध में मंगलवार को विष्णु अग्रवाल को समन कर 21 जून को रांची जोनल आफिस में उपस्थित होने को कहा है। मई महीनें में भी ईडी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पूजा सिंघल के पति साबित नहीं कर पाए कि ऑस्ट्रेलिया से लाए थे विदेशी करेंसी

मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी कअर पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा अब तक विदेशी करेंसी भारत लाने का कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं दे पाए हैं। अभिषेक झा ने डॉलर को रुपए में एक्सचेंज किये गए पैसों को भारतीय बैंक में जमा तो किए, लेकिन यह स्पष्ट तौर पर नहीं बताया कि पैसा आने का जरिया क्या था। 2009 और 2011 के बीच अभिषेक झा सात बार ऑस्ट्रेलिया और भारत की ट्रिप से 74450 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर लाए। उन्होंने यह दावा किया है कि यह रकम उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान अर्जित किये थे। भारतीय करेंसी में इस पैसे की वैल्यू 31.89 लाख रुपए है। नियमों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# लोगों से संवाद मेरा कर्तव्य : राज्यपाल





**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि किसी भी राज्यपाल का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे लोगों से संवाद कर योजनाओं के लाभ की जानकारी लें, ताकि शासन तक लोगों की बात को पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रायोजन के कारण उन्होंने जनता के बीच जाने का फैसला लिया है, ताकि लोगों को राजभवन तक आने का कष्ट न उठाना पड़े, बल्कि मैं आप सभी के बीच उपस्थित होकर वास्तविक स्थिति से अवगत हो सकूं। आगे उन्होंने कहा कि विकास के काम में कोई भी अवरोध नहीं होना चाहिए। करमा जैसे छोटे-छोटे पंचायत, गांव विकसित होगा तो प्रखंड विकसित होगा। प्रखंड विकसित होगा तो जिला विकसित होगा और जब जिला विकसित होगा तो राज्य का विकास होगा और तभी देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद आज जिले के लोगों को व्यापक सुविधाएं मिल रही हैं और अधारभूत संरचना का विकास हुआ है। उन्होंने चतरा जिले में उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन योजना आदि संचालित योजनाओं की स्थिति का उल्लेख करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणो से की। इससे पूर्व राज्यपाल का आगमन जले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत सचिवालय में हुआ। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिये जाने के बाद झारखंडी नृत्य और गीत के साथ मंच पर आसीन कराया गया। जन संवाद कार्यक्रम के तहत मौजूद लोगों के विचारों से अवगत होने के उपरांत राज्यपाल द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। इस दौरान जिले के उपायुक्त के साथ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसी पवन कुमार मंडल व सभी जिला स्त्रीय व वरीय संबंधित पदाधिकारी उपसिथत थे।

झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा

# वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि झारखंड में वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गई? कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को एक सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 जून निर्धारित की है।

खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए जेटेट परीक्षा से संबंधित हाई कोर्ट में दायर अन्य याचिकाओं को भी इस याचिका के साथ संलग्न कर इसकी सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुशल कुमार, विशाल कुमार ने पैरवी की।

याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र लेने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि बीते सात वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है। याचिकाकर्ता ने प्रार्थना की है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाए। क्योंकि, राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले सात साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है।

## चतरा : 10 रुपये के लिए पिता ने की पुत्र की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

नशेड़ी पिता ने अपने एकलौते पुत्र की गला घोटकर हत्या कर दी। यह मामला जिले के वशिष्टनगर (जोरी) थाना क्षेत्र में सामने आया है। हृदय विदारक घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वशिष्टनगर थाना क्षेत्र के करैलीबार गांव निवासी विलेश भुइयां के करीब 12 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार ने उससे कुरकुरे खाने के लिए 10 रुपये की मांग की, तो नशे में धुत विलेश ने पास में ही पड़ी हुई रस्सी उठाई और बेटे के गले में लपेटकर उसका गला घोंट दिया। बेटा काफी देर तक खुद को इस फंदे से आजाद होने के लिए छटपटाता रहा, परंतु जब तक उसकी सांस नहीं रुक गई नशेड़ी पिता ने उसे नहीं छोड़ा। इसके बाद इकलौते बेटे को मारकर वह आराम से घर में बैठा रहा। जब विलेस की बेटी और मृतक पप्पू की बहन ईंट भट्ठा पर काम कर खाना खाने के लिए घर पहुंची तो भाई को मृत देख कर रोने बिलखने लगी और हत्यारे पिता पर टूट पड़ी।

## बिट्टू खान की हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

### जेल में बंद राज वर्मा के निर्देश पर हुई थी तनवीर की हत्या



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू थाना पुलिस ने तनवीर अहमद उर्फ बिट्टू खान हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों डोरंडा निवासी रोहन कुमार उर्फ रोहन श्रीवास्तव, मो आरीफ, अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह और अंकुश कुमार सिंह उर्फ लकी शामिल हैं। इनके पास से 7.65 एमएम का दो देशी पिस्तौल, तीन गोली, दो बाइक, चार मोबाईल बरामद किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गत छह जून को तनवीर अहमद उर्फ बिट्टू ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## वीरेन्द्र राम की पत्नी-पिता ने ईडी कोर्ट से मांगी अग्रिम बेल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम जमानत याचिका ईडी कोर्ट में दाखिल की है। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मंगलवार को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। ईडी की ओर से टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) में वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी का नाम भी शामिल था। इसके बाद कोर्ट ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सौर ऊर्जा से पश्चिमी सिंहभूम के सुदूर गांव हो रहे रोशन

# आम लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पश्चिमी सिंहभूम के सुदूरवर्ती गांव में निवास करने वाले ग्रामीणों को अब मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है, जिससे वे दशकों तक वंचित थे। सरकार की संवेदनशीलता की वजह से यह संभव हो पा रहा है। अब वहां तक सरकार और सरकार की योजनाएं भी पहुंच रही हैं। नक्सल प्रभाव में रहे चाईबासा की आबो हवा को बदलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिले में दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में संचालित पुलिस पिकेट एवं सीआरपीएफ कैंपों में बिजली सुविधा की अनुपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए 13 पुलिस पिकेट एवं सौर ऊर्जा आधारित ऑफ ग्रिड पावर प्लांट अधिष्ठापन किया गया है। दुर्गम क्षेत्रों में क्रियान्वित कैंप एवं पुलिस पिकेट में बिजली की उपलब्धता बहाल रहने से बिजली चालित उपकरणों का बेहतर क्रियान्वयन तथा वहां मौजूद जवानों को कर्तव्य निष्पादन में सहूलियत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई।

दूसरी ओर, चाईबासा के घोर नक्सल प्रभावित एवं सुदूर गांवों में जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन लगातार किया जा रहा है। अंजदबेड़ा, टोन्टो, तग्रातुम्बाहाका जैसे दर्जनों गांव हैं जहां कैंप का आयोजन विगत दिनों हुआ है, जिसमें सदर अस्पताल, चाईबासा के टीम की द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित ग्रामीणों का इलाज किया गया। वृद्ध एवं बच्चों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई है। पश्चिमी सिंहभूम के दूरदराज क्षेत्रों में वासित जनमानस जिन्हें अपने समस्या/शिकायत के समाधान के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता है, उन सभी को अपनी बातों को जिला प्रशासन के समक्ष रखने के लिए पब्लिक हेल्प सेल संपर्क सूत्र- 06582-256301, व्हाट्सएप नंबर- 9279452376, ईमेल आईडी भी जारी किया गया है। इससे पोर्टल पर दर्ज समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने में जिला प्रशासन को काफी मदद मिलेगी। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पोर्टल के माध्यम से संपर्क करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं क्रियान्वित योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा।

युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक तौर पर दक्ष बनाने के उद्देश्य से कल्याण विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय, झारखंड बालिका विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं स्किल सेंटर के माध्यम से भावी पीढ़ियों को 28 आवासीय शिक्षण संस्थान में ओपन जिम का अधिष्ठापन किया गया है। सरकार की सोच है कि शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को विकसित करने से भावी पीढ़ियों के सर्वांगीण विकास में लाभकारी हो सकता है।

इस संबंध में चाईबासा के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि चाईबासा वासियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ एवं उन्हें मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हमारी प्राथमिकताओं में दुरूह गांवों में निवास करने वाले ग्रामीण हैं।

## जैक ने 11वीं का रिजल्ट किया जारी, कोडरमा अव्वल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने मंगलवार को ऑनलाइन 11वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा कि सभी जिले का परिणाम अच्छा रहा है। हम और बेहतर की उम्मीद के साथ कोशिश कर सकते हैं। बोर्ड की ओर से जारी रिजल्ट के मुताबिक 11वीं का रिजल्ट 98.15 प्रतिशत रिजल्ट रहा। 11वीं में 6780 बच्चे फेल कर गए जबकि 9984 बच्चे अनुपस्थित रहे। 11वीं के रिजल्ट में कोडरमा जिला अव्वल रहा है। इस जिले का पासिंग प्रतिशत 99.74 है। दूसरे स्थान पर हजारीबाग जिला है। यहां का रिजल्ट 99.51 प्रतिशत है। 99 फीसदी से अधिक रिजल्ट वाले जिले में बोकारो, सिमडेगा, लातेहार और गुमला शामिल है। इसमें सबसे निचले पायदान में रांची और पश्चिम सिंहभूम रहा है। रांची का रिजल्ट 96.65 प्रतिशत और पश्चिमी सिंहभूम का रिजल्ट 96.20 प्रतिशत रहा। रांची के जिले का स्थान 23वें नंबर पर है।

**NEWS इन ब्रीफ**

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के लेस्लीगंज बाजार में 11 जून की देर रात छोटु कुमार उर्फ ननकू चन्द्रवंशी (22 वर्ष) पिता संजय चंद्रवंशी हत्याकांड में शामिल एक आरोपी कोर्ट निवासी रोहित सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। मल्लिक सिंह एवं अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। ननकू चन्द्रवंशी के भाई दीपक कुमार ने लेस्लीगंज थाना में दो नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के बाद लेस्लीगंज बाजार के व्यवसायियों में काफी आक्रोश था। कई घंटे तक व्यवसायियोंननकू ने अपनी दुकानें बंद रखी थी। वहीं पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की थी । लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि अभी एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। वहीं आरोपी की दुकान में मजिस्ट्रेट सीआई महिंद्र राम के साथ छापामारी की गई। दुकान से कोरेक्स सिरप 21 पीस, अल्प्रजोलम टैबलेट 0.5 एमजी लगभग 1000 हजार पीस, स्पास्मो कैप्सूल 60 पीस, नाइट्रोजन टैबलेट 0.25 एमजी, फाइटर 3 पीस, गांजा चिल्लम 533 पीस, एक **चाभी** रिंग जिसमें स्क्रू ड्राइवर छोटा चाकू वाला के अलावा नशे के कई टैबलेट और कैप्सूल बरामद किये गये हैं।

## दूल्हा को बचाने के लिए दुल्हन पहुंची थाना

**मेदिनीनगर।**शहर के रामजानकी मंदिर में मंगलवार की दोपहर शादी के मंडप से एक दूल्हे को मारपीट करते हुए उसके परिजन उठा ले गए । दरअसल परिजनों को युवक के शादी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि युवक शादी करने के लिए मंडप में बैठा है कई रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए और युवक को जबरन उठा ले गए। घटना के बाद दुल्हन शहर थाना पहुंच गयी है और महिला थाना में अर्जी देकर दूल्हे को ढूंढ लाने की गुहार लगाई है।

# आवास निर्माण रोकने के लिए दिया आवेदन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** उपप्रमुख ने आवास रोकने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसके अनुसार पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा पंचायत के ग्राम तिलो की राजकुमारी देवी पति बद्रीनारायण साव के नाम से अंबेडकर आवास का लाभ दिया गया है, जो सरासर गलत है। राजकुमारी देवी के बड़े बेटे रंजीत कुमार मनातू प्रखंड में बिएफटी पद पर कार्यरत है। इनकी पत्नी पुष्पा देवी आंगनबाड़ी सेविका पदमा पंचायत में कार्यरत है। दूसरे भाई अनुज प्रसाद बतौर शिक्षक ग्राम तिलों में ही कार्यरत हैं एवं तीसरे भाई सुजीत कुमार बाहर कंपनी में 30 से 40 हजार रुपए प्रतिमाह इनकम पर है। घर की खेती से तीनों भाई 2 सौ से अड़हाई सौ क्विंटल प्रति वर्ष मनातू पैक्स में ही धान बिक्री करते हैं । वैसे सुखी संपन्न व्यक्ति को भीमराव अंबेडकर आवास कैसे दिया जा रहा है इसे जांच करने की कृपा की जाए एवं गलत करने वाले व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाए। उपप्रमुख ने जाँच कर जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य को अस्वीकृत करने की बात कही थी लेकिन आवेदन देने के बाद भी कार्य प्रारंभ है।

# खादी ग्रामोद्योग की मशीन व टूल किट का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** ब्रह्म बाबा स्थान पास मंगलवार को खादी और ग्रामोद्योग के द्वारा पादुका निर्माण हेतु मशीन व टूल किट वितरण किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खादी और ग्रामोद्योग के सदस्य पूर्वी क्षेत्र के मनोज कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजीव कुमार ने बताया कि सतबरवा से दस लोगों को आगरा भेंज कर एक माह की ट्रेनिंग पादुका बनाने के लिए दिलाई गई है। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह ने सभी 10 लोगों को एक लाख रुपया की मशीन व टूल किट दी तथा अन्य 40 लोगों को 35 -35 हजार रुपए का टूल किट दिया । इस मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह सभी सामग्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी के द्वारा चलाए जा रहे योजना के अंतर्गत लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए दी गई है। सिंह ने कहा कि आप सभी लोगों को आत्मनिर्भर बन कर अपना जीविका चलाने के लिए दी जा रही ,मशीन का उपयोग करेंगे।



## मारपीट में एक घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के पीपरडीह गांव में आपसी विवाद को लेकर दो सहोदर भाईयों के बीच हुई मारपीट में बिजय चौधरी नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बराही धाम में पूरी होती हैं भक्तों की मनोकामनाएं

### भंडारे का आयोजन, जुटे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य के पलामू जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर स्थित बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ-साथ इस राज्य के लिए गौरव बन चुका है। इस धाम का एक विशेष महत्व है, यहां पर आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यहां आज भी प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंचकर कर धाम परिसर में स्थित मां देवी, शिव, हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर मां की दरबार में माथा टेकते है। यहां पर पिछले वर्ष भारत वर्ष की पहली 105 फिट दक्षिणमुखी रामदूत श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके दर्शन के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से के अलावा झारखंड राज्य के कई जिलों से लोग पहुंचकर दर्शन करते है। यहां प्रत्येक मंगलवार को शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट व धर्मप्रेमियों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। जहां इस भंडारे में हजारों लोग महाप्रसाद ग्रहण करते है। छत्तीसगढ़ राज्य पहुंचे एक भक्त ने बताया कि इस बराही धाम के बारे में कई लोगों से और अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते आ रहे थे।



# मुखिया के पहल पर लगायी जा रही 40 जलमीनार, कार्य शुरू

### विगत कई वर्षों से पेयजल को लेकर बेहद परेशानी थे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत के मुखिया देवसागर राम एवं उपमुखिया अमित शर्मा की पहल पर पीएचडी विभाग से पंचायत के विभिन्न वार्ड में कुल 40 जलमीनार लगाने का कार्य सोमवार को शुरू किया गया। पंचायत के मुखिया देवसागर राम एवं पंचायत के वार्ड सदस्यों के द्वारा आसेहार के श्री राम नगर गांव में विधिवत रूप से भूमि पूजन के साथ बोरिंग का कार्य शुरू करवाया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के संबोधन में मुखिया ने कहा कि पंचायत के लोगों को विगत कई वर्षों से पेयजल को लेकर बेहद परेशानी हो रही थी व लोगों को भीषण गर्मी में पानी को लेकर काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। जिसके बाद मुखिया ने पीएचडी विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर एवं लिखित ज्ञापन सौंपकर पंचायत में कुल 60 जलमिनार लगाने की मांग की थी। जिसके बाद विभाग ने उनकी अनुशंसा पर पंचायत क्षेत्र मे 40 जलमिनार लगवाने का कार्य शुरू करवाया। सोमवार को बोरिंग का कार्य प्रारंभ होने के बाद पूरे पंचायत के ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। वहीं ग्रामीणों ने पंचायत में पेयजल को लेकर मुखिया के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के प्रति आभार जताया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में समाजसेवी के अलावे बिकेश साव अक्षय कुमार इकराम अंसारी नवीजन अंसारी अशोक शर्मा, रमेश मिस्त्री मनोज वर्मा सुबोध शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### यथाशीघ्र पूर्ण किये जायेंगे अधूरे पीएम आवास

# मनरेगा व आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पीएम आवास व मनरेगा योजना को लेकर बीडीओ रतन कुमार सिंह ने समीक्षात्मक बैठक की।बैठक के दौरान बीडीओ ने पंचायतवार पीएम आवास की समीक्षा की।जिसमे अधूरे पीएम आवास को अभियान चलाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान उपस्थित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुरानी योजनाओं को बंद कर नई योजनाओं को चालू करें और अधिक से अधिक मजदूरों को जोड़ें। मौके पर बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा ने मनरेगा के तहत चल रहे सिचाई कूप निर्माण, बिरसा मुंडा आम बागवानी में गढ्ढा खुदाई,मेड़बंदी समेत अन्य मुख्य योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कम से कम पांच योजना चलनी चाहिए। ताकि क्षेत्र के मजदूरों को पलायन ना करना पड़े।साथ ही उन्होंने मजदूरों की आधार सीडिंग अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। आवास कॉर्डिनेटर विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि अभी भी 412 पीएम आवास लंबित है। उसे यथाशिघ्र पूर्ण किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, सहायक अभियंता अमित कुमार, आवास कॉर्डिनेटर बिपिन बिहारी सिंह, कनीय अभियंता शिवनाथ राम, अभिषेक कुमार, मणिकांत कुमार, नीरज कुमार, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, शमीम समेत कई अन्य पंचायत सचिव व रोजगार सेवक मौजूद थे।




## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**Very Short Tender Notice**

Tender Reference No. DWSD/LTR/WSS/IRR-05/2023-24(1st Call) Date – 13.06.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रांची। |
| 02 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान एवं समय | :– | 17.06.2023 के अपराहन 05:00 बजे तक। विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से परिमाण विपत्र Download किया जाना है। |
| 03 | निविदा डालने/जमा करने की तिथि एंव समय | :– | 21.06.2023 अपराहन 03:00 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | :– | 22.06.2023 अपराहन 12:00 बजे तक |
| 05 | Name & Address of Tender Inviting Authority | :– | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 06 | Contact No of Procurement Office | :– | 9430725642 & 6201242103 |

**Detail of work:**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const of 200mmx165mmx 150M Deep DT with 2.00 HP DC Solar motor pump complete set 2000 ltr capacity HDPE Container circular platform LED based solar street lighting system and pipe line for drinking & Irrigation Purpose Under DW & S Div Latehar For Year (2023-24) | Gr No-01 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 02 | | Gr No-02 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 03 | | Gr No-03 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 04 | | Gr No-04 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 05 | | Gr No-05 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 06 | | Gr No-06 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 07 | | Gr No-07 | 04 | 2303258.00 | 47000.00 | 5000.00 | 02 month |
| 08 | | Gr No-08 | 02 | 1151629.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on Notice Board of Divisional Office
3. Only Registerd Contractor in this Department & Minor Irrigation Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 299884 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/05/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Conference Hall **(Part-1)** on 1st floor of (New Collect orate Extension Building-1) located near erstwhile ITDA Bhawan now called as New Collect orate, **Gumla**, Block- Gumla, District- Gumla | 23,78,500.00 | 47,600.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Construction of Conference Hall **(Part-2)** on 1st floor of (New Collect orate Extension Building-1) located near erstwhile ITDA Bhawan now called as New Collect orate, **Gumla**, Block- Gumla, District- Gumla | 12,06,100.00 | 24,200.00 | 2500.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.06.2023 से दिनांक 28.06.2023 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.07.2023 अपराहन 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषत होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.07.2023 अपराहन 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 299877 Rural Development (23-24)_D


# शिमला में 'मासूम' ने बुलंद किया झारखंड का झंडा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के कला संगठन मासूम आर्ट ग्रुप ने हिमाचल प्रदेश के शिमला में झारखंड का झंडा बुलंद किया है। शिमला में ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा पिछले छह से 10 जून तक आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में मासूम ने कुल पांच पुरस्कार जीत कर झारखंड का नाम रौशन किया। यह प्रतियोगिता शिमला के प्रसिद्ध गेटी थियेटर हॉल में किया गया था। आइआ के अध्यक्ष भाभी जी घर पर है सीरियल के तिवारी जी की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता रोहिताश्व गौड़ व मुख्य आयोजक डॉ रेखा गौड़ है। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की इस प्रतियोगिता में 25 राज्यों की नाट्य दलों ने भाग लिया और मुंबई तथा इंदौर की टीम संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप को प्रतियोगिता के द्वितीय सर्वश्रेष्ठ नाटक का पुरष्कार मिला। मासूम ने इस प्रतियोगिता में सैकत चटर्जी लिखित व निर्देशित नाटक राधा की नौटंकी प्रस्तुत किया था। इस नाटक को प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ द्वितीय नाटक का पुरस्कार के अलावा इस नाटक में राधाकृष्ण तिवारी की भूमिका निभा रहे सैकत चटर्जी को बेस्ट एक्टर का प्रथम पुरस्कार मिला। इसी नाटक में रुक्मिणी की भूमिका निभाने वाली पलामू की वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का द्वितीय पुरस्कार मिला।

## रक्तदान जीवनदान के समान, रक्तदान पुण्य का कार्य : धीरज मिश्रा

**मेदिनीनगर।** विश्व रक्तदाता दिवस पर पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने अपने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया है।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक सह संचालक धीरज मिश्रा द्वारा पिछले दस वर्षों से रक्तदान को लेकर रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने सहयोगियों के माध्यम से पलामू गढ़वा लातेहार रांची बोकारो चतरा रामगढ़ धनबाद समेत झारखंड के अन्य जिलों में रक्तदान कराकर रक्त उपलब्ध कराने का कार्य करते हुए सैकड़ों लोगो की जान बचाने का कार्य किया गया है। धीरज ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है और रक्तदाता वह व्यक्ति है जो अपना खून किसी जरूरतमंद के लिए दान करता है । रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है । रक्तदाता दिवस मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 में की थी । तब से हर साल 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाया जाने लगा । इस मौके पर दुनिया भर के लोगों को जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए। रक्त के बिना शरीर हाड़ मांस का ढांचा है ।शरीर के सुचारू संचालन के लिए खून की आवश्यकता होती है खून की कमी से व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ सकता है। खून की जरूरत होने पर अगर समय से रक्त की पूर्ति न की जाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है ।खून की कमी को पूरा करके जीवन की रक्षा रक्तदान के जरिए की जा सकती है। इस कारण लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है ताकि एक स्वस्थ व्यक्ति रक्त के जरूरतमंद को रक्तदान कर सके और जीवन बचा सके।


## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा

**भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 15.06.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | VSS Enterprises (Hiring for Honda Plant, Bangalore, Kolar) | Welder, Operator, Production Executive, Quality Inspector & Maintenance Officer | 2000 | 10th, 12th, Graduation & ITI All Trade | 18-30 | CTC Rs. 20,161/= Job location Bangalore, Kolar. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। **कोविड 19** को देखते हुए सामाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 299921 Lohardaga(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 03/2023–24**

**प्रथम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.06.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 23.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.06.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of tubewell of 125 mm x 115 mm dia x 60 mtr deep (av) drilled tube well complete with installation of India mark-II hand pump wiyh 32 mm dia medium class G.I. Riser Pipe by DTH Rig Machine with 125 mm Blue UPVC Casing pipe including Platform & drain etc F.Y. 2023-24 under State Fund | SR/LOH-01 | 39 nos. | 32,71,640.00 | 66,000.00 | 5,000.00 | 03 month |

नोट :–1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का **UCAN** निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR.NO.299918 Lohardaga(23-24):D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
### ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi- 834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.- 04/2023-24 (1st Call)**

Tender Ref No:– RCD/PID/RANCHI/04/2023-24 Date:- 12.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Land Acquisition Proposal, Detailed Resettlement and Rehabilitation Proposal and Detailed Forest Diversion Proposal for the construction of Four Lane approach road to Cancer Hospital from Kanke Chowk upto Sukurhuttu Ring Road under Road Division, Ranchi in the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S)WE dated 22.08.2022 are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | **4.570 Km.** |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | * Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. * Bid must be accompanied by Earnest Money Deposits of an amount equal to 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand), Bank draft and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India Pledge in favour of Executive Engineer, Planning& Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 15.06.2023,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 22.06.2023, 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 22.06.2023, 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 23.06.2023, 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi Mob-8083039058 |

**Note :-** Only e-Tender shall be accepted. For more information Please visit the site e-tendering http://jharkhandtenders.gov.in

Sd./- Executive Engineer,
Planning and Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi

PR 299872 Road (23-24)_D

# नागरिक मंच ने किया बड़ा तालाब गहरीकरण कराने का आग्रह

**नवीनमेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नागरिक मंच के सदस्यों ने मंगलवार को पलामू उपायुक्त से मिलकर मोहन सिनेमा के पीछे का बड़ा तालाब गहरीकरण कराने का आग्रह किया है। सदस्यों ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि कई वर्षों से डालटेनगंज में पानी का मुख्य स्त्रोत बड़ा तालाब मोहन सिनेमा के पीछे था। इसे लेकर कई मामले में पानी का जलस्तर ठीक था। किसी को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता था। लेकिन इस वर्ष के भीषण गर्मी के कारण तालाब के आसपास के मोहल्ले का पानी का जल इतना नीचे चला गया है, कि आज मोहल्ले में पानी की किल्लत बढ़ गई है। इसका कारण है ,कि बड़ा तालाब में कीचड़ और मिट्टी भर गया है। तालाब का रख रखव ठीक नहीं हो रहा है। सदस्यों ने पलामू उपायुक्त से आग्रह किया है कि बरसात से पहले शहर का लाइफ लाइन कहां जाने वाला तालाब का गहरीकरण करा कर पानी की, समस्या से निजात दिलाने का कृपा करे। मौके पर नागरिक मंच के प्रकाश प्रसाद, रमाशंकर अनिल दुबे ,सागर चौरसिया, सुषमा देवी, मीरा उपाध्याय संजय भूषण अभिनंदन कुमार, शुभम कुमार, आशीष कुमार मौजूद थे।



## चरकेरिया में दुगोला कार्यक्रम 15 को

**हरिहरगंज।** राजद के प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव के दिवंगत चाची सह रामप्रवेश यादव के माता की श्राद्ध कार्य के अवसर पर 15 जून को अररुआ कला टोला चरकेरिया में दुगोला प्रोग्राम का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि श्राद्ध कार्य के मौके पर बिहार के अरवल जिला के जाने-माने व्यास सुदर्शन यादव और व्यास उत्तरप्रदेश बलिया के कमलेश देहाती के बीच दुगोला प्रोग्राम तय है।

# पटाखे के बारूद से जल कर 10 वर्षीय बच्चा गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कवलपुर निवासी चंद्र किशोर प्रजापति का पुत्र आयुष कुमार 10 वर्ष पटाखे के बारूद से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में घायल आयुष के पिता चंद्र किशोर प्रजापति ने बताया कि रविवार की रात उसके घर के पास बारात आयी हुई थी। बारात में बारातियों के द्वारा बम पटाखा छोड़ा गया था। सोमवार की सुबह आयुष पटाखा चुनकर उसमें से बारूद निकाल कर उसे जला रहा था। बारूद जलाने के दौरान वह बारूद के आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए



मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

**NEWS इन ब्रीफ**

## बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करना लोकतंत्र पर हमला भाकपा



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जिला सचिव अभय कुमार भूइंया, आलोक कुमार तिवारी एवं पवित्र पांडे ने संयुक्त रूप से बयान प्रसारित कर कल पांडू प्रखंड के कजरु खुर्द में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किए जाने की निंदा की है। भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का तोड़ना लोकतंत्र पर हमला है। इससे लोकतंत्र प्रेमी आम आवाम काफी आहत हुए हैं।जिस प्रकार से बाबासाहेब आंबेडकर ने सामाजिक सौहार्द को बरकरार रखते हुए ऊंच नीच जात पात गरीबी अमीरी के भेदभाव से अलग हटकर सर्वहित को देखते हुए संविधान का निर्माण किया और उसी संविधान निमार्ता के प्रतिमा को तोड़ना बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान है। ऐसे अपराधिक तत्वों पर जिला प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर उन को गिरफ्तार कर जेल में डालने का काम करे। ताकि आदे से अपराधी एवं असामाजिक तत्वों का मनोबल ना बढ़े और वे ऐसा दुस्साहस न कर सके, साथ ही खंडित स्मारक के जगह पर नई आदम कद नई प्रतिमा सरकार लगाकर उसका अनावरण करे।

## पलामू पांकी प्रखंड का शिक्षा के मामले में नम्बर वन है यह विद्यालय



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के पांकी प्रखंड में अनेकों सरकारी विद्यालय व प्राईवेट विद्यालय है । जहां सभी विद्यालयों मे विद्यार्थियों को अलग-अलग तरीके पढाई करवाई जाती है। वहीं एक विद्यालय पांकी प्रखंड पकरिया पंचायत स्थिति चौफाल ग्राम में राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय है जहाँ विद्यार्थियों को बहुत ही शानदार तरीके से पढाई करवायी जाती है।पढ़ाई के साथ-साथ खेल कुद प्रतियोगिता से लेकर अनेकों तरह की कला के प्रदर्शन को सिखाया जाता है। इस विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को रुटिन के अनुसार पढ़ाई करवायी जाती है। साथ ही एक सप्ताह में पढ़ाये गये सभी विषयों का टेस्ट भी लिया जाता है। ताकी अन्य सरकारी विद्यालय हो या प्राईवेट विद्यालय हो सभी विद्यालय के बच्चों से तेज तर्रार बने। इस विद्यालय में पढ़ाई किए कोई भी विद्यार्थी अन्य विद्यालय व जिला के किसी भी विद्यालय के बच्चे से सवाल जवाब करने में आगे रहते हैं। आज यही वजह है कि यह ग्राम चौफाल मे स्थित एक सरकारी विद्यालय पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के मामले में सबसे आगे है।

## शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर

# उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की




### जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन, आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

### विद्यालयों में बेंच, डेस्क, पोशाक या अन्य सामग्री स्थानीय एसएचजी ग्राम संगठन से ही लेना सुनिश्चित करें

बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने स्कूल प्रबंधन समिति को स्कूलों में बेंच,डेस्क,पोशाक या अन्य सामग्री की आपुर्ति के लिये बाहर की एजेंसी से कार्य लेने के बजाय जेएसएलपीएस के स्थानीय स्वयं सहायता समूह से काम करवाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य से स्थानीय महिलाओं को रोजगार में सहूलियत होगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में विद्यालयों में किसी भी तरह की सामग्री की आपुर्ति स्थानीय एसएचजी ग्राम संगठन के माध्यम से ही होना चाहिए। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी कस्तूरबा बालिका विद्यालय के स्कूल में बगैर सूचना दिए कोई शिक्षिका अनुपस्थित पायीं गयी तो संबंधित वार्डन को सस्पेंड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी शिक्षक अपने स्थान पर किसी दूसरे निजी व्यक्ति को रखकर शिक्षण का कार्य करवाते हुए पाया जाता है तो ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,अकाउंटेंट,बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

### कस्तूरबा बालिका विद्यालय के दो वार्डन पर कार्रवाई करने के निर्देश

मैट्रिक के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विश्रामपुर व लेस्लीगंज के तत्कालीन वार्डन के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। विश्रामपुर व लेस्लीगंज के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मैट्रिक के रिजल्ट में संतोषजनक परिणाम नहीं आने के कारण उपायुक्त ने यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा के सभी विद्यालयों में बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले,सभी वार्डन यह सुनिश्चित करें।

# अस्पताल से महिला की सोने की चैन व दो हजार रुपए चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां हर दिन चोरों के द्वारा चोरी और पाकिटमारी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। मंगलवार को भी चोरों के द्वारा सदर अस्पताल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताते चलें कि मंगलवार को पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कांकेकला निवासी लवकेश पांडे की पत्नी अर्चना पांडे अपनी ननद रीता चौबे का इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल आई थी। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान चोर उनके पर्स से सोने का चैन और दो हजार रुपए की चोरी कर फरार हो गए। इस घटना के बारे में भुक्तभोगी अर्चना पांडे ने बताया कि वह घर से अपने पर्स में डेढ़ भर का सोने का चैन लेकर मेदिनीनगर आई थी।ताकि चैन को बेच कर वह अपने ननद का इलाज करा सके। इसी बीच सदर अस्पताल में पुर्जी कटवाने के दौरान चोरों ने उसके पर्स से सोने की चैन और दो हजार रुपए की चोरी कर फरार हो गए। इसके बाद इस



घटना की जानकारी भुक्तभोगी के द्वारा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर सदर अस्पताल के सुपरिटेंडेंट ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जांच के उपरांत सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना सामने नहीं आ सकी। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद नहीं होने का मुख्य कारण यह है कि अस्पताल में लगे कुछ सीसीटीवी कैमरे नेटवर्किंग की वजह से प्रॉब्लम कर रहे हैं। जिसके वजह से चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद नहीं हो सकी।

# बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड में स्कॉर्पियो वाहन के धक्का से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अकड़ाही निवासी मंटू कुमार मेदिनीनगर से बाइक पर सवार होकर अपने घर विश्रामपुर जा रहा था। तभी रास्ते में बाईपास रोड डीआईजी ऑफिस के पास एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी टीओपी 2 टाइगर मोबाइल के जवान मुकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी घायल मंटू कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद टाइगर मोबाइल के जवानों ने इस घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दिया है।

## भाजपा की टिफिन बैठक आज

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के नेताओ एंव कार्यकर्ताओ की टिफिन बैठक बुधवार को आहूत की गई हैं। इस बैठक में महाजनसंपर्क अभियान के तहत कल 14 जून को समय 11 बजे होटल रिद्धि सिद्धि मे टिफिन बैठक आयोजित की गई है। इसमें सभी को टिफिन लेकर आने को कहा गया है। कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिनोद कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे।

# हाईवा की चपेट में आकर युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में बन रहे नए ओवर ब्रिज के पास हाईवा की चपेट में आकर नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सरईडीह शाहपुर निवासी मुख्तार अंसारी उम्र 22 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक मुख्तार अंसारी मंगलवार की सुबह बाइक पर सवार होकर किसी काम से छतरपुर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ओवर ब्रिज के पास हाईवा वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही नौडीहा बाजार और छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराने में जुट गई थी। पुलिस के द्वारा 2 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद जाम को मुक्त कराया गया। इसके बाद पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार मे लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार ने उपायुक्त से ईलाज हेतु आर्थिक मदद की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने धर्मेंद्र को रेड क्रॉस के माध्यम से बीस हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह पांकी थाना क्षेत्र के सुरेंद्र उरांव ने उपायुक्त से आर्थिक मदद की गुहार लगाया। सुरेंद्र ने उपायुक्त को बताया कि उनकी मां टीवी की बीमारी से ग्रसित है और एक फेफड़ा भी खराब हो चुका है, जिस पर उपायुक्त ने सुरेंद्र को रेड क्रॉस के माध्यम से ईलाज हेतु दस हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह गठिया



रोग से जूझ रहे डाल्टनगंज के सोनी कुमारी और रेहला थाना क्षेत्र के सोहन राम को उपायुक्त ने ईलाज हेतु दस -दस हजार रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से किया। सोहन राम परिवार समेत गंभीर बीमारी से ग्रसित है। जनता दरबार में तरहसी प्रखंड के संजय कुमार व बिगावन यादव ने उपायुक्त से सहायक शिक्षक का सत्र 2019-20 के बकाया मानदेय भुगतान कराने का गुहार लगाया। इसी तरह मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के ममता देवी ने उपायुक्त से पीएम आवास दिलाने का गुहार लगाई। इसी तरह तरहसी प्रखंड के प्रमोद कुमार रवि, नावा जयपुर थाना क्षेत्र के नजबुलाह और तरहसी प्रखण्ड क्षेत्र के विकास यादव ने अपने मुहल्ले में उपायुक्त से डीप बोरिंग करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के रविशंकर सिंह ने उपायुक्त से संबंधित विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण दिलाने का अनुरोध किया। इसी तरह हरिहरगंज प्रखंड के क्षेत्र के ग्राम अकौनी के ग्रामीण जनता ने उपायुक्त से शिकायत किया कि अभी तक आधे गांव में बिजली नही पंहुची है, जिस पर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आपके इलाके में बिजली की व्यवस्था की जाएगी।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# पुलिस लाइन में हार्ट अटैक से दो जवान की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस लाइन में मंगलवार के सुबह में हार्ट अटैक से दो पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। दोनों पुलिसकर्मी बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस लाइन में मौजूद पुलिस एसोसिएशन एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के लोगों ने बताया कि पुलिस के जवान बिहार राज्य के लखीसराय जिला रामपुर थाना क्षेत्र के 45 वर्षीय प्रकाश किरण एवं बिहार राज्य के आरा जिला निवासी 55 वर्षीय जनार्दन सिंह है। सूचना मिलते ही पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर अनीष मोमित कुजूर मौके पर पहुंच कर वस्तु की स्थिति का जायजा लेते हुए मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गयी है।सूचना पाते ही मृतक के परिजन दोपहर में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पहुंचकर मामले की जानकारी ली। तत्पश्चात पुलिस की उपस्थिति में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दोपहर के बाद पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस लाइन में शोक सभा का आयोजन कर शव को सलामी देते हुए परिजनों के साथ घर के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस लाइन में उपस्थित पुलिस एसोसिएशन एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि जनार्दन सिंह के तबीयत कुछ दिनों से खराब थी वाह पुलिस लाइन के फैमिली क्वार्टर में रहा करते थे।सोमवार की रात अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई साथी जवान और नजदीकी लोग उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया जहां आशंका है कि बीमारी एवं हार्ट अटैक उसकी मौत हो गई।जबकि जवान प्रकाश किरण पलामू पुलिस लाइन के बैरक में रहता था मंगलवार की सुबह बैरक में उठकर साथी जवानों से बातचीत की और पानी पिया पानी पीने के बाद करीब 6:00 तेजी से सांस उपर नीचे होने लगा कुछ देर बाद जवान की मौत हो गई। मौके पर पुलिस एसोसिएशन एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी गण एवं राज्य पुलिस मेंस एसोसिएशन के सहायक मंत्री लालेश्वर राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जैक की 11 वीं का परीक्षा परिणाम जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जैक ने 11 वीं की परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। प्रखंड के एकमात्र प्लस टू रहमानिया उवि के प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि साइंस के 397 और कॉमर्स के सभी 7 परीक्षार्थी पास घोषित किए गए हैं। वहीं ऑट्र्स के 234 में 212 पास जबकि 22 फेल हो गए हैं। साइंस के टॉप थ्री में सुंदरम् कुमार 231 (92), नाजमी मुस्कान , डिंपल कुमारी व अनुप्रिया कुमारी ने 228 (91%) अंक प्राप्त किया है। जबकि ऑट्र्स में अभिजीत प्रताप सिंह 201 (80), खुशनाज खातून 195 (78) और अंशु कुमारी ने 194 (77%) अंक हासिल किया है। वहीं कॉमर्स में मो. फरहान अंसारी 203 (81) , अंजय पासवान 196 (78) और अरबाज खान 192 (76%) अंक पाकर टॉप थ्री में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है।

# विशेष मध्यस्थता शिविर में दूसरे दिन पांच मामले सुलझे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर सिविल कोर्ट में विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी ।उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से चलने वाला मध्यस्थता शिविर में दूसरे दिन मंगलवार को पांच मामले में पक्षकारों में सुलह कराया गया। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के दिशा निर्देश में आयोजित इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में मामले का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुलह के आधार पर अधिक से अधिक मामले का निस्तारण करना है ।ताकि पक्षकारों को शीघ्र व सुलभ तरीके से न्याय मिल सके। विदित हो कि पूर्व में भी इस तरह का स्पेशल ड्राइव चलाकर मामले का निस्तारण




किया जाता रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत से मंगलवार को दूसरे दिन 15 मामले मध्यस्थता केंद में भेजे गए थे।

**गोष्ठी**

## जल जंगल जमीन पर किसान सभा की गोष्ठी

# जल जंगल जमीन बचाने के लिए उलगुलान जरूरी : केडी सिंह

### भ्रष्टाचार की वजह से प्रधानमंत्री आवास से ग्रामीणों को वंचित रखा गया : केडी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड की बैठक बेरमा रामगढ़ मिडिल स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जल जंगल जमीन पर गोष्ठी हुई। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के नेता केडी सिंह ने कहा कि झारखंड में करीब-करीब जंगल उजड़ चुके हैं। जंगल छोड़कर हाथी गांव में आ रहे हैं व अपना चारा किसानों के खेत में खोज रहे हैं। कॉर्पोरेट और पूंजीपति सरकारी सांठगांठ से जंगल और खनिजों को लूट रहे हैं। इसलिए अगर जंगल बचाना है तो जंगल पर ग्राम सभा को अधिकार देना होगा। नेताओं ने कहा



कि आज किसानों को पता नहीं चलता है कि कौन सा खाद बीज किन किसानों के लिए आया और कहां वितरण किया गया। भ्रष्टाचार के चलते प्रधानमंत्री आवास से ग्रामीणों को वंचित रखा गया। ब्लॉक के भ्रष्टाचार से तंग होकर अपना ऑनलाइन सुधार नहीं करा पा रहे। उसी तरह से जमीन की रसीद नहीं कट रहा। इन सारे सवालों को लेकर प्रखंड स्तर पर धरना देना होगा। हमें सरकार से मांग करनी होगी की जंगल ग्राम सभा का स्वामित्व होना चाहिए। इस बैठक को संबोधित करते हुए सुषमा ने कहा कि आदिवासी किसान और दूसरे लोग जल जंगल जमीन बचाने के लिए लगे हुए हैं। राम जन्म भूईया ने कहा की जब तक किसान गोल बंद नहीं होंगे तब तक आदिवासियों की जमीन और दलितों की जमीन की हिफाजत नहीं हो सकेगी। दलितों आदिवासियों के जमीन पर सामंत और बिचौलिए की आंख लगी हुई है ।उस जमीन को लूटते रहेंगे इसलिए हमें सशक्त हो कर उनके विरुद्ध आवाज उठाना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे इस बैठक में रामशरण भुइयां, ईश्वरी भूईया, रमन भूमिया, श्याम नारायण शाह, स्वामीनारायण, बीरबल, नंदन चौधरी, गफ्फार मियां, बासमती कुवार, जुबली कुअर, दीवानी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में फैसला हुआ कि 4 जुलाई को रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। जिसमें सवाल उठाए जाएंगे जंगल पर गांव का अधिकार हो। ब्लॉक का भ्रष्टाचार बंद हो। लोगों को आवास दिया जाए,समय पर किसानों को खाद बीज दिया जाए। किसानों को सस्ते दर पर डीजल किरासन तेल मुहैया कराया जाए।

### नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय व सरकार की ओर से मान्यता मिलने पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त

# शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज ऊंची मुकाम हासिल करेगा : महेश प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय नगर पंचायत वार्ड 15 अधौरा में स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय व सरकार की ओर से कला एवं वाणिज्य के विषयों में मान्यता दे दी गई है। इसके बाद श्री बंशीधर नगर पंचायत अंतर्गत पहला डिग्री महाविद्यालय के रूप में शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज अपना नाम दर्ज कर लिया है। शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि क्षेत्र गरीब अभिभावकों का है, जहां उच्च शिक्षण संस्थान का घोर अभाव है। सेवा भाव से किसी काम को करने में विश्वास रखता हूं। राजनीति के क्षेत्र में भी मैंने जब काम करना शुरू किया तब भी सेवा भाव को अपने कार्यों के मूल में रखा। इसलिए टीडीएम इंटर कॉलेज की स्थापना के बाद मैंने इस क्षेत्र के गरीब छात्र-छात्राओं, जो बाहर जाकर उचित शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं, के लिए उनके दरवाजे और आस-पड़ोस में एक उच्च गुणवत्ता युक्त कॉलेज खोलने का निर्णय लिया। इसके फलस्वरूप आज आप सभी के सहयोग से नगर पंचायत शहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अधौरा में शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई। इसकी मान्यता सरकार एवं विश्वविद्यालय से मिल चुकी है। मैं सरकार एवं विश्वविद्यालय को इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में ऊंची मुकाम हासिल करने में सफलता हासिल करेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व में शहरी क्षेत्र अंतर्गत टीडीएम इंटर कॉलेज की स्थापना की गई थी, जिसमें कला, वाणिज्य एवं विज्ञान की पढ़ाई






सुचारू रूप से हो रही है। गुणवत्तापूर्ण एवं अनुशासित रूप से शिक्षा प्रदान करना संस्था का पहला लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इसी संदर्भ में स्नातक तक की डिग्री के लिए शहरी क्षेत्र में कोई भी कालेज यहां पर नहीं था। क्षेत्र के लोग हमेशा से इस बात की चर्चा करते थे कि शहरी क्षेत्र में एक कालेज का होना अति आवश्यक है, जिससे छात्र- छात्राओं को सुरक्षित वातावरण में पठन-पाठन करने की सुविधा प्रदान हो। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए अनुभवी एवं दक्ष शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। वहीं अधौरा स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय एवं सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त करने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। शिक्षा प्रेमियों ने मान्यता मिलने पर सचिव एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुनेश्वर सिंह, माणिक चंद्र शुक्ल, सिधेश्वर लाल अग्रवाल, वरिष्ठ व्यवसाई गोकुल प्रसाद आढ़त, विजय सिंह (सलसलादि,) राजेश्वर प्रताप देव, कमलेश्वर पांडे, शिवधारी राम, वरिष्ठ व्यवसाई विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र कुमार चौबे, आचार्य श्रीकांत मिश्र, राजू सिंह, मथुरा पासवान, राणा प्रताप सिंह, गदाधर पांडे, श्याम बिहारी शुक्ला, रामानंद पांडे, प्रेम शुक्ला, शंभू शुक्ला, सुनील चौबे, वकील चौबे, शिवनारायण चौबे, संतोष प्रसाद, लोहा दुकान, सुरेंद्र नाथ चतुर्वेदी, उदय प्रताप देव, कुमार कनिष्क, महेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, विजय देव, अनुपम चतुर्वेदी, शैलेंद्र कुमार चौबे, धनंजय कुमार देव, सुरेश्वर प्रताप देव, ब्रजकिशोर देव, इंद्र प्रताप देव, विनय प्रताप देव, गिरजा गणेश देव, प्रभात कुमार देव, विनोद कुमार देव, राम परिखा राम, रामाधार राउत, विंध्याचल शुक्ल, राम जन्मराम, राजेश शर्मा, नागेंद्र पासवान, उपेंद्र तिवारी, धनंजय कुमार, सुरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद अनिल कुमार चंद्रवंशी, विकास पाल, अमन देव, ललित पासवान, विनोद मेहता, आशीष शुक्ला, वरुण कुमार पांडे, उमेश सिंह, पंकज पासवान, अमरेश यादव, रजनीश कुमार, टूटू सिंह, अमित कुमार सिंह, विवेक सिंह, शैलेंद्र देव, राजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार, दिलीप कुमार, राम पवन पासवान, विकास सिंह, रजनीश पाल, प्रवीण कुमार, रजनीश पाल सहित अन्य शामिल हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### विद्युत करंट की चपेट में आ बालिका घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के मुंगदह गांव निवासी विनय राम की पुत्री तीन वर्षीय दिव्या कुमारी विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मुंगदह गांव में तूफान में 11 केवी विद्युत तार पर एक पेड़ गिर गया। इससे तार टूट कर गिर गया था। उस ओर से अपने चाचा के साथ जा रही दिव्या कुमारी विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क आ गई। इससे उसके चेहरा व शरीर के कई हिस्सा झुलस गया। सदर अस्पताल में दिव्या कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### महिला को सांप ने डसा

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया गांव की अनिता देवी पति स्व.राजकुमार राम को मंगलवार की अलसुबह सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि अनिता देवी मंगलवार की अलसुबह में अपने घर के दरवाजे पर जमीन में ही लेट गई थी। इस दौरान सांप ने उसके गर्दन में डस लिया।

### जामुन के पेड़ से गिर कर किशोर घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के हंसकेर गांव निवासी श्यामू राम के पुत्र सूरज कुमार ने मंगलवार को जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि सूरज कुमार अपने गांव में ही जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। इस दौरान डाली टूटने के कारण पेड़ से नीचे गिरकर घायल हो गया। इस घटना में उसके बायां हाथ में गंभीर चोट लगी है।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के मरदा पुनर्वास निवासी मुरारी लोहरा के दमाद गौरज लोहरा पिता ख्याली लोहरा ग्राम आबादी थाना रामचंद्रपुर जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ पे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शनिवार को अपने घर से निकला था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। घर वाले ने उसकी काफी खोजबीन की। पुलिस ने शव को गढ़वा अंतिम परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतक छत्तीसगढ़ में अपना घर छोड़कर अपने ससुराल में ही पिछले चार वर्ष से रह रहा था। उसकी एक पुत्री भी है।

### किरण देवी हत्याकांड का उद्भेदन, आरोपी गिरफ्तार

# प्रेमी निकला महिला का हत्यारा दूसरे से संबंध गुजरा नागवार

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

पुलिस ने किरण देवी हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दरअसल गिरफ्तार प्रेमी अपनी माशूका को दूसरे से प्रेम करने से इस कदर नाराज था कि उसने आंगन में सुई प्रेमिका किरण को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी। हरिहरपुर थाना क्षेत्र का एक सप्ताह पूर्व का है। इस मामले को लेकर मंगलवार को भवनाथपुर थाने में पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुये बताया कि हरिहरपुर ओपी क्षेत्र (थाना भवनाथपुर) के मझिगांवा गांव के आजाद नगर टोला में 4 जून को रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला किरण देवी (40) पति सुनेश्वर राम की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी गई थी।



घटना के बाद पुलिस अधीक्षक गढ़वा के दिशा निर्देश पर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बंशीधर नगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसके द्वारा कांड उद्भेदन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर गहराई से छानबीन की गई। इसके उपरांत यह बात प्रकाश में आई कि मृतका किरण देवी का अपने पड़ोस के रहने वाले शादीशुदा मनोज रजवार (35) पिता स्वर्गीय विपिन रजवार मझिगांवा गांव के सवंडी टोला से पिछले दस वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बाद में महिला किरण देवी अपने प्रेमी मनोज रजवार के साथ-साथ गांव के ही आंकड़हवा टोला के रहने वाले एक शादीशुदा जयराम शर्मा पिता बच्चा शर्मा से प्रेम करने लगी थी। जो मनोज रजवार को बर्दाश्त नहीं हो सका। इस नफरत को लेकर 4/5 जून की रात्रि में किरण देवी घर के बाहर आंगन में सो रही थी। इसी दौरान नशे की हालत में मनोज रजवार ने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर कर उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल पर बरामद खून लगा कुल्हाड़ी और खून का धब्बा लगा हुआ सफेद काला चेकदार फूल शॉर्ट भी जब्त कर लिया गया है, जबकि मनोज रजवार ने इस घटना में अपनी संलिप्ता भी स्वीकार की। इस अनुसंधान एवं छापामारी दल में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, भवनाथपुर थाना के पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, भवनाथपुर प्रभारी रामेस्वर उपाध्याय, हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, एसआई रामभरोसे शर्मा, पतरस भेंगरा रामदेव महतो व पुलिस बल शामिल थे।

# दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित कोल मोड़ पर मंगलवार की शाम दो बाइक की आमने&सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मुकुन्दपुर गांव निवासी सीता राम साह और रोहित बियार शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सीता राम साह पिता गौरी साह और रोहित बियार, पिता संजय बियार भवनाथपुर से मछली लेकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर मुकुन्दपुर जा रहे थे। इसी क्रम में कोल मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को हाथ, पैर और माथा में गंभीर चोट लगी है। घटना कि जानकारी के बाद मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और घायलों को प्राथमिकी इलाज के लिए निजी वाहन से भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।



### कमांडर व बाइक की टक्कर में दो घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव के समीप मंगलवार की दोपहर में कमांडर एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों में कमांडर पर सवार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी सोनिया देवी पति दुखी भुइयां एवं उसी थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी सुरेंद्र राम पिता सरजू राम शामिल हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सुरेंद्र राम की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची के लिए रेफर कर दिया। जबकि सोनिया देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि सुरेंद्र राम अपनी मोटरसाइकिल से गढ़वा से भवनाथपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान लातदाग गांव के समीप कमांडर व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। इस घटना में सुरेंद्र राम गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि कमांडर में किनारे में बैठी सोनिया देवी भी घायल हो गई।

### बाइक से गिरकर एक घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के असनाबांध गांव के समीप मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरकर प्रवेश यादव पिता देवचंद यादव घायल हो गया। वह बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि प्रवेश यादव अपनी मोटरसाइकिल से भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बरवारी गांव से एक बारात से लौट रहा था। इस दौरान असनाबांध गांव के समीप अनियंत्रित होकर उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में प्रवेश यादव घायल हो गया।

## मंत्री एक साथ करेंगे 400 योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में गढ़वा प्रखंड के डुमरो, नारायणपुर गांव में एनएच 75 बाईपास के समीप बुधवार को एक साथ करीब 400 योजनाओं का मेगा शिलान्यास किया जाएगा। इन योजनाओं का शिलान्यास गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। इस मेगा शिलान्यास कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

जानकारी देते हुए मंत्री से ठाकुर ने बताया कि इस मेगा शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कल्याण विभाग, भवन निर्माण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, लघु सिंचाई, भूमि



संरक्षण एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की लगभग 400 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि योजनाएं बहुत सारी हैं। समयाभाव के कारण इनका शिलान्यास नहीं हो पा रहा था। अब एक ही साथ सभी योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे शिलान्यास पर विशेष फोकस नहीं करते हैं। बल्कि जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो यही उनकी प्राथमिकता होती है।

### आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका का चयन

**मेराल।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को तीसरतेतुका भुईयां टोली आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका का चयन बाल विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित कर किया गया। गौरतलब हो कि उक्त केंद्र पर सहायिका का पद रिक्त था जिसके चयन के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा आदेश निर्गत किया गया था। आदेश के आलोक में प्रभारी सीडीपीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित कर शैक्षणिक योग्यता के स्कोर के आधार पर पूजा कुमारी पति मंटू राम का चयन सहायिका के पद पर किया गया। मौके पर सीडीपीओ, पर्यवेक्षिका एकता नाथ, प्रधान सहायक मुरारी मिश्र, पंचायत मुखिया मनीषा देवी, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, प्रधानाध्यापक एएनएम मीना कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## होल्डिंग टैक्स जमा करने पर दी जाएगी विशेष छूट

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर :** नगर पंचायत ने लोगों को होल्डिंग टैक्स जमा करने पर विशेष छूट देने की घोषणा की है। सिटी मैनेजर रवि कुमार ने बताया कि लोगों को होल्डिंग टैक्स ऑनलाइन जमा करने पर 10 प्रतिशत और होल्डिंग टैक्स ऑफलाइन जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट 30 जून तक ही मिलेगी। नगर पंचायत में आयोजित बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने उक्त निर्णय लिया है। सिटी मैनेजर ने लोगों से अपने वार्ड प्रभारियों के पास होल्डिंग टैक्स जमा करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा महिला, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और सेना के जवानों को भी 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट देने का निर्णय लिया गया है। इन कार्यों पर नगर पंचायत से सिटी मैनेजर रवि कुमार द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी प्रकार



की समस्या होने पर लोग नगर प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के 17 वार्डों को 3 हिस्सों में बांटकर तीन प्रभारी बनाए गए हैं। नगर पंचायत ने तीनों प्रभारियों का नाम और नंबर जारी किए गए हैं।वार्ड 1 से 5 और 9 के लिए दिलनवाज खान(मोबाइल-8210998933), वार्ड 6,7,10,14,15,17 के लिए रामेश्वर राम (मोबाइल-8210998930) व वार्ड 8,11,12,13,16 के लिए अमित कुमार सिन्हा (9508928473) को प्रभारी बनाया गया है।

## संक्षिप्त

### 'भारतीय संस्कृति विश्व का सबसे बड़ा दर्शन'

**श्री बंशीधर नगर।** जीयर स्वामी महाराज ने मंगलवार को प्रवचन के दौरान कहा कि भारतीय वैदिक परंपरा 50 हजार करोड़ वर्ष पुरानी है। भारतीय संस्कृति विश्व का सबसे बड़ा दर्शन है। स्वामी ने वेद की व्याख्या करते हुए कहा कि जिन पांच तत्वों से जीव को जाना जाता है वही वेद है। जिन शास्त्रों से हमें ज्ञान प्राप्त होता है वही वेद है। विभिन्न समाज के लोग वेद को तो मानते हैं। पर वेद के आकार को नहीं मानते। मानव जीवन में चार चीजें श्रद्धा, विश्वास, भक्ति व समर्पण होना जरूरी है। जिस व्यक्ति में यह चार गुण आ जाए वह जीवन में अप्राप्त चीज को भी प्राप्त कर सकता है। विश्वास का जो पात्र हो उसी पर विश्वास करना चाहिए वरना धोखा खा जाएंगे।

### डीएवी भवनाथपुर में कला संकाय की शुरुआत

**भवनाथपुर।** डीएवी भवनाथपुर से पढ़कर अब तक डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधक तो बहुत बने हैं, परंतु अब आने वाले समय में यहां से आईएएस, आईपीएस, बीडीओ, सीओ भी बनेंगे। क्योंकि डीएवी भवनाथपुर में यहां के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के साथ-साथ अब कला संकाय की पढ़ाई भी शुरू कर दी गई है। कला संकाय में जयंती पाठक पिता शरदेंदु पाठक का नामांकन लेकर विद्यालय के इतिहास में पहली बार कला संकाय की शुरुआत की गई है। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम होगा।

### बीडीओ ने पीडीएस डीलर के साथ की बैठक

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में पीडीएस डीलरों की बैठक की गई। इस बैठक में बीडीओ मुकेश मछुआ ने डीलरों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी डीलर ससमय राशन कार्डधारियों को राशन वितरण करना सुनिश्चित करें। राशन कार्डधारियों को सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत मिले वस्त्र का शत प्रतिशत वितरण करें। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि वैसे राशन कार्डधारी जिनके पास पांच एकड़ या दस एकड़ सिंचित भूमि है या चार पहिया वाहन हैं, उनका सूची प्रखंड कार्यालय में जमा करें ताकि उनके नाम को काटते हुए वंचित परिवार को राशन कार्ड में नाम जोड़कर उसको लाभ दिया जा सके। मौके केतार मुखिया व डीलर प्रमोद कुमार, प्रभु प्रसाद,साकिर अंसारी, रामप्रसाद राम, रवि राम, गुड़ी देवी, सुरेश राम, चंद्र देव बैठा, धर्मेंद्र सिंह, तेतरी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### इंटक के बैनर तले मजदूरों-विस्थापितों की बैठक

**भवनाथपुर।** इंटक(त्रिपाठी गुट) यूनियन बैनर तले भवनाथपुर खदान के डोलोमाइट खदान के मजदूरों एवं विस्थापितों ने मंगलवार को शिव पहाड़ी मंदिर परिसर में इंटक जिला अध्यक्ष सुशील चौबे की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व इंटक के राष्ट्रीय सचिव कन्हैया चौबे के पिता प्रेमनाथ चौबे का निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। निर्णय लिया गया कि मजदूरों के हक एवं अधिकार को दिलाने के लिए बोकारो स्टील प्लांट के सेल के प्रशासनिक भवन का घेराव 20 जून के बाद तिथि निर्धारित कर किया जाएगा। विस्थापित मजदूरों की समस्या का समाधान होने तक भवनाथपुर सेल के किसी भी सामग्री के ऑक्सन पर सेल रोक लगाए नही तो सेल के किसी भी समान को उठाने नही करने दिया जाएगा।

### प्रक्रिया: केवाईसी न होने से नहीं मिल पा रही सम्मान निधि की राशि

# 306 किसानों में 7 के दस्तावेज सही पाए गए

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड के डंडई पंचायत भवन में मंगलवार को एक दिवसीय केवाईसी शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर नागेंद्र प्रजापति ने बारी-बारी से शिविर में आए किसानों का केवाईसी करने का काम किया। इस दौरान उसके द्वारा 306 किसानों का केवाईसी को लेकर दस्तावेज का सत्यापन किया गया। इनमें समाचार लिखे जाने तक मात्र 7 किसानों का ही दस्तावेज सही पाया गया, जबकि अन्य लोगों को दस्तावेज के साथ केवाईसी को लेकर पुनः कार्यालय आने की बात कही गई। मौके पर केवाईसी कराने आए किसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के माध्यम मिल रही राशि से हम लोगों को काफी सहूलियत हो रही



थी। उन्होंने बताया कि मौसम के अनुसार हर तरह की खेती के लिए हमसभी अपने-अपने खाते से पैसे निकाल कर मनचाहा बीज की खरीदारी कर रहे थे। साथ ही उसे खेतों में बोने का काम कर रहे थे, लेकिन जब से उक्त राशि खाता में आना बंद हुआ है तब से उसका असर हम लोगों की खेती पर पड़ना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि बाजारों में बिक रहे महंगे बीज को खरीदने के लिए जेब में पैसा नहीं है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं है। किसानों ने बताया कि बैंक कर्मियों द्वारा हम लोगों का केवाईसी जितना जल्दी हो जाता उतना ही जल्दी हम लोगों के खाते में राशि भी आनी शुरू हो जाती।

### केवाईसी कराने पहुंचे किसान

**चिनिया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को केवाईसी शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। मौके पर बीटीएम सत्येंद्र कुमार, कल्याण विभाग से दिनेश कुमार सहित दो दर्जन से भी अधिक किसान मौजूद थे। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर त्रिभुवन कुमार ने शिविर में आए किसानों का ऋण माफी को लेकर केवाईसी करने का काम किया। इस दौरान लगभग दो दर्जन किसानों का केवाईसी को लेकर दस्तावेज का सत्यापन किया गया। मौके परकिसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के माध्यम मिल रही राशि से हम लोगों को काफी सहूलियत हो रही थी। मौसम के अनुसार हर तरह की खेती के लिए हम सभी खाते से पैसा निकाल कर मनचाहा बीज की खरीदारी कर रहे थे, जिससे लोगों को लाभ मिल रहा था।

### 'सम्मेलन में भाजपा को मजबूत बनाने पर किया जाएगा मंथन'

**गढ़वा।** भाजयुमो जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर 15 जून को जिला मुख्यालय पर गढ़वा रंका विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल से भाजपा के सभी सातों मोर्चा जिसमें युवा मोर्चा किसान मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा एससी मोर्चा एसटी मोर्चा ओबीसी मोर्चा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पदाधिकारी जिलाध्यक्ष जिला पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य भी संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में शामिल होंगे। भाजपा को सशक्त बनाने के लिए सभी मोर्चा के कार्यकर्ता एक साथ संयुक्त सम्मेलन में शामिल होंगे।

### राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का किया वितरण

# बहादूर बिटिया काजल वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कल्याण विभाग के तहत एक लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, दो लाभुक के बीच शिक्षा विभाग के तहत नियुक्ति पत्र, 123 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक क्रेडिट लिंकेज के तहत 1.2 करोड़ रुपये का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत एक लाभुक को



गृह प्रवेश हेतु चाभी, मनरेगा के तहत दो लाभुकों को जाबकार्ड, भूमि संरक्षण के तहत एक सखी मंडल को 5 लाख का चेक, परिवहन विभाग अंतर्गत गुड समार्टियन पॉलिसी के तहत एक लाभुक को प्रशस्ति पत्र, सहकारिता विभाग द्वारा एक सहकारिता समिति को निबंधन प्रमाण पत्र, समाज कल्याण अंतर्गत 3 लाभुकों को सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना, 2 लाभुकों को कन्यादान योजना तथा 3 लाभुकों को ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। साथ ही हुसिया की 13 वर्षीय बहादूर काजल कुमारी पिता पचन भुईयां को अदम्य साहस दिखाते हुए डूबते हुए बच्चे को बचाने के वीरता पूर्ण कार्य के लिए सम्मानित करते हुए वीरता प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी, मुखिया रामनाथ यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# बालूमाथ में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में तीन अलग-अलग बाइक दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। बालुमाथ-शेरेगड़ा मार्ग पर जर्री पेट्रोल पंप के समीप सोमवार रात्रि बाइक ने ट्रेकटर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव ने अपने निजी वाहन से घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में दिनेशर साव (50) एवं प्रेम साव (35) नगड़ा बालूमाथ शामिल हैं। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं बालूमाथ- बालू मुख्य मार्ग पर ओल्हेपाट के समीप अनियंत्रित



बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे बाइक सवार युवक राकेश लोहरा (25)ओल्हेपाट बालूमाथ निवासी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। वहीं बगरा-बालूमाथ मुख्य मार्ग पर बारियातु थाना क्षेत्र के बरक्षीया चौक के समीप बाइक के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पति-पत्नी घायल हो गए। उन्हें बारियातु थाना के सहायक अवर निरक्षक वालेश्वर गंझू एवं पुलिस कर्मी के मदद से थाना के वाहन से सामुदायिक केंद्र पहुचाया गया। घायलों में भुनेश्वर तुरी (55) एवं विमली देवी (50) शामिल हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ाया मान

**मनिका।** 11वीं आर्ट्स परीक्षा 2023 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मनिका की छात्राओं अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए की 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की इस वर्ष विद्यालय से कुल 64 छात्राएं 11वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमे से 100 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 3 टॉपर छात्रायें ज्ञानती कुमारी 79.6 प्रतिशत ज्योति कुमारी 79.2 प्रतिशत, गुंजा कुमारी 78.4 प्रतिशत इस वर्ष खअउ द्वारा आयोजित वर्ग-8,9 एव 11 के साथ -साथ मैट्रिक एवं इंटर की सभी परीक्षाओं में विद्यालय की 100 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने का कार्य किया है।

### कुष्ठ रोग के लक्षण व बचाव का प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को जिले के गिद्धौर, कन्हाचट्टी, पत्थलगड्डा व सदर प्रखंड प्रखंड के 320 स्वास्थ्य सहिया व बीटीटी को कुष्ठ रोग के लक्षण व बचाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कुष्ठ रोग विभाग के विकास कुमार, संतोष कुमार व रविंद्र दांगी द्वारा क्रमवार संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कुष्ठ रोग की पहचान की जानकारी दी गई। डॉ. बालमूचू, डॉ. अमृता अनुप्रिया ने सहिया और बीटीटी के साथ कुष्ठ रोग के उन्मूलन पर चर्चा की। मौके पर फार्मासिस्ट अनिल कुमार, ड्रेसर बिरेंद्र दांगी, सहिया सुचिता देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

### बीपीओ ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड कार्यलय सभा कक्ष में नव पदस्थापित बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने मनरेगा कर्मियों के साथ मंगलवार को बैठक की। बैठक में बीपीओ ने मनरेगा कर्मियो से परिचय लेने के उपरांत पंचायतवार योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए मनरेगा के तहत संचालीत कार्यो को लेकर संबंधितों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में रोजगार सेवक, बीएफटी, ऑपरेटर समेत अन्य शामिल थे।

### पेयजल को लेकर परेशान लोग पहुंचे प्रखंड कार्यालय, जनता दरबार में दिया आवेदन

# बस्ती में एक भी चापाकल नहीं, पास का जलस्रोत भी पहुंच गया 'पाताल'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड अंतर्गत अंम्वाटोली पंचायत के गुरगुटोली बस्ती में पेयजल संकट गहरा गया है। भीषण गर्मी में इस बस्ती के लगभग 40 घरों के परिवार पीने के पानी को लेकर परेशान हैं। पेयजल समस्या के निदान को लेकर मंगलवार को लगभग एक दर्जन अधिक महिला-पुरुष प्रखंड सह अंचल कार्यालय महुआडांड़ पहुंचे थे, जहां लगे जनता दरबार में इस समस्या के निदान के लिए आवेदन भी दिया गया। प्रखंड कार्यालय पहुंचे विजिदूल खान, नैबून निशा, हिना बीबी, सुनिता नगेसिया, बिदू खलखो, सिलबिया लकड़ा आदि ने बताया कि हमारी बस्ती में एक भी चापाकल नहीं है।




40 घर के लोग पीने का पानी लाने के लिए 500 मीटर दूर पास के बस्ती में जाते हैं, लेकिन उस चापाकल का भी भूमिगत जलस्त्रोत काफी नीचे चला गया है। आधा घंटा चापाकल का हैंडल मारने के बाद मुश्किल से एक बाल्टी पानी निकलता है। चापाकल में इतनी भीड़ इकट्ठा होती है कि पानी भरने को लेकर आपसी विवाद की नौबत आ जाती है। मुंतजिर अहमद ने कहा कि नल जल योजना अंतर्गत पूरे अंमवाटोली पंचायत में नया चापाकल बोरिंग खोदकर सोलर सिस्टम वाला जलमीनार लगाया जा रहा है, लेकिन हमारी बस्ती में एक भी जलमीनार नहीं दिया गया, यह बस्ती के साथ भेदभाव नहीं तो क्या है? जनता दरबार में आवेदन स्वीकार करते हुए प्रखंड के प्रधान सहायक सुरेंद्र बिरिजिया ने कहा कि आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी व उपायुक्त तक पहुंचाया जाएगा। जल्द समस्या का निदान करने कोशिश कि जायेगी।

## प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मरम्मति इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही



कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ संलग्न करने का निर्देश दिया गया बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जल जीवन मिशन के समन्वयक, कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# 3डी भूमि सर्वेक्षण कार्य के खिलाफ ग्रामीणों का मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत देवनदिया, मरमर, सेकलेतरी और केकराही, पारटांड़, केंदुवाटांड़, पुतरी टोला के सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा ग्राम प्रधान चामु पाहन की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पिछ्ले दिनों गांव में हो रहे थ्री डी सर्वेक्षण कार्य से भविष्य में अनहोनी के डर से सैकड़ों ग्रामीण ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि उपरोक्त गांव में सीएमपीडीआई द्वारा थ्री डी सर्वेक्षण कार्य करवाये जा रहा रहे हैं जिसे तत्काल ग्रामीणों के द्वारा बंद करवाया गया था। सर्वेक्षण कार्य के बंद होने से प्रखंड विकास पदादिकारी विजय कुमार और सीएमपीडीआई के प्रबंधक ग्राम सभा में उपस्थित हुए वहां भी ग्रामीणों ने एक स्वर मे उनका विरोध किया और काम नहीं होने देने की बात कही। सभा मे ग्रामीणों ने कहा कि सर्वेक्षण से क्षेत्र की जनसमूह के प्रभावित होने की संभावना है। यहां के लोग सर्वेक्षण के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि सर्वेक्षण से यहां की खेती-बारी रीति-रिवाज, रहन-सहन, खान-पान प्रभावित होने की आशंका है।

# धान बीज केंद्र का उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

ब्लॉक परिसर में मंगलवार को बालूमाथ लैंपस लिमिटेड कार्यालय में अध्यक्ष जीतू ओरांव की अध्यक्षता में धान बीज वितरण कार्यालय का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, बीडीओ राजश्री बखला, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, कांग्रेस पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबैर ने संयुक्त रूप से किया गया। इस केंद्र में धान पर 50 प्रतिशत परसेंट सब्सिडी दी जा रही है, जिससे हजारों-लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। जिप सदस्या प्रियंका कुमारी ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड के सभी किसान इस बीज वितरण केंद्र से सब्सिडी में धान लेकर सरकार की योजना का लाभ ले। मौके पर सचिव अशोक कुमार, बीटीएम परमानंद, कृषक मित्र बीरबल प्रजापति, सुरेश ओराएन, उमेश प्रजापति, सैनुल अंसारी, राजेश ओरांव, सुरेश गंजू, परमेश्वर महतो, रंगलाल यादव, प्रयाग साव समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## इसी माह पूरा करें आवास : बीडीओ

**टंडवा (चतरा)।** गरीबों के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित निमार्णाधीन आवासों को पूर्ण करने हेतु बीडीओ रंथु महतो ने टंडवा प्रखंड के लाभुकों से शीघ्र प्रगति लाकर इसी जून माह में हीं शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। वहीं निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने व निदेर्शों की अवहेलना करने वाले लाभार्थियों को चिन्हित कर विभागीय कार्रवाई करने की भी बात कही है। आगे कहा है कि कार्य प्रगति के अनुरूप राशि भुगतान करने हेतु प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। महतो ने बताया कि वर्ष 2016 से अबतक आवंटित 9153 आवासों में लगभग 94 प्रतिशत आवास पूर्ण करा लिए गए हैं। वहीं इसमें शेष बचे महज 582 आवासों का निर्माण प्रगति में है। लाभार्थियों द्वारा अपूर्ण निर्माण कार्य का असर आवास प्लस के दूसरे फेज का आवंटन में हुआ है।

# केसीसी ऋण का समय पर निष्पादन करें

### प्रखंड बैंकर समिति की तिमाही बैठक में एलडीएम ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड कार्यालय कक्ष में मंगलवार को प्रखंड बैंकर समिति की तिमाही बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एलडीएम शांति टोप्पो एवं बीडीओ राकेश सहाय ने संयुक्त रूप से की। बैठक में एलडीएम शांति टोप्पो ने कहा कि डीएफएस के निर्देश पर चल रहे साप्ताहिक क्रेडिट कैंप में आये आवेदनों का निष्पादन कार्य त्वरित गति से करते हुए आवेदनकर्ता सभी लाभुकों को ऋण प्रदान करने पर जोर दिया।

वहीं किसान से संबंधित योजना के आवेदनों का लिखित निष्पादन करने की बात कही। बैठक में पीएम सम्मान निधि किसानों को केसीसी ऋण का वितरण निष्पादन जल्द करने का निर्देश प्रखंड के सभी बैंक प्रबंधकों को दिया गया। कहा कि



जिन शाखाओं में पीएम इजिएसवाई के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उन्हें लक्ष्य के अनुरूप निष्पादन किया जाय। कहा कि बैंकों के द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों को ही ऋण वितरित करना है। वहीं बैठक में बढ़ते हुए बैंकों के एनपीए को कम करने के लिए सभी बैंक संयुक्त ऋण वसूली कैंप प्रखंड विकास पदाधिकारी व सीओ के सहयोग से किए जाने की बात कही। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए केसीसी लोन को 15 दिन के अंदर में स्वीकृत करने की बात कही। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के 10 से अधिक उम्र के बच्चों का जल्द से जल्द खाता खोलने का भी निर्देश दिया गया। वहीं मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड लातेहार एसबीआई शाखा प्रबंधक विवेक कुमार,बरवाडीह पीएनबी शाखा प्रबंधक बेतला, इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक छिपादोहर, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक बरवाडीह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### भुगतान | विस्थापित भूरैयत माइंस को चलाने के लिए करें सहयोग : जीएम

# भूरैयत को सीसीएल ने दिया घर का मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

रजहरा क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया माइंस से सटे बुद्धन भूईया एवं उसके परिवार जनों को जीएम कमलनाथ मांझी ने बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, माइंस के विस्थापित रैयत एवं सीसीएल के कई अधिकारी की उपस्थिति में अलग-अलग 4 चेक में कुल 32 लाख रुपये दिए गए।

राजहरा क्षेत्र के तेतरिया माइन जीएम कमलनाथ मांझी ने बताया कि बुधन भुइंया के पांच बेटे हैं, जिनमें हर एक को 6 लाख रुपये दिये जा रहे हैं एवं 2 लाख 35 हजार रुपये खपरैल घर का मुआवजा दिया गया है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि जिन भू रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है वे भी जमीन के पूरे कागजात सीसीएल को जमा



कर दें ताकि उनको भी यथाशीघ्र लाभ मिल सके। जीएम ने आग्रह करते हुए बताया कि ग्रामीण भु रैयत विस्थापित इसी तरह से माइंस को चलाने के लिए सहयोग करते रहे ताकि प्रोडक्शन अधिक से अधिक हो और माइंस आगे चलता रहे। बता दें कि वर्ष 1955 -56 में बुधन भुइयां को खेती गृहस्ती कर जीविका चलाने के लिए 5 एकड़ भूदान राज्य सरकार द्वारा दी गई थी जिस पर बुद्धन घर बनाकर अपने परिवार के साथ जीविका चला रहा था। इधर माइंस विस्तारीकरण के लिए बुधन भुइंया को सीसीएल द्वारा घर खाली करने का नोटिस आया। इसके बाद बुद्धन कहां जाता, कैसे रहता, अपने घर परिवार का जीविका कैसे चलाता यह सोच वह बीमार हो गया। उसके लिए एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई थी। इसके बाद बुधन अपने ग्रामीणों के सहयोग से नौकरी और मुआवजा के लिए सीसीएल से गुजारिश की और महीनों बाद बुद्धन को मुआवजा सीसीएल द्वारा दिया गया, जिसे पाकर बुधन खुश है।

इधर मुआवजे की राशि देते ही सीसीएल ने बुधन भुइयां के खपरैल मकान को लोडर द्वारा ध्वस्त कर दिया। इधर बुधन भुइयां के बेटे सीसीएल से नौकरी की आस लगाए बैठे हैं। मौके पर जीएम कमलनाथ मांझी के अलावा बालूमाथ सीओ अफताब आलम, सतनारायण प्रसाद एरिया फिफ्टी अधिकारी, पीओ दीपक कुमार सिंह, बहेरा, विस्थापित मजदूर नेता गिरधारी यादव, दिलमणि यादव, कृष्णा साव के अलावे बुधन भुइयां एवं उनके परिवार जन, ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंध्र प्रदेश गया मजदूर हुआ लापता, परिवार वालों का बुरा हाल

**मनिका।** प्रखंड के जान्हों पंचायत के मंधनिया से टुनु उरांव उर्फ मंदिप मजदूरी का काम करने के लिए 29 मई को आंध्र प्रदेश राज्य के अडोनी जिला कुनुल गया हुआ था।

इसके बाद टुनू उरांव 9 जून को अपने गांव वापस आने के लिए कुनूल जिला से चला था, लेकिन उक्त व्यक्ति के परिवार वालों का कहना है कि अभी तक वह घर वापस नहीं पहुंचा है। उक्त मजदूर को घर वापस नहीं आने से उसके पूरे परिवार वाले परेशान है। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। सभी लोग किसी अनहोनी होने से डर रहे हैं। परिवार वालों ने 99058 75925, 63093 72450, 8969 345307 मोबाइल नंबर पर फोन करके टुनू उरांव की सूचना देने के लिए लोगों से आग्रह किया है। सूचना देने वाले व्यक्ति को 2000 रुपये इनाम देने की बात कही है।

# सीएम के आगमन को लेकर झामुमो व आजसू की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**



प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को 19 जून को सिमरिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन की तैयारी को लेकर झामुमो, राजद व आजसू कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जेएमएम के संतन सोनी व संचालन यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मनोज चंद्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाने के साथ प्रत्येक पंचायत में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। जबकि प्रखंड स्तर पर करीब आधा दर्जन कार्यकताओं को दायित्व सौंपा गया। कहा गया कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आजसू नेता चंद्रा के साथ करीब बीस हजार आजसू कार्यकर्ता झामुमो का दामन थामेंगे। वहीं जेएमम के कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का तहे दिल से स्वागत किया। बताया गया कि गिद्धौर प्रखंड से 5000 महिला व पुरुष मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बहादुर दांगी, संतोष कुमार, कामदेव प्रसाद मेहता, दिनेश यादव, राजू कुमार गुप्ता, शशि गुप्ता, दिगंबर रविदास, राजू लाल वर्मा, ज्ञानी दांगी, सुरेंद्र दांगी आदि शामिल थे।

### भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या विकराल हुई, परेशान लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर

# महज शो-पीस बनकर रह गया है करोड़ों रुपये की लागत से बनाया गया जलमीनार

**शकील अहमद। कैरो**

आग उगल रही इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या विकराल होती जा रही है। कई जलमीनार और हैंडपंप शो-पीस बनकर रह गए हैं। क्षेत्र में लगे जलमीनार और हैंडपंप जवाब दे गए हैं। गर्मी से परेशान लोग पानी के लिए भटकने लगे हैं। प्रखंड मुख्यालय में करोड़ों रुपये की लागत से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जलमीनार बनाया गया है, जिससे कैरो पंचायत व कुडू प्रखंड की कोलसिमरी पंचायत के कुछ गांवों में जलापूर्ति की जाती है जो पिछले पांच दिनों से बंद है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा पानी की व्यवस्था तो हर घर कर दी गई है लेकिन आये दिन जलापूर्ति ठप रहती है और अगल बगल का चापानल खराब रहने के कारण हमलोगों को इस गर्मी में काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है कई हैंडपंपों पर ग्रामीणों द्वारा सबमर्सिबल भी डाल दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने पेयजल की समस्या से तो निजात दिला दी थी लेकिन आज फिर से पेयजल की समस्या विकराल रूप लेती दिख रही है। ग्रामीण प्रतिदिन आशासे देखते थे कि शायद आज पानी आ जाए, शायद आज पानी आ जाए। लेकिन तब लोगों की आशा निराशा में बदल गई जब बताया गया कि इंटकवेल केंद्र में बिजली की मशीन में खराबी आ गई है। अब करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए इस जलमीनार से





जलापूर्ति हो पायेगा या फिर यह शो-पीस बनकर खड़ा रहेगा।

इधर प्रतिनियुक्त कर्मी प्रकाश उरांव ने पानी नही मिलने का मुख्य कारण नियमित रूप बिजली नहीं रहना व कर्मियों का मानदेय नहीं मिलना बताया गया। कैरो पंचायत के मुखिया विरेंद्र महली से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि पंचायत के वार्ड पार्षद सदस्यों को पेयजल के लिए शुल्क वसूली के लिए अधिकृत किया गया था। वार्ड पार्षद सदस्यों ने जनता से पैसा लिया भी लेकिन पैसा लेकर खुद रख लेना बताया था। सोमवार को मुखिया की अगुवाई में नंदनी नदी में बने इंटकवेल केंद्र तथा ग्रामीण पेयजल केंद्र कैरो पहुंचकर भी जायजा लिया गया। तब पेयजल कर्मी प्रकाश उरांव द्वारा बताया गया कि इंटकवेल केंद्र में बिजली की लो हाई वोल्टेज होने के कारण दोनों मशीन में खराबी आ गई है वही प्लांट में लगे पैंनलबोर्ड जो मशीन के लिये बिजली सप्लाई करती है उसमें खराबी आ गई है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। जलमीनार से जलापूर्ति नही होने का कई सारी कारण सामने आ रही है। वहीं स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसायटी लगातार क्षेत्र की ज्वलंत समस्या बाधित पेयजलापूर्ति को नियमित करने की मांग कर रही है। इतनी भीषण गर्मी में जिन लोगों की वजह से पंचायत की जनता एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रही है या जिन लोगों ने इसके लिए जनता से वसूली कर पैसा अपने पास रख लिया है, उनके विरुद्ध सोसायटी ने निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए अपील की है कि पंचायत के मुखिया को सभी अपना हिसाब दे दें। इसी क्रम में सदर महताब आलम की अगुवाई मे मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो से मिलकर उपायुक्त के नाम लिखित मांगपत्र सौपते हुए सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई कराने,पेयजल कर्मियों के छह माह से बकाया मानदेय का भुगतान कराने,कैरो में जल सहिया चयन कराने,नई संचालन समिति का गठन कराने, नियमित बिजली आपूर्ति करवाने की मांग की गई। मौके पर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक अलीरजा अंसारी,समीद अंसारी,मुस्लिम अंसारी,सचिव खुर्शीद अंसारी, खजांची नईम अंसारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, मजूल अंसारी, रिजवान अंसारी आदि उपस्थित थे।

### जनसंवाद कार्यक्रम में समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

# मंत्री डॉ. रामेश्वर उराव ने किया आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उराव ने मंगलवार को पेशरार प्रखंड के झमटवार ग्राम में 42.12 लाख रुपये की लागत से बने आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का निर्माण ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल द्वारा किया गया है जिसका निर्माण कार्य 2022 के अंत में प्रारंभ हुआ था। मौके पर मंत्री ने आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मड़ुवा की खेती को बढ़ावा देने के लिए अब किसानों को मड़ुवा का बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा। झमटवार विद्यालय का जवाखाड़ में मर्ज होने के लोगों की शिकायत पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य के ऐसे 4500 विद्यालयों को, जो बंद हो गए हैं, उन्हें पुनः शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना के संबंध में मंत्री ने आश्वस्त किया कि धोती/लुंगी, साड़ी आवंटन आ गया है, अब लोगों को फिर अपने राशन डीलर से धोती/लुंगी-साड़ी मिल सकेगी। राशन





कार्डधारकों को अब राशन दुकान से दाल भी मिलेगी। जो युवा दोपहिया वाहन का इस्तेमाल करते हैं वे राज्य सरकार की पेट्रोल सब्सिडी स्किम का लाभ अवश्य लें। प्रत्येक माह सरकार 250 रुपये का मुफ़्त पेट्रोल दे रही है। मंत्री ने कहा कि पेशरार में 27 स्थानों पर अखड़ा का निर्माण कराया जाएगा। इसमें केरार, दुग्गु, हुसरू, होन्हे, रुबेद, मक्का, रोरद, जवाखाड़, पुतरार इत्यादि शामिल हैं। साथ ही, 242 परिवारों के लिए 1.67 करोड़ रुपये की लागत से बिजली की समस्या दूर की जाएगी। इधर, ग्रामीण कलेश्वर नगेशिया और आनंदपाल नगेशिया द्वारा राशन कार्ड बनाये जाने की मांग की गई। जवाखाड़ में अमृत तिर्की के घर के सामने चापाकल की मांग की गई। सुरेंद्र नगेशिया द्वारा पेशरार के हुलुंग में विद्युत कनेक्शन और स्कूल में चापाकल की मांग की गई। मंत्री ने कहा कि पेयजल व विद्युत की समस्या दूर की जाएगी। आप पढ़े-लिखे लोगों के संपर्क में रहें। सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें।

**62 लाख रुपये की लागत से बनेगा पड़हा भवन :** मंत्री ने इस मौके पर पेशरार, कानीटोली में सांस्कृतिक कला केंद्र पड़हा भवन (धुमकुड़िया) का भी शिलान्यास किया। यह भवन 62 लाख रुपये की लागत से बनेगा, जिसका निर्माण जिला परिषद द्वारा कराया जाएगा। मंत्री ने पेशरार प्रखंड कार्यालय परिसर में जनसुनवाई की, जिसमें लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। मंत्री ने उक्त समस्यायों के निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, युवा नेता रोहित उरांव, प्रमुख सीता देवी, उप प्रमुख करुणा देवी, किस्को प्रमुख सुचित्रा भगत, 20 सूत्री अध्यक्ष किस्को सामुल अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष पेशरार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## अपहृत नाबालिग को 18 दिन बाद किया बरामद

### दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू थाना क्षेत्र से अगवा एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को कुडू थाना पुलिस ने 18 दिन बाद बरामद कर लिया है। घटना के बाद से ही छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। साथ ही टेक्निकल सेल की मदद से कॉल डिटेल और लोकेशन ट्रेक करने में लगी थी। मामले के तीन नामजद आरोपियों को पुलिस ने सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाडु गांव से गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

आरोपियों के पास से छात्रा का मोबाइल फोन बरामद होने के बावजूद नाबालिग का कोई सुराग आरोपियों ने नहीं दिया था। छात्रा ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाढू निवासी मोईन, शाहबाज और सेराजुल उसका अपहरण कर अज्ञात स्थान पर ले गए थे, जहां मोईन और शाहबाज ने दुष्कर्म किया। वहीं सेराजुल उसे दिल्ली ले जाना चाह रहा था। इसके लिए उसे एक ट्रेन में बैठा कर रांची ले जा रहा था। वहां से दिल्ली ले जाना था, लेकिन बालिका उसके उसके चंगुल से भाग निकली। वहीं ट्रेन में ही एक लड़की मिली जो उसे रोता देखकर अपने साथ रांची के जगरनाथपुर इलाके में अपने घर में 15 दिन शरण दी। छात्रा ने बताया कि घर के किसी व्यक्ति का भी मोबाइल नंबर याद नहीं रहने के कारण और तीनों आरोपियों के भय से वह वही रही। वहां से सोमवार को ट्रेन में वापस घर आने के लिए निकली थी, जहा रामपुर के नजदीक पुलिस ने बरामद किया। ज्ञात हो कि बीती 23 मई को नाबालिग अपने घर से जिमा चौक गयी थी, जहां से वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने लापता होने की सूचना कुडू थाना को दी थी। परिजनों को सुराग मिला कि चितरी डांडू के कुछ युवक नाबालिग का अपहरण कर ले गए हैं। इसके बाद लडकी के पिता ने कुडू थाना में आवेदन देकर लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू निवासी फारूक अंसारी के पुत्र मोइन अंसारी, स्व जाफत अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी, स्व हुसैन अंसारी के पुत्र सेराजुदीन अंसारी को हिरासत में लिया था। गिरफ्तार एक आरोपी के पास से अपहत का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, लेकिन नाबालिग का आरोपियों ने कोई सुराग पुलिस को नहीं दिया।

## बरही में संक्रमित मरीजों की जांच हुई

**लोहरदगा।** इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन प्लेटफॉर्म कार्यक्रम के द्वारा संक्रमित मरीजों की जांच त्वरित निगरानी दल के द्वारा ग्राम बरही में किया गया। स्वास्थ्य केंद्र भुजरिया की एएनएम रेखा कुमारी एवं स्वास्थ्य केंद्र बरही की एएनएम तिलोत्तमा देवी के द्वारा सूचना प्राप्त होने पर जांच हेतु दल के सदस्यों के द्वारा फीवर विटनेसेस की जांच आरंभ की गई। जांच टीम के सदस्य में जिला एपीडे मालाजिस्ट प्रशांत चौहान, डाटा एंट्री ऑपरेटर विमलेश कुमार, डाटा प्रबंधक राकेश भूषण, लैब टेक्नीशियन विष्णु केसरी एवं आलोक मींज आदि सदस्यों के द्वारा वहां के आसपास के लोगों को सावधानियों के बारे में बताया गया।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव के समीप दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। डुमरी थाना क्षेत्र के लोहडा गांव निवासी पंकज उरांव (20) टोंगो जा रहा था वही विपरीत दिशा से आ रहे जारी थाना क्षेत्र के बेतरी गांव निवासी सचित टोप्पो (35) पिता लॉरेंस टोप्पो के बाइक के साथ सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची चैनपुर पुलिस ने एक घायल को अपनी गाड़ी में एवं दूसरे घायल को एंबुलेंस के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



लाकर भर्ती कराया, जहां से गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों के सिर पर गंभीर चोट लगी है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटना चैनपुर क्षेत्र में हो रही है इसमें अधिकांश युवा दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं दुर्घटना का शिकार होने वाले युवा हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं। इस दुर्घटना में दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

## जिला नियोजनालय, परिसर में भर्त्ती कैंप का आयोजन कल

**लोहरदगा।** जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर में 15 जून को भर्त्ती कैंप का आयोजन होगा जिसमें वीएसएस इंटरप्राइजेज, होंडा प्लांट, बंगलोर द्वारा योग्य युवाओं का साक्षात्कार लिया जाएगा। इसमें वेल्डर, ऑपरेटर, प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव, क्वालिटी इंस्पेक्टर और मेंटेनेंस ऑफिसर के 2 हजार रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा जिसमे अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आईटीआई पास 12वीं पास, स्नातक पास है और उम्र 18-30 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवार निबंधन कराते हुए मूल प्रमाण पत्रों व उसकी एक छाया प्रति व बायोडाटा 2 (दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

## जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उराव ने समाहरणालय सभागार में शहरी जलापूर्ति योजना, ग्रामीण जलापूर्ति योजना और विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अनुप कुमार हांसदा, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल दीपक खलखो समेत अन्य



उपस्थित थे।शहरी जलापूर्ति की समीक्षा में मंत्री द्वारा वर्तमान आवश्यकता, वास्तविक जलापूर्ति और अंतर के संबंध में प्रेक्षा की गई। इसमें प्रशासक, नगर परिषद द्वारा बताया गया कि वर्तमान जनसंख्या के अनुसार शहर में 4.7 एमएलडी पेयजलापूर्ति की आवश्यकता है और 3.58 एमएलडी जलापूर्ति की जा रही है। अंतर 1.12 एमएलडी है। शहर के अगले तीस वर्षों की पेयजलापूर्ति के लिए वर्ल्ड बैंक द्वारा एक सर्वेक्षण कर योजना तैयार की गई है जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। यह राज्य संपोषित योजना है। वर्तमान में शहर में 400 हैंडपंप हैं और 15 वाटर टैंक हैं। शहर के खराब चापाकलों को ठीक करने के लिए दो टीमें हैं। पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति में कठिनाई आ रही है।

## बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा।** अवैध बालू खान के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए डांडू पथ से एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया, खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू कोयल नदी से अवैध बालू ट्रैक्टर में लोड कर परिवहन करते हुए सेन्हा थाना पुलिस के द्वारा जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं सहायक खनन पदाधिकारी सूचनार्थ करते जप्त ट्रैक्टर को सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में छपेमारी अभियान शस्त्र बल के सहयोग से चलाया जा रहा था। इसी दौरान डांडू पथ में अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

**कार्यक्रम** भाजपा संयुक्त मोर्चा की बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# 'गरीब कल्याण के लिए पीएम ने किया कार्य'

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा की बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन घाघरा के चपका बगीचा में आयोजित हुई। इसमें संयुक्त मोर्चा के सभी सात मोर्चा के महज तीन दर्जन भाजपाई उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी तब हुई जब सम्मेलन के मुख्य अतिथि एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद समीर उरांव ने अपने सबोधन के क्रम में सभी मोर्चा के लोगों से क्रमवार हाथ उठाने को कही। किसी भी मोर्चा के आधा दर्जन भाजपाई नही दिखे। जबकि अल्पसंख्यक मोर्चा में किसी की उपस्थिति नही थी। हालांकि सम्मेलन में सैकड़ो स्थानीय महिला पुरुष शामिल थे। संयुक्त मोर्चा के बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि रास सांसद समीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा, सुशाशन एवं




गरीब कल्याण के लिए देश के कोने कोने में रहने वालों के लिए जो काम किया है उसका दुनिया सम्मान कर रहा है। कोरोना के विपति काल मे मेडिकल इकविपमेंट के रूप में मुफ्त वैक्सीन, दवा ही नही 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम किया, ताकि कोई भूखा न रहे। इतना ही नही उनके खाते में राशि भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भेजी गई ताकि भोजन की व्यवस्था में प्रयुक्त अन्य सामग्री खरीदी जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश ही नही बल्कि विदेश के लोगों का भी सहयोग किया। सांसद समीर उरांव ने कहा की नौ वर्ष के शासनकाल में 65 वर्ष के शासनकाल से अधिक कार्य किया गया। केंद्र की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। देश के आम लोग के साथ अन्य पार्टी के लोग भी मान रहे है कि पीएम मोदी ने बेहतर किया है।

भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि हमारी माएं बहने पूर्व में सूखे पत्ते तथा कोयला वाले क्षेत्र में कोयला से खाना बनाती थी जिससे कई प्रकार की बीमारियां हो जाती थी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मां बहनों की मान बढ़ाते हुवे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब बीपीएल परिवार को गैस सिलिंडर एवं चूल्हा देने का काम किया गया। पीएम मुद्रा लोन, पीएम जन धन, किसान सम्मान योजना सहित एक सौ से अधिक योजना सरकार द्वारा चलाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य की सौगात भाजपा के बाजपेयी शाशन काल मे ही मिला। जो विभिन्न क्षेत्रों में आगामी 30 जून तक चलेगा। मौके पर अनिल प्रसाद, रामअवतार भगत, केदार साहू, श्यामकिशोर पाठक, राधेश्याम कुशवाहा, दिलीप श्रीवास्तव, गोपाल गोप, योगेंद्र भगत, अजित उरांव, सुरजमनी उरांव, लक्ष्मी बड़ाइक, छोटेलाल उरांव, चुइयां उरांव, आशीष सोनी, सुदर्शन गोप सहित महिला पुरुष शामिल थे।

## रैयत जमीन पर गैर कानूनी ढंग से पुलिया निर्माण की शिकायत

**कैरो।** कैरो प्रखंड मुख्यालय के स्थायी निवासी बजरंग उरांव, पिता स्वर्गीय गोपाल उरांव ने अंचल विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर बताया है कि कैरो ग्राम पंचायत मुखिया वीरेंद्र महली व पंचायत सचिव गुहा उरांव की मिलीभगत से सुमित उरांव, पिता हरि उरांव, ग्राम कैरो बिराचपुर थाना कैरो द्वारा मेरा निजी रैयती जमीन खाता संख्या 107 व प्लॉट संख्या 1278 में अवैध रूप से मुखिया वीरेंद्र महली व पंचायत सचिव गुहा उरांव द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है तथा गैर कानूनी रूप से पुलिया निर्माण कराया जा रहा है। उक्त विषय पर बजरंग उरांव के द्वारा अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाते हुए रैयती जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने व दोषियों पर कार्रवाई करने की भी अपील की है। मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा किसी के भी जमीन पर पुल-पुलिया, नाली इत्यादि पर सरकारी पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## लातेहार संक्षिप्त

### विकास योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश

**बरवाडीह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की होने वाली जिलावार समीक्षा बैठक को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड कार्यालय में प्रखंड में संचालित मनरेगा योजना और अन्य विकास कार्य योजनाओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मियों के साथ एक बैठक की। बैठक के दौरान प्रखंड में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द से जल्द पूरा कराने के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र में निर्माणधीन खेल मैदान पूरा कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक में लंबित आवास निर्माण कार्य योजना को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश पीएम आवास प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार को दिया गया। बैठक में प्रखंड मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष शर्मा, कनीय अभियंता संजय कुमार, ऑपरेटर रविकांत रवि, रोजगार सेवक बद्री प्रसाद, सतनारायण रजक, सुमन कुमारी, मो. आलम, कौशल कुमार, विजय कुमार पप्पू समेत काफी संख्या में प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

### उद्यमिता विकास पर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में जन शिक्षण संस्थान के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उद्यमिता विकास के श्रम नियोजन, बाजार सर्वे, बाजार प्रबंधन डिजिटल मार्केटिंग समेत अन्य विषयों पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक बेरोजगार महिला पुरुष युवक युवतियां को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उधमिता विकास योजनाओं को क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### फोर्ब्स की ग्लोबल 2000 सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप पर

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड देश की सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित द ग्लोबल 2000 के 2023 संस्करण में उसे यह गौरव हासिल हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज को सूची में 45वें स्थान पर रखा गया है और वह जर्मनी के बीएमडब्ल्यू ग्रुप, स्विट्जरलैंड के नेस्ले, चीन के अलीबाबा ग्रुप, यूएस के प्रॉक्टर एंड गैंबल और जापान के सोनी जैसे जाने-माने नामों से आगे है। पिछले साल वह इस सूची में 53वें स्थान पर रही थी। भारतीय कंपनियों में रिलायंस के बाद 77वें स्थान पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, 128वें स्थान पर एचडीएफसी बैंक और 163वें स्थान पर आईसीआईसीआई का नाम है। ग्लोबल 2000 सूची चार मानकों - बिक्री, लाभ, संपत्ति और बाजार मूल्य - के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों को रैंक करता है।

### स्टालिन ने न्यू इंडिया एश्योरेंस के हिंदी सर्कुलर का विरोध किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस का सर्कुलर हिंदी में जारी किए जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह तमिलनाडु जैसे गैर-हिंदी भाषी राज्य के लोगों पर हिंदी थोपने की दिशा में एक कदम है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परिपत्र (सर्कुलर) 'अन्यायपूर्ण' था और इसे तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि बीमा फर्म की अध्यक्ष नीरजा कपूर 'न्यू इंडिया एश्योरेंस के गैर-हिंदी भाषी कर्मचारियों के प्रति दिखाए गए।

## सेंसेक्स 418 अंक बढ़कर 63,143 पर बंद

# 63 हजार के पार हुआ शेयर बाजार

**एजेंसी। मुम्बई**

मंगलवार को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 418 अंक बढ़कर 63,143 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 114 अंकों की तेजी रही, ये 18,716 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। एफआरएफ का शेयर आज 1 लाख का लेवल पार करके 1 लाख 200 रुपए तक पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद में इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली और ये 931.45 (0.94%) बढ़कर 99,900 रुपए पर बंद हुआ। एफआरएफ का शेयर भारतीय बाजार में 1 लाख का लेवल छूने वाला पहला शेयर बन गया है।




डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे मजबूत होकर 82.41 पर खुला है। कल यानी 12 जून को रुपया 82.43 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कच्चे तेल की कीमतों में आज भी गिरावट जारी है और ये फिसलकर 72 71.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। देश में फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23% रही थी। खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में यह कमी आई है। इससे पहले अप्रैल 2023 में रिटेल महंगाई दर 4.70% रही थी। इससे पहले हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (12 जून) को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 99 अंक बढ़कर 62,724 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 38 अंकों की तेजी रही, ये 18,601 के लेवल पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट देखने को मिली थी।

# बैंकों ने लेनदारों के दस्तावेज खो दिये तो देना होगा जुर्माना

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। बैंक से जब कोई व्यक्ति लोन लेने जाता है तो बैंक लोन लेने वाले से कई तरह के दस्तावेज मांगते हैं। इन दस्तावेजों को बैंकों को लोन की अवधि पूरी होने तक संभाल कर रखना होता है। लेकिन कई बार हालत यह होती है कि बैंकों से लोन लेने वालों के दस्तावेज गायब हो जाते हैं। इसके बाद लोन लेने वाले लोग सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाते -लगाते अधमरे हो जाते हैं। इन परेशानियों पर एक कमेटी की रिपोर्ट के बाद आरबीआई ने निर्णय लिया है कि यदि बैंक से किसी भी व्यक्ति के लोन से जुड़े दस्तावेज खो जाते हैं ,तो बैंक को उस व्यक्ति को जुमार्ना देना पड़ सकता है। इससे उन सभी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्होंने बैंक से लोन ले रखा है। मालूम हो कि आवास ऋण, कार लोन व गोल्ड लोन आदि लेने पर ग्राहकों को दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। लोन पूरा होने के बाद एनओसी के साथ इन दस्तावेजों को बैंकों को लौटाना पड़ता है। इसमें तमाम परेशानियों व शिकायतों पर 2023 के अप्रैल में आर.बी.आई के पूर्व डिप्टी गवर्नर बीपी कानूनगो वाली एक समिति ने भारतीय रिजर्व बैंक को एक रिपोर्ट सौंपी थी। जिसमें कहा गया था कि यदि किसी भी बैंक से लोन लेने वाले व्यक्ति के दस्तावेज खो जाते हैं तो उस व्यक्ति को बैंक को जुमार्ना देना पड़ सकता है। इन सिफारिशों के लेकर केंद्रीय बैंक द्वारा सभी पक्षों से सुझाव मांगे गए हैं। रिपोर्ट में बैंकों की ओर से ग्राहकों को जरूरी दस्तावेज वापस करने के नियमों को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि लोन पूरा होने के बाद ग्राहकों को दस्तावेज लौटाने की बैंकों को एक तारीख तय करनी होगी। इस तारीख तक बैंकों को ग्राहकों के दस्तावेजों को लौटाना होगा। यदि कोई बैंक तय तारीख तक दस्तावेजों को नहीं लौटाता है ,तो उसे ग्राहक को जुमार्ना देना होगा।

# मई में वाहनों की थोक बिक्री 13.54 फीसदी बढ़कर 3,34,247 इकाई रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अर्थव्यवस्था के मोर्चेपर अच्छी खबर आई है। देश में कार से लेकर दोपहिया वाहनों की बिक्री में उछाल आया है। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 13.54 फीसदी बढ़कर 3,34,247 इकाई रही। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने यह जानकारी दी। सियाम ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई महीने में 3,34,247 इकाई रही।



पिछले साल मई, 2022 में निमार्ताओं ने डीलरों को यात्री वाहनों की 2,94,392 इकाई भेजीं थी। इस तरह सालाना आधार पर इसमें 13.54 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस दौरान दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 14,71,550 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,53,187 इकाई थी। इस तरह इसमें 17.42 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। उद्योग संगठन के मुताबिक मई में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 48,732 इकाई रही, जबकि मई, 2022 में यह आंकड़ा 28,595 इकाई रहा था। सियाम ने कहा कि सभी श्रेणियों में कुल वाहन प्रेषण मई, 2023 में 18,08,686 इकाई रहा है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 15,32,861 इकाई था।

# ग्लोबल मार्केट से तेजी के संकेत एशियाई बाजारों में भी बढ़त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज अभी तक पॉजिटिव संकेत हैं। महंगाई के आंकड़े आने के पहले वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। यूरोपीय बाजार भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। आज एशिया के ज्यादातर बाजारों में मजबूती के साथ कारोबार होता नजर आ रहा है। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार में तेजी का रुख बना रहा। डाओ जोंस 189.55 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 34,066.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,338.93 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा 202.78 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर 13,461.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आज से 2 दिन की बैठक शुरू होने वाली है। अनुमान लगाया जा रहा है कि




अमेरिकी सेंट्रल बैंक इस बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने के सिलसिले पर ब्रेक लगा सकता है। इसीलिए अमेरिकी बाजार को उम्मीद है कि ब्याज दर 5 से लेकर 5.25 प्रतिशत तक बने रहेंगे। इस उम्मीद की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार**

**निविदा रद्द करने की सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल का अति– अल्प कालीन निविदा सूचना सं0–DWSD/LTR/WSS/IRR-03/2023-24 दि0–31-05-2023 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR No-298764 Drinking Water and Sanitation(23-24)D से प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार।

PR.NO.299886 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


## विदेश

### भूकंप के झटकों से दहला पाकिस्तान, रिएक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई तीव्रता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद सहित देश के कुछ हिस्सों में मंगलवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। पाकिस्तान मौसम विज्ञान (पीएमडी) के मुताबिक, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार अपराह्न 1:04 बजे महसूस किए गए, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। पीएमडी ने कहा कि भूकंप का केंद्र पूर्वी कश्मीर था। लाहौर, इस्लामाबाद और पेशावर में भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों को अपने कार्यालयों और घरों से निकले पर मजबूर होना पड़ा। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। पंजाब में भूकंप के झटके शकर गढ़, चिचावतनी, सियालकोट, मंडी बहाउद्दीन, रावलपिंडी, झेलम, हाफिजाबाद और जफरवाल में महसूस किए गए। भूकंप खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद, स्वाबी और स्वात इलाकों में भी आया। इस बीच, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में, बाग, धीरकोट और मुजफ्फराबाद इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# रूसी पक्ष ने यूक्रेनी सीमा पर लड़ाई जारी रखने की बात कही

**एजेंसी। मास्को/कीव**

रूस द्वारा नियुक्त अधिकारी और रूसी समर्थक ब्लॉगरों ने यूक्रेन के दोनेत्स्क और जपोरिजिया इलाकों में घमासान लड़ाई की रिपोर्ट दी है। इन इलाकों में प्रतिघात की शुरूआत के बाद पिछले दिनों यूक्रेनी सेना ने अच्छी बढ़त हासिल की है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मोकरी यली नदी के दोनों किनारों पर वेलीका नोवोसिल्का शहर के दक्षिण में लड़ाई चल रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में सोमवार की रात रूसी-स्थापित जपोरिजिया प्रशासन के एक सदस्य, व्लादिमीर रोगोव ने वर्मीवका रिज के रूप में जाने वाले क्षेत्र में भारी लड़ाई की बात स्वीकार की, हालांकि उन्होंने यह भी दावा किया कि उच्च



भूमि रूसी नियंत्रण में रही। उन्होंने कहा कि रूसी हमलावर हेलीकॉप्टर सक्रिय थे, और उरोजाइन गांव के आसपास के क्षेत्र में पारस्परिक गोलाबारी और घमासान लड़ाई जारी है। रोगोव ने यह भी स्वीकार किया कि यूक्रेनी सेना गांव के उत्तरी और पूर्वी बाहरी इलाके में अपनी स्थिति बनाए हुए थी। सीएनएन के अनुसार, उन्होंने आगे दावा किया कि मकरिवका के पास के गांव में, 127वें डिवीजन के त्वरित और प्रभावी पलटवार से दुश्मन को पहले ही खदेड़ दिया गया है। इस बीच, रूसी सैन्य ब्लॉगर्स ने भी एक टेलीग्राम चैनल ('ऑवर डोनेत्स्क') पर क्षेत्र में गहन लड़ाई की सूचना दी, जिसमें कहा गया था कि दुश्मन जंगली क्षेत्रों के माध्यम से आगे बढ़ने में कामयाब रहा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार देर रात दोनेत्स्क और जपोरिजिया सीमा क्षेत्र में लड़ाई पर टिप्पणी करते हुए कहा, दुश्मन के नुकसान बिल्कुल वैसे ही हैं जो हमें चाहिए। महीनों की अटकलों के बाद 10 जून को जेलेंस्की द्वारा बहुप्रतीक्षित यूक्रेनी जवाबी हमले की शुरूआत की घोषणा की गई। अगले दिन, सरकार ने घोषणा की कि यूक्रेनी सेना ने ब्लाहोदत्ने, नेस्कुचने और मकारिवका - डोनेत्स्क में तीन सीमावर्ती गांवों का नियंत्रण वापस ले लिया है।

### वुहान में आयोजित होगी यातायात महासभा

**बीजिंग।** वर्ष 2023 विश्व यातायात महासभा 14 जून को मध्य चीन के वुहान शहर में उद्घाटित होगी, जो चार दिन तक चलेगी।


**कार्यालयः- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू**
**जेलहाता, रोड,मेदिनीनगर,पलामू /ईमेल आई0डीः–pmupalamu@gmail.com**

पत्रांक :– दिनांक :–

**विज्ञापन संख्या– 01/2023**

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 171 (03) ब0यो0 दिनांक 25.02.2023 के निर्देश के आलोक में पलामू जिला के 09 "चलत ग्राम क्लीनिक" में outsourcing व्यवस्था के तहत कार्य लेने हेतु निम्न पदों पर एक वर्ष की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित की जाती है।

| क0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | आयुष चिकित्सक | 09 | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of computer. |
| 02 | चिकित्सा सहायक | 09 | B.Sc Nursing/ GNM or B.Sc Community Health or Bachelor/ Diploma in pharmacy from recognize University/Institution. |

01. चयनित कर्मियों का एक (01) वर्ष के लिए कार्य लिया जायेगा। कार्य संतोष जनक पाये जाने पर या परियोजना के विस्तार होने पर अवधि विस्तार की जायेगी।
02. आवेदन हेतू आवेदनकर्त्ता का अधिकतम उम्र सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष, अनुसुचित जाति एवं जनजाति हेतु 40 वर्ष होगी।
03. इच्छुक अभ्यार्थी अपने सभी प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्च स्तर तक, जाति, आवसीय) प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 15.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से आहूत अन्तरवीक्षा/स्कील टेस्ट में उप विकास आयुक्त के सभागार, पलामू में आना सुनिश्चित करेंगे।
04. आवेदक को यह नियुक्ति outsourcing व्यवस्था के तहत की जा रही है भविष्य में नियमित/अनुबंध पर नियुक्ति करने का दावा मान्य नहीं होगा।
05. विज्ञापन किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
06. विज्ञापन की शर्त www.palamu.nic.in में भी देखी जा सकती है।
07. नियुक्ति प्रकिया में स्थानीय उमीद्वार को प्राथमिकता दी जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। | उप विकास आयुक्त पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 299959 Palamu(23-24).D


## कारोबार

## सऊदी-चीन संबंधों में नए युग की शुरूआत

# व्यापार सम्मेलन में अरबों डॉलर का हुआ समझौता

**एजेंसी। दुबई**

चीन और सऊदी अरब के आर्थिक संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को रियाद में अरब-चीन सम्मेलन की शुरूआत हुई जो सोमवार तक चला। यह सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है जब मध्य-पूर्व के देशों और चीन के बीच आर्थिक और राजनयिक संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बार सऊदी अरब चीन-अरब व्यापार सम्मेलन की पहली बार मेजबानी कर रहा है। रविवार से शुरू हुए सम्मेलन का यह 10वां संस्करण है और चीन इस सम्मेलन के जरिए अरब देशों में अपने निवेश को बढ़ा रहा है। चीन ने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के जरिए मध्य-पूर्व के देशों में अरबों डॉलर का निवेश किया है और यह आगे भी जारी है। चीन-अरब व्यापार सम्मेलन के पहले दिन रविवार को रियाद में सऊदी अरब और चीन के बीच अरबों डॉलर का निवेश समझौता हुआ। सऊदी की तरफ से निवेश



समझौते को लेकर जारी एक बयान में कहा गया कि यह बैठक अरब दुनिया और चीन के लिए साझा लाभकारी भविष्य के निर्माण का एक बेहतरीन अवसर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी निवेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दो दिन चलने वाले इस सम्मेलन में अरब देशों और चीन के 3,500 सरकारी अधिकारी और बिजनेसमैन हिस्सा ले रहे हैं। सऊदी की तरफ से जारी बयान में कहा गया, 'सम्मेलन के पहले दिन 10 अरब डॉलर के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किया गया गया इनमें से अधिकांश निवेश सऊदी अरब के प्रोजेक्ट्स के लिए हैं।'सम्मेलन में सऊदी निवेश मंत्रालय और इलेक्ट्रिक सेल्फ ड्राइविंग कारों की निर्माता चीनी कंपनी के बीच 5.6 अरब डॉलर के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। सम्मेलन की शुरूआत करते हुए सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने चीन और अरब देशों के बीच बढ़ते व्यापार और आर्थिक संबंधों की बात की। उन्होंने कहा, 'यह अरब देशों और चीन के लिए एक नए लाभकारी युग बनाने का एक अवसर है।' बैठक में सऊदी के अरड ग्रुप और चीन के चाइना नेशनल जियोलॉजिकल एंड माइनिंग कॉर्प के बीच सऊदी अरब में तांबा खनन को लेकर 50 करोड़ डॉलर का समझौता हुआ है।

### क्वोड में अमेरिका के साथ भारत का 'बेहतरीन सहयोग' हैः व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जून से शुरू हो रही यात्रा से पहले व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ अमेरिका की 'महत्वपूर्ण' रक्षा साझेदारी और क्वाड के अंदर 'बेहतरीन सहयोग' है। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के राणनीतिक संचार सम्वयक जॉन किर्बी ने कहा, अमेरिका की भारत के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा साझेदारी है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड के अंदर शानदार सहयोग है। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे विश्वास नहीं है कि राजकीय यात्रा के लिए पूरा एजेंडा तैयार लिया गया है, लेकिन हम प्रधानमंत्री मोदी के यहां आने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी की 21-24 जून तक अमेरिका यात्रा के दौरान जीई-414 इंजन के भारत में निर्माण पर मुहर लगनी तय मानी जा रही है। प्रमुख रक्षा सौदों की भी उम्मीद है जिनमें 30 एमक्यू-9 बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के लिए दोनों देशों के बीच 22,000 करोड़ रुपये का अनुमानित समझौता शामिल है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**
**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SR/DT/Med-03/2023-24 (1st Call)** दिनांक 13.06.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.06.2023 को 4.30 बजे अपराह्न तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.06.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि, स्थान एवं समयः– 23.06.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
   (1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर।
   (2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल,मेदिनीनगर।
6. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 24.06.2023 को 4.00 बजे अपराह्न।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
9. प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क न0. :– **9835068475**
10. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– **0651-2490920**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of 125x1 15 mm dia and 60 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM -II Hand Pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain o n turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Medininagar for the year 2023-24. | SR/MED-01 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-02 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-03 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-04 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-05 | 23 | 1929429.00 | 39000.00 | 5000.00 | 45 Days |

नोटः– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–26 (स्वी0) रांची, दिनांक 09.06.2023
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 299972 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

# गर्मी व फिर पानी..

**झारखंड** में तपती गर्मी का दौर जारी है। आकाश में बादलों के कसरत से मानसून आने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। लेकिन अभी भी सूरज की तपिश अपने चरम पर है। इसका सीधा असर अधिकतम तापमान में देखने को मिल रहा है। तीखी सूर्य की किरणें झुलसा रही हैं। सुबह आठ बजे से लेकर शाम चार बजे तक सड़कें सुनसान रह रही हैं। पांच बजे के बाद बाजार या सड़कों पर लोगों की चहलकदमी नजर आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम के मिजाज में परिवर्तन की अभी इस सप्ताह कम ही उम्मीद है। आगे भी बढ़ते तापमान का सामना करना पड़ सकता है। इन दिनों तक आसमान में बादलों का बसेरा आते-जाते रहेगाा। इन दिनों हवा शुष्क और गर्म हवा चलने की संभावना जताई जा रही है। आने वाले दिनों में बारिश और गर्म हवा के रुख में परिवर्तन होने की संभावना है। बहरहाल आने वाले दिनों में बारिश से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। प्रकृति के अनुसार मौसमों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन जो महत्वपूर्ण बात यह है कि मौसम में इस तरह के बदलाव जो हाल के वर्षों में देखने को मिल रहे हैं,वह पहले नहीं थे। इसका साफ मतलब है कि प्रकृति के साथ लगातार मानव द्वारा छेड़छाड़ जारी है। मसलन जंगलों की कटाई बदस्तूर जारी है। तालाब और पोखरों का नामोनिशान नहीं है। लगातार डीप बोरिंग जारी है। जिस कारण पानी पाताल लोक में समा रहा है। आने वाला दिन और भयावह होने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। पानी की किल्लत को लेकर पूरे राज्य में राजनीति जारी है। लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में कोई कदम उठते नहीं दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि पानी को लेकर सिर्फ राजनीति जारी है। अभी बरसात आने वाला है। ऐसी स्थिति में इस पानी को कैसे रोका जाये, इसकी चिन्ता किसी को नहीं है। नदियों और जलाशयों के पानी को रोक कर इस आपदा से बचा जा सकता है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बड़े-बड़े नाले और नदियों के पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय की दिशा में काम हो। ऐसा नहीं होने पर टैंकरों के भरोसे प्यासे कंठ की प्यास नहीं बुझाई जा सकती है। इस बात को समझना जरूरी है। साथ ही पानी को लेकर लोगों को जागरूक करने की दिशा में लगातार काम होने चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति के साथ तालमेल बैठाने की जरूरत है। बहरहाल राज्य के कई हिस्सों से पानी को लेकर राजनीति जारी है। हर मौसम में बजने वाला यह गाना अब बंद होना चाहिए। साथ ही इसके स्थायी निराकरण की दिशा में कार्य होने चाहिए। बहरहाल यह देखा गया है कि सरकार के द्वारा इस मसले को लेकर अभी तक कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किये गये हैं। इस समस्या को लेकर झारखण्ड में जिसकी भी सरकार रही वह सिर्फ वोट की खातिर राजनीति ही करती रही है। ऐसे में इस ज्वलंत समस्या की बाबत सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर निदान की दिशा में कारगर कदम उठाये। यह देखा गया है कि विकास के मुद्दे पर सिर्फ कागजी कार्रवाई ही हुई है। अब समय आ गया है कि इसे जमीन पर उतारा जाये। इसके लिए आने वाले मानसून में इसे अमलीजामा पहनाने की कवायद की जाये।

**प्रकृति के अनुसार मौसमों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन जो महत्वपूर्ण बात यह है कि मौसम में इस तरह के बदलाव जो हाल के वर्षों में देखने को मिल रहे हैं,वह पहले नहीं थे।**

# जी-20 ने हमें प्रदान किया है दुर्लभ अवसर





डॉ. मनसुख मांडविया

**भारत** सरकार आज इंटरनेट के बिना हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें, जहां कंप्यूटर नेटवर्क एक-दूसरे से जुड़े न हों। इस तरह की संपर्क रहित दुनिया में, एक देश के लोग ऐसी क्षमता के पुनः आविष्कार पर कार्य करना जारी रख सकते हैं जिसे विश्व के दूसरे भाग में वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। लेकिन एक मानकीकृत इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) के बिना, वास्तविकता का हमारा संस्करण मूल रूप से ऐसी व्यवस्था से अलग दिखाई देगा जिसके पास कई स्थानीय क्षेत्रीय नेटवर्क तो हैं लेकिन प्लग-इन करने के लिए कोई समान मानक इंटरनेट सुविधा नहीं है। वास्तविकता का यह वैकल्पिक संस्करण उस प्रवाह के समान है जिसका डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र आज सामना कर रहा है- विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के मुहाने पर मौजूद दुनिया इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व से एक मानकीकृत ढांचे और दिशा के साथ-साथ एक निर्णायक पहल की प्रतीक्षा कर रही है ताकि इसके माध्यम से अरबों लोगों को लाभान्वित करने की क्षमता रखने वाले नवाचार को ग्लोबल साउथ में बढ़ावा देते हुए बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सके। डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किन्तु प्रभावपूर्ण प्रायोगिकों और उप-क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं परन्तु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इकोसिस्टम में उलझी हुई है। ये सारी परिस्थितियां ऐसे समय में हैं जब महामारी ने हमें पहले से ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की असाधारण क्षमता का अहसास करा दिया है। डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की रूपरेखा तैयार करना- भारत में एक महान प्रयोग हाल के दिनों में हम भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के साथ-साथ इसका अनुभव कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए। इन डिजिटल उपकरणों ने न सिर्फ टीके लगाने के तरीके को ही बदल दिया बल्कि इनके माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं और इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिन तक पहुंचना सबसे मुश्किल कार्य था। भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटल आधार- कोविन, जहां एक ओर वैक्सीन की उपलब्धता और इसे लगाये जाने की व्यवस्था पर नजर रखता है तो वहीं दूसरी ओर यह प्रत्येक लाभार्थी के कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण करने के अलावा वास्तविक टीकाकरण प्रक्रिया, टीकाकरण के प्रमाण के रूप में डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य सुविधाऐं भी प्रदान करता है। लोगों और व्यवस्था के बीच सूचना की विषमता को कम करते हुए, कोविन ने टीकाकरण अभियान को लोकतंत्रात्मक बनाते हुए यह सुनिश्चित भी किया कि सभी पात्र लाभार्थियों के लिए टीकों की उपलब्धता को सुलभ बनाया जा सके। अमीर हो या गरीब, यह सभी के लिए टीकाकरण कराने का समान तरीका था और सभी टीका लगवाने के लिए एक ही कतार में खड़े थे। इस सशक्त साधन की क्षमता को देखते हुए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुनिया के लिए एक भेंट के रूप में प्रस्तुत किया। इसी तरह से टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ई-संजीवनी, जिसके माध्यम से लोगों को अपने घर पर ही आरामपूर्वक डॉक्टरों के साथ ऑनलाइन परामर्श की सुविधा मिली, शीघ्र ही लोकप्रिय हो गया और इसके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परामर्श लिए गए। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक दिन में सर्वाधिक 5 लाख से अधिक परामर्श भी लिए गए। डिजिटल रूप से सक्षम कोविड वार रूम ने लगभग वास्तविक समय पर ही हमें साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लेने में सहायता की। एक विशेष निगरानी प्रणाली- कोविड-19 इंडिया पोर्टल ने भौगोलिक स्थिति के आधार पर न सिर्फ बीमारी बल्कि मामलों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर मांग का आकलन करते हुए आवश्यक आपूर्ति के लिए आवश्यक वस्तु सूची की निगरानी भी की। आरोग्य सेतु, आरटी-पीसीआर ऐप और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से हमारे देश के डेटा को नीति में परिवर्तित करने का मार्ग प्रशस्त किया जिसने हमारी कोविड-19 नीति प्रतिक्रिया को एक परिमाण के क्रम से मजबूत किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए, भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को तैयार कर रहा है। इसके माध्यम से रोगी अपने मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और इसे प्राप्त करने के अलावा उचित उपचार और उपचार उपरान्त की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं। यह रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी दिलाने में मदद करता है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए, विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में समान डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए हमारे शिक्षण और संसाधनों को साझा करने के लिए तैयार है ताकि हमारे अनुभव उन्हें डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के लिए किए जाने वाले प्रयासों में मदद कर सकें। विश्व के इन क्षेत्रों में सुविधाओं से वंचित लोग अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों और नवाचारों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और इसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाव कवरेज का सपना साकार हो सकता है। वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम क्या है? कॉपीराइट व्यवस्थाओं और स्वामित्व प्रणालियों ने डिजिटल समाधानों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। अधिकांश परिवर्तनकारी डिजिटल समाधान आसानी से उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वे भाषा, सामग्री और उन तक पहुंचने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में असमान रूप से वितरित हैं। प्रासंगिक डिजिटल सार्वजनिक सामान या ओपन-सोर्स समाधान मौजूद होने पर भी, उनकी उपयोगिता सीमित है क्योंकि वे एक मंच, डेटा और नीति से बंधे हैं जिसके लिए कोई समान वैश्विक मानक नहीं हैं।

***केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री***

**इंडिया पोर्टल ने भौगोलिक स्थिति के आधार पर न सिर्फ बीमारी बल्कि मामलों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर मांग का आकलन करते हुए आवश्यक आपूर्ति के लिए आवश्यक निगरानी भी की।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

**वह** वहाँ पर दिखाई नहीं दिया। रानी ने निश्चय किया कि मेरा हार इस मनुष्य ने चुरा लिया है। उसी समय सिपाहियों को बुलाकर उसको कारागार में डलवा दिया। जब लकड़हारा कारागार में पड़ गया और बहुत दुःखी होकर विचार करने लगा कि न जाने कौन से पूर्व जन्म के कर्म से मुझे यह दुःख प्राप्त हुआ है, और उसी साधु को याद करने लगा जो कि जंगल में मिला था। उसी समय तत्काल बृहस्पतिदेव साधु के रूप में प्रकट हुए और उसकी दशा को देखकर कहने लगेः अरे मूर्ख! तूने बृहस्पतिदेव की कथा नहीं करी इस कारण तुझे दुःख प्राप्त हुआ है। अब चिन्ता मत कर बृहस्पतिवार के दिन कारागार के दरवाजे पर चार पैसे पड़े मिलेंगे। उनसे तू बृहस्पतिदेव की पूजा करना तेरे सभी कष्ट दूर हो जायेंगे। बृहस्पति के दिन उसे चार पैसे मिले। लकड़हारे ने कथा कही उसी रात्रि को बृहस्पतिदेव ने उस नगर के राजा को स्वप्न में कहा हे राजा! तूमने जिस आदमी को कारागार में बन्द कर दिया है वह निर्दोष है। वह राजा है उसे छोड़ देना। रानी का हार उसी खूंटी पर लटका है। अगर तू ऐसा नही करेगा तो मैं तेरे राज्य को नष्ट कर दूंगा। इस तरह रात्रि के स्वप्न को देखकर राजा प्रातः काल उठा और खूंटी पर हार देखकर लकड़हारे को बुलाकर क्षमा मांगी तथा लकड़हारे को योग्य सुन्दर वस्त्र-आभूषण देकर विदा कर दिया। बृहस्पतिदेव की आज्ञानुसार लकड़हारा अपने नगर को चल दिया। राजा जब अपने नगर के निकट पहुँचा तो उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। नगर में पहले से अधिक बाग, तालाब, कुएं तथा बहुत सी धर्मशाला मन्दिर आदि बन गई हैं। राजा ने पूछा यह किसका बाग और धर्मशाला हैं, तब नगर के सब लोग कहने लगे यह सब रानी और बांदी के हैं। तो राजा को आश्चर्य हुआ और गुस्सा भी आया।

*(क्रमशः)*

# क्यों खालिस्तानी सक्रिय हैं कनाडा में



आर.के.सिन्हा

**कनाडा** में खालिस्तानी ताकतें भारत और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगल रही हैं। दुख इस बात का है कि मित्र देश होने के बावजूद कनाडा सरकार कुछ नहीं कर रही है। अब ताजा मामले में खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर निकाली और परेड में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी को आपत्तिजनक रूप में दिखाया। बीती 6 जून, को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने पांच किलोमीटर लंबी परेड निकाली। इसमें एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का सीन दिखाया गया। झांकी में इंदिरा गांधी को खून से सनी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनके हाथ ऊपर हैं। दूसरी तरफ दो शख्स उनकी तरफ बंदूक ताने खड़े हैं। इसके पीछे लिखा है- बदला। कनाडा अपने को एक सभ्य देश होने का दावा करता है। पर वहां अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वाले खुल कर खेल कर रहे हैं। आप इंदिरा गांधी की कुछ नीतियों से असहमत हो सकते हैं, पर यह कोई भी भारतीय सहन नहीं करेगा कि उन्हें आपत्तिजनक तरीके से झांकी में पेश किया जाय। इस सारे घटनाक्रम से भारत स्तब्ध है। इस कट्टरपंथ की सार्वभौमिक तौर पर निंदा होनी चाहिए। पता नहीं क्यूं, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विदेशों में जाकर जहर उगलने वाले राहुल अपनी दादी के अपमान पर क्यों नहीं बोल रहे। कनाडा लंबे समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां पर मंदिरों में भी तोड़फोड़ की जाती है। कनाडा का ब्रैम्पटन शहर तो भारत विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। कनाडा में बार-बार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। जुलाई 2022 में कनाडा के रिचमंड हिल इलाके में एक विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। सितंबर 2022 में कनाडा में स्वामीनारायण मंदिर को कथित खालिस्तानी तत्वों ने भारत विरोधी भित्ति चित्रों के साथ विकृत कर दिया था। पर वहां की पुलिस की काहिली और निकम्मेपन के कारण दोषी पकड़ में नहीं आते। कौन भूल सकता है कनिष्क विमान हादसे को। मांट्रियाल से नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया था। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गये थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो अपनी जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहे हैं। वे कथित किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे थे। तब टूडो कह रहे थे कि 'कनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।' क्या कनाडा की खुफिया एजेंसिया इतनी घटिया हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं? उन्हें भारत-विरोधी तत्वों पर कठोर एक्शन लेना चाहिए। जस्टिन टूडो 2018 में भारत यात्रा पर आये थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो उन्हें कायदे से समझा दिया था कि 'भारतधर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।' उनका इशारा कनाडा में खालिस्तानी तत्वों की नापाक भारत विरोधी गतिविधियों से था। कनाडा की लिबरल पार्टी की सरकार के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो कहने को तो एक उदार देश से हैं। उन्हें भी यह समझ लेना होगा कि भारत भी एक उदार और बहुलतावादी देश है। उनकी उस भारत यात्रा के समय तब तगड़ा हंगामा हो गया था, जब पता चला था कि नई दिल्ली में कनाडा हाई कमीशन ने अपने प्रधानमंत्री के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में कुख्यात खालिस्तानी आतंकी जसपाल अटवाल को आमंत्रण भेजा है। अटवाल पर कनाडा में वर्ष 1986 में एक निजी दौरे पर गये पंजाब के मंत्री मलकीत सिंह सिद्धू पर जानलेवा हमला करने का आरोप साबित हो चुका है।


**बीती 6 जून, को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने पांच किलोमीटर लंबी परेड निकाली। इसमें एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का सीन दिखाया गया।**

**देश-विदेश**

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# आप करें रक्तदान, दूसरों की बचायें जान



योगेश कुमार गोयल

**रक्तदान** को समस्त विश्व में सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है लेकिन विड़म्बना है कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की बड़ी संख्या होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब चालीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है। दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किये जाते रहे प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाये जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलोग्राम से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में तीन-चार बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थायी ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नये ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है। जीवनदायी रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी। पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा 'रक्तदान दिवस' मनाया गया था, तभी से यह दिन 'रक्तदान' के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरूआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाय। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब सात फीसदी रक्त होता है और अगर हम उसमें से तीन फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती। वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2-3 दिनों में ही कर लेता है।

**बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि व प्यार में बदलाव आया। अब हिंसा व अश्लीलता से भरपूर कहानियों पर आधारित फिल्मों का पूर्णतः बहिष्कार कर उन्हें सुपर फ्लॉप कर रहा है।**

**देश-विदेश**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## बैचलर ऑफ फिजियोथैरिपी कोर्स कर करियर को दें नई उड़ान


# एम्स से लेकर स्पोर्ट्स लाइन में मिलेंगी बेहतर संभावनाएं

12वीं के बाद अपनी रुचि अनुसार छात्र बेल्थ केयर सेक्टर में अपना करियर बना सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टॉप कॉलेज, एडमिशन और फीस आदि के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस कॉलेज से यह कोर्स कर आप अपने करियर को नई ऊंचाई दे सकते हैं। 12वीं कक्षा के छात्र मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सेस के बारे में इंटरनेट से जानकारी हासिल करते हैं। छात्र हेल्थ केयर सेक्टर में अपनी रूचि और इच्छा के अनुसार करियर बनाने का सपना लेकर आते हैं। वहीं कोरोना महामारी के दौरान हेल्थ केयर सेक्टर में शामिल लोगों ने जिस तरह से दिन-रात लोगों के लिए काम किया और अपनी ड्यूटी की, उसे कोई भुला नहीं सकता है। सेवा के इसी भाव से और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कई छात्र मेडिकल व पैरामेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखते हैं।

दिल्ली के टॉप पैरामेडिकल के कोर्स बैचलर ऑफ फिजियोथैरपी कॉलेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर छात्र फिजिकल थैरेपिस्ट या फिजियोथैरेपी बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं। इन टॉप संस्थानों से यह कोर्स पूरा करने के बाद छात्र किसी भी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल या क्लीनिक आदि में नौकरी पा सकते हैं। इस क्षेत्र में शुरूआत में आप 3 से 4 लाख रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं।

### क्या है बीपीटी

बीपीटी को बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी कहा जाता है। बता दें कि यह एक अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है। इस कोर्स की अवधि 4 साल की होती है। यह कोर्स मानव संरचना से संबंधित जैसे पोस्ट फ्रैक्चर दर्द, मूवमेंट के लिए एक्सरसाइस और शारीरिक दर्दों से निजात दिलाने में सहायक होती है।




बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी के लिए योग्यता 12वीं सांइस स्ट्रीम से पास होना अनिवार्य है। पीसीबी के सब्जेक्ट पढ़ा होना अनिवार्य है। अंग्रेजी का ज्ञान होना जरूरी है। इसके अलावा 12वीं में कम से कम 50% अंक होना चाहिए। आरक्षित श्रेणी के छात्रों को 5% की छूट प्राप्त है। इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम आयु 17 साल होनी चाहिए।

### प्रवेश परीक्षा

इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना जरूरी है। कुछ संस्थानों में एडमिशन परीक्षा के आधार पर होता है तो वहीं कुछ संस्थान डायरेक्ट एडमिशन देते हैं।

### संस्थान

आईपीयू सीईटी
वीईई
बीसीईसीई
एलपीयूएनईएसटी
आईईएमजीई

### बीपीटी कॉलेज की लिस्ट

वैसे तो भारत में 200 अधिक कॉलेज बीपीटी का कोर्स ऑफर करते हैं। इनमें से 80% कॉलेज प्राइवेट हैं। यहां हम आपको बेस्ट बीपीट कॉलेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां से आप यह कोर्स कर सकते हैं।

जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली - 135,000 रुपये फीस
केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुड़गांव - 115,000 फीस
गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), नई दिल्ली - 93,100 रुपये
जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय (जेएमआई), नई दिल्ली - 21,800 रुपये
एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा - 116,000 रुपये
हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एचआईएमएसआर), नई दिल्ली - 264,500 रुपये
पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक - 12,395 रुपये (प्रथम वर्ष फीस)
गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुड़गांव - 40,000 रुपये
गलगोटिया विश्वविद्यालय - 75,000 रुपये
डीपीएसआरयू - 56,000 रुपये।
शारदा विश्वविद्यालय - 1.58 लाख रुपये

❖ **अनन्या मिश्रा**

# एग्जीक्यूटिव पीजी डिप्लोमा मैनेजमेंट का कोर्स कर करियर को दें उड़ान

ग्रेजुएशन के बाद छात्र एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग का कोर्स कर इसमें अपना करियर बना सकता है। हालांकि इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कुछ एलिजिबिलिटी का होना जरूरी है। एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग का कोर्स 2 साल का होता है। यह एक पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम है। जो किसी को कुशल और प्रभावी तरीके से बाजार में विभिन्न हितधारकों के साथ व्यवसाय करना सिखाता है। इसके अलावा यह कोर्स समकालीन दृष्टिकोणों की बुनियादी समझ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। आज हम आपको एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग से संबंधित सभी जानकारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इस आर्टिकल में आपको यह भी बताएंगे कि मार्केटिंग में एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम करने के लिए क्या एलिजिबिलिटी होनी जरूरी है।

कोर्स का नाम- एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा मैनेजमेंट इन मार्केटिंग
कोर्स का प्रकार- पोस्ट ग्रेजुएशन
कोर्स की अवधि- 2 साल
पात्रता- 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन
एडमिशन प्रोसेस- एंट्रेंस एग्जाम/मेरिट बेस्ड
कोर्स फीस- 5,000 से 10 लाख
जॉब प्रोफाइल- मार्केटिंग कम्युनिकेशंस मैनेजर, एडवरटाइजिंग मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, ब्रांड मैनेजर, मार्केट रिसर्च एनालिस्ट, सेल्स मैनेजर, न्यू प्रोडक्ट मैनेजर आदि।
टॉप रिक्रूटर्स- आईबीएम, इंफोसिस, टीसीएस, एचडीएफसी, कॉग्निजेंट, एक्सेंचर, रिलायंस, एयरटेल, आईसीआईसीआई, आइडिया, सोनी, एचसीएल आदि।

**एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः पात्रता**

इच्छुक कैंडिडेट के पास किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या संस्थान से किसी विशिष्ट क्षेत्र में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।
ग्रेजुएशन में कम से कम 50% अंक होना जरूरी है।
इस कोर्स के लिए किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएशन करने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं।

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः एडमिशन प्रोसेस

अधिकांश यूनिवर्सिटी में एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग में एडमिशन आमतौर पर एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर होता है। एंट्रेंस एग्जाम में उम्मीदवारों को पेपर क्लियर करना होता है।
इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए सबसे लोकप्रिय एग्जाम कैट और मैट है। यह एग्जाम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाते हैं।
एंट्रेंस एग्जाम क्लियर करने के बाद उम्मीदवारों का पर्सनल इंट्रव्यू व ग्रुप डिस्कशन राउंड होता है।
जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन पत्र जमा करने से पहले, आवेदन पत्र की ठीक से चेक कर लें। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस सबमिट करें।



एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः एंट्रेंस एग्जाम

कैट - कॉमन एडमिशन टेस्ट
मैट - मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट
एक्सएटी - जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट
एटीएमए - प्रबंधन प्रवेश के लिए एआईएमएस टेस्ट

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः सिलेबस

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग दो साल का कोर्स है, इस कोर्स को 4 सेमेस्टर में बांटा गया है।

सेमेस्टर 1
प्रबंधन के सिद्धांत
वित्तीय लेखांकन
संचार और साक्षात्कार की तैयारी के मूल तत्व
मानव संसाधन प्रबंधन
विपणन प्रबंधन
प्रबंधकीय अर्थशास्त्र

सेमेस्टर 2
कूटनीतिक प्रबंधन
लागत लेखांकन
एकीकृत प्रबंधक
अभिनव प्रबंधन
साक्षात्कार और नेटवर्क कौशल में महारत हासिल करना
प्रोजेक्ट वी-लाइक

सेमेस्टर 3
विपणन अनुसंधान
उपभोक्ता - क्रेता व्यवहार
विज्ञापन और बिक्री संवर्धन
वितरण प्रबंधन
सीआरएम
विपणन वित्त

सेमेस्टर 4
उत्पाद या ब्रांड प्रबंधन
ई वाणिज्य
इंटरनेट विपणन
सामाजिक माध्यम बाजारीकरण
परियोजना

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः टॉप कॉलेज और उनकी फीस

भारत में वर्तमान में कई संस्थान एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग का कोर्स करवाते हैं। हालांकि सबसे अधिक मांग वाले टॉप 5 कॉलेज की लिस्ट यहां है।
आईटीएम बिजनेस स्कूल, नवी मुंबई- फीस- 10 लाख
इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थान- फीस 6 लाख
अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज- फीस 68,000
जगदीश शेठ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट- फीस 12 लाख
एक्मैन प्रबंधन संस्थान- फीस 2.6 लाख

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः टॉप रिक्रूटर्स

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग कोर्स पूरा होने के बाद उम्मीदवार को इसी क्षेत्र में जॉब के अवसर मिलते हैं। जैसे कि टीसीएस, एचडीएफसी, इंफोसिस, कॉग्निजेंट, आईबीएम, एक्सेंचर, आईसीआईसीआई, रिलायंस, एयरटेल, आइडिया, सोनी, एचसीएल, आदि।

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः जॉब प्रोफाइल और सैलरी

मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव- सैलरी 2.4 लाख
मार्केट रिसर्च एनालिस्ट- सैलरी 3.51 लाख
एडवरटाइजिंग मैनेजर- सैलरी 5 लाख
मार्केटिंग मैनेजर- सैलरी 6.44 लाख
ब्रैंड मैनेजर- सैलरी 9.23 लाख

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंगः

इस कोर्स को पूरा करने के बाद छात्र फ्यूचर स्कोप के लिए अपने आगे की पढ़ाई जारी रख सकते हैं। वह आगे पीएचडी कर सकते हैं। या अपनी इच्छानुसार निजी क्षेत्र के अलावा सरकारी क्षेत्र में भी काम कर सकते हैं।

# चिलचिलाती धूप में भी दमकती रहेगी त्वचा

गर्मियों में हमें अपनी स्किन का खास ख्याल रखना पड़ता है। लेकिन 1 मिनट भी धूप के सीधे संपर्क में आने से हमारी स्किन को निखार खोने लगता है। ऐसे में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप इन घरेलू स्क्रब का इस्तेमाल कर सकती हैं। धूप का सीधा असर हमारी त्वचा पर पड़ता है। वहीं कई बार हम अपनी स्किन का ध्यान रखना भी इग्नोर कर देते हैं। कई बार बाहर जाने पर लोगों को ऐसा लगता है कि 5 मिनट में धूप में जाने से स्किन को कोई नुकसान नहीं होता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि लगातार एक मिनट तक धूप के सीधे संपर्क में रहने से आपकी स्किन का निखार खोने लगता है। वहीं बाहर जॉब करने वाले लोगों को अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना चाहिए। हालांकि आप अपनी स्किन को पूरी तरह धूप से नहीं बचा सकती हैं। लेकिन स्किन के निखार के लिए कुछ आसान उपाय तो जरूर आजमा सकती हैं। अगर आप भी महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बचना चाहती हैं। तो हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से धूप में खोए हुए निखार को आप वापस पा सकती हैं। स्किन के नेचुरल निखार को बनाए रखने के लिए कुछ नेचुरल स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए।

**चावल का स्क्रब :** चावल का इस्तेमाल न सिर्फ खाने बल्कि त्वचा के निखार के लिए भी किया जाता है। अगर आप भी दमकती हुई त्वचा पाना चाहती हैं तो चावल से बने स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। चावल का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चावन को कुछ देर के लिए पानी में भिगो दें। फिर चावल को पानी से निकालने के बाद उसे पीस लें।

**कॉफी और दही का स्क्रब :** कॉफी एक नेचुरल स्किन स्क्रब के रूप में बेहद फायदेमंद होता है। वहीं दही में नेचुरल निखार लाने वाले कई गुण मौजूद होते हैं। इसका स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले कॉफी पाउडर में एक चम्मच दही मिलाएं। अब इसको थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद इस पेस्ट को स्क्रब के रूप में अपने फेस पर लगाएं।

**ओट्स और मिल्क का स्क्रब :** जितने हेल्दी ओट्स आपकी सेहत के लिए होते हैं। उतना ही ज्यादा फायदा यह आपकी स्किन को भी पहुंचाता है। ओट्स और मिल्क का स्क्रब बनाने के लिए एक चम्मच ओट्स में दो चम्मच कच्चा दूध मिलाएं। फिर इसको 15 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इस पेस्ट को अच्छे से मिक्स कर लें। अब आप इस पेस्ट का इस्तेमाल नेचुरल स्क्रब के तौर पर कर सकते हैं।

**एलोवेरा और शहद का स्क्रब :** वचा को निखार बढ़ाने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं एलोवेरा के नियमित इस्तेमाल से कील-मुंहासों की समस्या से भी निजात मिलता है। एलोवेरा से एक चम्मच फ्रेश जेल निकाल लें और फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें।

# प्रिंटिंग-स्याही की गुणवत्ता बढ़ाने की नई तकनीक

सुंदर चित्रों और चमकदार पृष्ठ वाली पत्रिकाओं को देखकर हम इस बात का शायद ही अनुमान लगा पाते हैं कि वे मुद्रण-स्याही या पेंट की लाखों छोटी बूंदों से बने हैं। यदि ये बूंदें ठीक से नहीं बनती हैं और सतह से टकराने पर टूट जाती हैं, तो अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होती है। मुद्रण की प्रक्रिया में नन्हीं बूंदों के टूटने से अवांछित धब्बे, रेजोल्यूशन में ह्रास और पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। सेंटर फॉर नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर के शोधकर्ताओं ने सतह पर गिरने के दौरान बूंदों के टूट जाने की प्रक्रिया से जुड़ा अध्ययन किया है जिसके कारण मुद्रण, स्प्रेइंग और कोटिंग जैसे विभिन्न दैनिक अनुप्रयोगों की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

सुंदर चित्रों और चमकदार पृष्ठ वाली पत्रिकाओं को देखकर हम इस बात का शायद ही अनुमान लगा पाते हैं कि वे मुद्रण-स्याही या पेंट की लाखों छोटी बूंदों से बने हैं। यदि ये बूंदें ठीक से नहीं बनती हैं और सतह से टकराने पर टूट जाती हैं, तो अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

शोधकर्ताओं ने सुपरहाइड्रोफोबिक (पानी के लिए प्रतिकारक) सतहों पर पार्टिकल-कोटेड बूंदों और उनके व्यवहार की जांच की। उन्होंने पाया कि बूंदें किसी सतह से टकराने पर टूट कर बिखर सकती हैं, जो छपाई या छिड़काव जैसे अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त नहीं है। यदि नन्हें हाइड्रोफोबिक कणों के साथ बूंदों की कोटिंग कर दी जाय तो उन्हें टूटने से रोका जा सकता है।

'यह कोटिंग, सतह पर गिरने के दौरान बूंदों के व्यवहार को महत्वपूर्ण रूप से बदल देती है। बूंदों पर कोटिंग उसके सतह पर गिरने के प्रभाव को किस प्रकार बदल सकती है, इसके अध्ययन द्वारा हम छोटी बूंदों को टूटने से रोकने और उससे प्रभावित होने वाले विभिन्न अनुप्रयोगों में सुधार करने के तरीके खोज सकते हैं,' प्रमुख शोधकर्ता डॉ प्रोसेनजीत सेन बताते हैं।

इस प्रयोग द्वारा टीम ने यह समझने का लक्ष्य रखा था कि टूटने के मामले में कैसे ये विशेष बूंदें नियमित बूंदों की तुलना में भिन्न होती हैं और विभिन्न संभावित अनुप्रयोगों में किस प्रकार उनका लाभ उठाया जा सकता है।

डॉ सेन कहते हैं, 'हमारे इस अध्ययन के निष्कर्ष सेल्फ क्लीनिंग सतहों, बर्फ-रोधी प्रणालियों और यहां तक कि पौधों में बीमारियों के प्रसार जैसे संदर्भों में भी उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।'

अध्ययन के दौरान, सामान्य बूंदों की तुलना में लेपित बूंदों ने सतह पर अधिक बल के साथ टकराने पर भी टूटने में अधिक प्रतिरोध प्रदर्शित किया। टीम ने लेपित बूंदों की सतह पर शीघ्र घटित होने वाली एक विशेष अंतरफलकीय अस्थिरता को भी रेखांकित किया। सामान्य बूंदों के विपरीत, यह अस्थिरता बूंदों पर ऊंगलीनुमा संरचना बना देती है जिससे वे अधिक स्थिर हो जाते हैं और सतह से टकराने पर उनके टूटने की संभावना कम हो जाती है।

'हमने इस अस्थिरता को कारित करने वाले विभिन्न भौतिक कारकों जैसे कि रिम बॉन्ड नंबर, सतह की विसंगतियाँ, और पार्टिकल्स के जमाव आदि पहलुओं का भी अध्ययन किया जो यह समझाने में मदद करते हैं कि यह अस्थिरता होती क्यों है। यह अस्थिरता एक सुरक्षात्मक तंत्र के रूप में कार्य करती है, जो उच्च वेगों पर भी छोटी बूंदों को टूटने से रोकती है। स्थिर उंगलियों की उपस्थिति, टकराने के बाद पलटने के क्रम में बूंदों के टपककर टूटने की संभावना को कम करती है, शोधकर्ता बताते हैं।

डॉ. सेन कहते हैं, 'यह एक अप्रत्याशित घटना है जो सतह पर कोटिंग द्वारा प्रदान की गई उल्लेखनीय स्थिरता को उजागर करती है।'

इस अध्ययन के, कोटिंगयुक्त सतहों की गतिशीलता को समझने के महत्व को उजागर करने, जैव-रिएक्टर डिजाइन, डिजिटल माइक्रोफ्लुइड तकनीक, सेल्फ क्लीनिंग तकनीकों और परागयुक्त बूंदों के माध्यम से पौधों में फैलने वाली बीमारी जैसे अनुप्रयोगों के लिए व्यापक निहितार्थ हो सकते हैं।

प्रोसेनजीत सेन के अलावा टीम में रुत्विक लठिया और चंदनतारू डे मोदक शामिल थे। अध्ययन के निष्कर्ष जर्नल ऑफ कोलाइड एंड इंटरफेस साइंस में प्रकाशित हुए हैं। यह शोध-अध्ययन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से आयोजित किया गया।

# भारत में अनोखी मलेरिया परजीवी आबादी है

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वर्तमान में मलेरिया के इलाज के लिए आर्टेमिसिनिन संयोजन चिकित्सा (एसीटी) के उपयोग की सिफारिश करता है, जिसने कई वर्षों तक सोने के मानक के रूप में काम किया है। मलेरिया के वैश्विक मामलों का अनुमानित 79% दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से आता है। दवा प्रतिरोधी संक्रमण मलेरिया के नियंत्रण और उन्मूलन के लिए एक बड़ी बाधा है। यह समझने के लिए कि मलेरिया परजीवी दवाओं के प्रति प्रतिरोध कैसे विकसित करते हैं, भारतीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने मलेरिया से संक्रमित रोगी के नमूनों के 53 पूरे जीनोम का अनुक्रम किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वर्तमान में मलेरिया के इलाज के लिए आर्टेमिसिनिन संयोजन चिकित्सा (एसीटी) के उपयोग की सिफारिश करता है, जिसने कई वर्षों तक सोने के मानक के रूप में काम किया है। दुर्भाग्य से, दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका के कई देशों में, मलेरिया के उच्च प्रसार से बोझिल, दवा प्रतिरोधी संक्रमण के मामलों की सूचना मिली है। 'दवा प्रतिरोध की स्थिति की निगरानी के वैश्विक प्रयासों ने दुनिया भर में 20,000 से अधिक प्लास्मोडियम जीनोम का अनुक्रम किया है। हालांकि, अब तक भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा केवल पांच जीनोम प्रकाशित किए गए थे,' प्रमुख शोधकर्ता डॉ कृष्णपाल करमोदिया ने बताया। 2018 में, भारत ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता क्षेत्र के रोगियों में आर्टेमिसिनिन-प्रतिरोधी परजीवियों के उद्भव पर अपने पहले अध्ययन की सूचना दी। जैसा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक मलेरिया को खत्म करना है, परजीवियों में दवा प्रतिरोध के पीछे के तंत्र को समझना महत्वपूर्ण हो जाता है।

डॉ करमोदिया बताते हैं, 'यह भारत का पहला बड़े पैमाने का अध्ययन है जो परजीवियों के 53 पूरे जीनोम अनुक्रम की रिपोर्ट करता है और दिखाता है कि भारतीय क्षेत्र में अद्वितीय परजीवी आबादी है।' डॉ सोमनाथ रॉय और डॉ अमिया हाटी के सहयोग से कोलकाता से नमूने एकत्र किए गए थे। शोधकर्ताओं ने परजीवियों के जीनोम में उपन्यास उत्परिवर्तन पाया जो दवा प्रतिरोध में योगदान कर सकते हैं। ये उत्परिवर्तन दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका के परजीवियों में पाए जाने वाले परजीवियों से भिन्न हैं। यह भारतीय परजीवियों में दवा प्रतिरोध के विशिष्ट मार्करों की पहचान करने के लिए भारत में अधिक अनुक्रमण प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे की शोध टीम; भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पुणे; कलकत्ता स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन, कोलकाता; और विद्यासागर विश्वविद्यालय, पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल ने 2030 तक देश से मलेरिया को खत्म करने के लिए परजीवियों के भारतीय आइसोलेट्स के जीनोम और दवा प्रतिरोध की स्थिति का एक व्यापक मानचित्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

शोध दल का मानना है, 'आणविक स्तर पर भारत-विशिष्ट परजीवी जीनोम पर जानकारी एकत्र करने और रोगियों में दवा प्रतिरोध की बारीकी से निगरानी करने से बेहतर नीतियां और हस्तक्षेप के तरीके तैयार करने में मदद मिल सकती है।'

टीम में दीपक चौबे, भाग्यश्री देशमुख, अंजनी गोपाल राव, अभिषेक कन्याल, अमिया कुमार हाटी, सोमनाथ रॉय और कृष्णपाल करमोदिया शामिल हैं। यह अध्ययन इंटरनेशनल जर्नल फॉर पैरासिटोलॉजीः ड्रग्स एंड ड्रग रेजिस्टेंस में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन आंशिक रूप से जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) -संक्रामक रोग जीव विज्ञान प्रभाग, भारत सरकार द्वारा समर्थित है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। ईश्वर के नाम स्मरण से दिन का शुभारंभ होगा। धार्मिक कार्य और पूजा-पाठ में व्यस्त रहेंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आज आपको किसी की जमानत लेने तथा पैसे की लेन-देन करने से बचना होगा। अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक है। नौकरी या व्यवसाय अनुकूल परिस्थितियां रहेगी और आय में वृद्धि होगी। बुजुर्ग वर्ग और मित्रों की तरफ से आपको कुछ लाभ हो सकता है।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको घर-परिवार और संतानों के मामले में आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा।

**सिंह राशि :** व्यापारियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। वे नए आयोजनों को हाथ में ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आज आपको बेकाबू क्रोध पर लगाम रखना होगा, अन्यथा परेशानी में पड़ सकते हैं। बदनामी और निषेधात्मक विचारों से दूर रहना हितकर रहेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। उदासीन वृत्ति और संदेह के बादल का आपके मन पर घिरे होने से मानसिक राहत नहीं अनुभव करेंगे।

**धनु राशि :** आज के दिन आपको किसी न किसी कारण से मन में चिंता रहेगी। विशेष रूप से संतानों और स्वास्थ्य के बारे में आप अधिक चिंतित होंगे। पेट सम्बंधी बीमारियों की शिकायत रहेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। कार्यभार की अधिकता भी रहेगी। आज आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और उसके कारण मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे।

**कुंभ राशि :** कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। नए कार्य की शुरूआत भी कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। दुविधायुक्त मनःस्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा।





# सरकारी नियुक्तियों में आई पारदर्शिता, खत्म हुआ भ्रष्टाचार : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी नौकरियों में नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को परिवारवादी राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और कहा कि ऐसी पार्टियों ने विभिन्न पदों के लिए अपने रेट कार्ड से युवाओं को 'लूटा' है जबकि उनकी सरकार उनके उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही है। रोजगार मेले के तहत 70,126 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवादी दलों ने भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देकर युवाओं के सपनों को चूर-चूर किया जबकि वर्तमान सरकार उनके संकल्पों को साकार करने में लगी है। मोदी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पहले एक से डेढ़ साल लगते थे, लेकिन अब यह पारदर्शी रूप से कुछ महीनों में पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा, एक तरफ परिवारवादी पार्टियां हैं, भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियां हैं, देश के नौजवानों को लूटने वाली पार्टियां हैं... उनका रास्ता है



'रेट कार्ड'... जबकि हम युवाओं के भविष्य को 'सेफ गार्ड' करने का काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, रेट कार्ड आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं जबकि हम आपके संकल्पों को साकार करने में लगे हैं। हम आपकी और आपके परिवार की सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं को 'सेफ गार्ड' करने में लगे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से आयोजित रोजगार अभियान को पारदर्शिता और सुशासन का प्रमाण बताते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि परिवारवादी राजनीतिक दलों ने हर व्यवस्था में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया और जब सरकारी नौकरी की बात आती थी तो वे भ्रष्टाचार ही करते थे। उन्होंने कहा, देश के करोड़ों लोगों के साथ इन पार्टियों ने विश्वासघात किया है। हमारी सरकार पारदर्शिता भी लाई है और हमने भाई-भतीजावाद को भी खत्म किया है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारों की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आज निजी व सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के अवसर बन रहे हैं और जिस पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी गई है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, सरकारी नौकरी देने वाले प्रमुख संस्थानों- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने पहले के मुकाबले ज्यादा युवाओं को नौकरी दी हैं। इन संस्थाओं का जोर परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने पर भी रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को लेकर जितना विश्वास और उसकी अर्थव्यवस्था पर जितना भरोसा आज है, वह पहले कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया हमारी विकास यात्रा में साथ चलने को तत्पर है।

भारत को लेकर विश्वास और हमारी अर्थव्यवस्था पर इतना भरोसा पहले कभी नहीं रहा। तमाम कठिनाइयों के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। विश्व की बड़ी बड़ी कंपनियां उत्पादन के लिए भारत आ रही हैं।मोदी ने कहा कि वैश्विक मंदी, कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नयी ऊंचाई पर ले जा रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत एक दशक पहले की तुलना में ज्यादा स्थिर, ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा मजबूत देश है। राजनीतिक भ्रष्टाचार, योजनाओं में गड़बड़ी और जनता-जनार्दन के धन का दुरूपयोग... पुरानी सरकारों में यही पहचान बन गई थी लेकिन आज भारत सरकार की पहचान स्थिर सरकार, उसके निर्णायक फैसलों से हो रही है। आज भारत सरकार की पहचान उसके आर्थिक और प्रगतिशील सामाजिक सुधारों से हो रही है। रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 43 जगहों पर हुआ। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं।

## रांची में रोजगार मेला में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए नवनियुक्त सदस्यों को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किया। एक साथ देशभर के 43 केंद्रों पर आयोजित रोजगार मेले की इस छठी श्रृंखला में नवनियुक्त सदस्यों को प्रधानमंत्री ने संबोधित भी किया। रांची केंद्र पर आयोजित रोजगार मेला में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित थे। उन्होंने अपने कर कमलों से नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। रांची केंद्र पर कुल 151 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। देश भर से चुनी गई नई भर्तियां वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग तथा गृह मंत्रालय आदि सहित विभिन्न विभागों में सरकार में शामिल होंगी। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर दीपक प्रकाश, सांसद, राज्यसभा, झारखंड, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, विधायक, राँची विधानसभा, समरी लाल, विधायक, कांके विधानसभा, सुधीर श्याम, आर्थिक सलाहकार, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार, मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति- झारखंड, रणवीर सिंह, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति- झारखंड और संजीव कुमार सिंह, बैंक ऑफ इंडिया, रांची अंचल उपस्थित थे। स्वागत संबोधन मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन भरत लाल पुनिया, उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया ने किया।



## जम्मू में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संयुक्त सुरक्षा अभियान के दौरान मंगलवार को दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस और सेना द्वारा दोबनार मच्छल इलाके में अभियान चलाया गया और फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता इनपुट मिला था। इसके बाद सुरक्षाबलों इलाके की घेराबंदी की, तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने कार्रवाई करते हुए दो आतंकियों को ढेर कर दिया।

## मंत्रिमंडल से जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां विपक्षी दलों को एकजुट करने को लेकर प्रयासरत हैं। वहीं बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने नीतीश कुमार को बड़ा झटका दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन मांझी ने मंगलवार को नीतीश मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद सुमन ने कहा कि जदयू ने पार्टी विलय का एक प्रस्ताव दिया था,



जो हमलोगों को नामंजूर था। इस कारण हमलोगों ने अलग रास्ता अख्तियार करना बेहतर समझा। नीतीश मंत्रिमंडल में संतोष सुमन लघु सिंचाई और एससी, एसटी कल्याण विभाग संभाल रहे थे। सुमन ने कहा कि दो तीन दिन पहले जब सभी विधायकों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने गए तब भी मुख्यमंत्री ने इसके लिए दबाव बनाया था। भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी इस पर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अकेले भी चुनाव लड़ सकती है। महागठबंधन में साथ रहने के सवाल पर उन्होंने लगा कि अभी तो महागठबंधन में ही है। कोई जरूरी नहीं कि मंत्री रहकर ही महागठबंधन में रहा जाए।

## दिल्ली-एनसीआर में 5.4 तीव्रता से आया भूकंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रेक्टर स्केल पर 5.4 मापी गई। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप दोपहर 1.33 बजे आया। इसका केंद्र जम्मू और कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह भलेसा के सुदूर गांव के पास था। भूकंप विज्ञान के राष्ट्रीय केंद्र ने एक ट्वीट में कहा, भूकंप 5.4 की तीव्रता से 13-06-2023 को आया। 13:33:42 आईएसटी, अक्षांश 33.15 और लंबाई 75.82, गहराई 6 किमी थी।

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के 75 साल पूरे होने पर सेना ने आयोजित की विशेष संगोष्ठी

## 'यूएन शांतिरक्षकों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार राष्ट्रों से सहयोग का आह्वान'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) शांतिरक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार राष्ट्रों के बीच सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। यह शांति रक्षक स्थिरता बनाए रखने, संघर्षों को रोकने और शांति बहाली के लिए हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। राजनाथ सिंह ने शांति सैनिकों के सामने तेजी से उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डाला और शांति अभियानों में महिलाओं की सार्थक भागीदारी की भी वकालत की।



रक्षा मंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय सेना की ओर से आयोजित एक विशेष संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में मिशन के दौरान उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता दी जानी चाहिए। रक्षा मंत्री ने सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित संयुक्त राष्ट्र के निर्णय लेने वाले निकायों को दुनिया की जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के प्रति अधिक चिंतनशील बनाने की आवश्यकता को दोहराया। उन्होंने कहा कि जब सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत यूएनएससी के स्थायी सदस्य के रूप में एक सीट नहीं पाता है, तो यह संयुक्त राष्ट्र की नैतिक वैधता को कमजोर करता है।

## डॉर्सी के बयान पर कांग्रेस ने केंद्र से पूछा- 'क्या, जवाब देगी मोदी सरकार?'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी के बयान को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को पूछा कि क्या नरेंद्र मोदी सरकार इसका जवाब देगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक ट्वीट में कहा, मोदी सरकार ने किसानों और किसान आंदोलन के दौरान अकाउंट्स को बंद करने के लिए ट्विटर को मजबूर किया, सरकार या ट्विटर की आलोचना करने वाले पत्रकारों के अकाउंट को बंद करने का दवाब बनाया और कंपनी के कर्मचारियों के घरों पर छापेमारी की धमकी दी। यह बात ट्विटर के



सह संस्थापक और पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी ने एक टीवी इंटरव्यू में मानी है। क्या, जवाब देगी मोदी सरकार? यूथ कांग्रेस और नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने भी ट्विटर पर डॉर्सी के दावे की उस क्लिप को साझा किया, जो उन्होंने सोमवार को यूट्यूब चैनल ब्रेकिंग पॉइंट्स को दिए एक इंटरव्यू के दौरान किए थे।एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन ने एक ट्वीट में कहा, 'भाजपा लोकतंत्र की हत्यारी है, यह बार-बार साबित हो रहा है। ये हैं ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी। वह कह रहे हैं 'किसान विरोध के दौरान भारत सरकार ने हम पर दबाव बनाया और कहा कि हम ट्विटर बंद कर देंगे। अगर नियमों का पालन नहीं करते, तो आपके कर्मचारियों के घरों पर छापा मारेंगे।' यूथ कांग्रेस के प्रमुख श्रीनिवास बी.वी. ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए विरोध में जैक डॉर्सी की संबंधित बयान वाली क्लिप साझा की।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टैंकर में आग लगने से 4 की मौत, 3 घायल

**एजेंसी। पुणे**

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को एक रासायनिक टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में कम से कम तीन चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा लोनावाला के पास खंडाला घाट सेक्शन में एक पुल पर हुआ। जिस कारण एक्सप्रेसवे के मुंबई जाने वाले हिस्से पर बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया। सैकड़ों लीटर अज्ञात रसायन रोड पर रिस रहा था, जिससे वाहनों के फिसलने और अधिक दुर्घटनाओं का खतरा पैदा हो गया था। हवा में कम से कम 15-16 मीटर तक आग की लपटों के साथ टैंकर को दूर से जलता हुआ देखा जा सकता था। कुछ जलते हुए रसायन कुनेगांव गांव के पास पुल के नीचे सड़क पर गिरे और नीचे ट्रैफिक को रोक दिया। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा कहा जा रहा है कि एक तेज रफ्तरार बाइक सवार रसायनों पर फिसल गई। जिसमें एक व्यक्ति और एक नाबालिग लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, और तीन घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इसके बाद क्रेन की मदद से टैंकर को रोड पर से हटाया गया।




## अरशद वारसी को 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से करियर खत्म होने का था डर

**अपनी** लाजवाब अदाकारी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले अभिनेता अरशद वारसी इन दिनों अपनी वेब सीरीज असुर-2 को लेकर सुर्खियों में हैं। अरशद ने हासिल, गोलमाल सीरीज, मुन्नाभाई एमबीबीएस, लगे रहो मुन्नाभाई, जॉली एलएलबी जैसी अलग-अलग फिल्मों में काम किया है। उन्हें असली पहचान मुन्नाभाई एमबीबीएस में अपने किरदार सर्किट से मिली और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने कहा कि मुन्नाभाई एमबीबीएस में भूमिका खराब थी और उन्हें डर था कि इससे उनका करियर खत्म हो सकता है। इससे पहले मकरंद देशपांडे से भी इस रोल के लिए पूछा गया था। अरशद ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने यह रोल सिर्फ राजकुमार हिरानी के लिए किया था। एक इंटरव्यू में अरशद ने कहा, इस फिल्म के बाद मुझे पता था कि मेरी जिंदगी बर्बाद होने वाली है। मुझे लगा था कि यह फिल्म मेरी आखिरी फिल्म होगी।



## अभिनेता कजान खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**साउथ** सिनेमा में अपनी नकारात्मक भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता कजान खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। 12 जून को दिल का दौरा पड़ने से उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रोडक्शन कंट्रोलर और प्रोड्यूसर एनएम बदूशा ने फेसबुक पर कजान खान के निधन की घोषणा की। एनएम बदूशा ने फेसबुक पर कजान खान की एक फोटो शेयर की है। साथ ही पोस्ट में कजान खान के निधन की भी जानकारी दी है। उनके निधन से साउथ फिल्म उद्योग शोक में डूब गया है। फैंस कजान खान को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। कजान खान ने 1992 में फिल्म सेंथमीज पट्टू से अभिनय की शुरूआत की।

धरोहर | विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के नेतृत्व में मेहमानों ने सारनाथ में किया भ्रमण

## तथागत की प्रथम उपदेश स्थली देख हुए अभिभूत

**एजेंसी। वाराणसी।**

जी-20 समिट के तीसरे और अन्तिम दिन मंगलवार को विदेशी मेहमानों ने ऐतिहासिक सारनाथ का भ्रमण किया। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के नेतृत्व में तथागत की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ पहुंचे दुनिया के 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के विकास मंत्री सहित लगभग 200 मेहमानों का स्वागत 'हुड़क मजीरा और मयूर लोकनृत्य से किया गया। मेहमानों ने पुरातात्विक उत्खनित स्थल के अलावा धर्मराजिका स्तूप, अशोक की लाट और मूलगंध कुटी मंदिर का अवशेष देखा । धमेख स्तूप पर लगभग 26 सौ वर्ष पूर्व बनी कलाकृतियों को मेहमान अपलक देखते रहे।

वहीं,सारनाथ म्यूजियम में भगवान बुद्ध के अवशेषों और भारत के राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ को देख अभिभूत नजर आए। गाइड से मेहमान प्राचीन धरोहरों की



जानकारी लेते रहे। खुद विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर भी बीच-बीच में गाइड की भूमिका में दिखे और मेहमानों को भारत के प्राचीन धरोहरों के बारे में बताते रहे। सारनाथ में जलपान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी कर मेहमान दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

ऐतिहासिक सारनाथ में जी-20 के मेहमानों के भ्रमण को देखते हुए नदेसर स्थित होटल से सारनाथ तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। सुरक्षा कारणों से आशापुर चौराहे से सिंहपुर अंडरपास तिराहे तक नो इंट्री जोन रहा। जी-20 की फ्लीट के लिए पूरे सड़क को खाली कराया गया था।

जी-20 समिट के तीसरे दिन विदेशी मेहमानों को ऐतिहासिक सारनाथ में भ्रमण कराने के बाद विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने ट्वीट कर वैश्विक आयोजन के सफलता के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। विदेश मंत्री ने लिखा एक सफल जी-20 डेवलपमेंट मिनिस्ट्रियल के बाद आज हम वाराणसी से प्रस्थान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए आभार। सभी प्रतिनिधि गंगा आरती और सारनाथ दर्शन की अद्भुत स्मृतियों को साथ लेकर वापस जा रहे हैं। कल जी-20 ने सतत विकास के लिए जीवन शैली पर सहमति बनायी है, जो वास्तव में जीवन दायिनी माँ गंगा की ही प्रेरणा है।

## रिलीज हुआ नीलकमल-दिव्या स्टारर गाना 'महबूबा हमार', हुआ वायरल

**भोजपुरी** म्यूजिक लवर्स को रेट्रो वाली मस्ती देने के लिए फिर से लौट आए हैं लोकप्रिय सिंगर नीलकमल सिंह। उनका नया गाना 'महबूबा हमार' आज सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ और इसका जादू ऑडियंस पर खूब देखने को मिल रहा है। गाना "महबूबा हमार" को पुराने बॉलीवुड गाने के रेफरेंस से बनाया गया है, जिसकी खूबसूरती निखर कर आ रही है। गाने के जरिए एक बार फिर नीलकमल सिंह ने अपनी कला का लोहा मनवाया है। यूं तो उनके एक से बढ़ कर एक गाने आते रहते हैं, लेकिन सारेगामा हम भोजपुरी के साथ रिलीज उनके गाने की बात ही कुछ और होती है। ऐसा उनके चाहने वालों और भोजपुरी को सुनने-समझने वाले लोगों का कहना है। इस गाने की एक और खास बात यह है कि गाने का म्यूजिक वीडियो सेंसेशनल है। इस गाने में दिव्या रल्हन की अदाओं का जवाब नहीं। स्क्रीन पर उनका जलवा भी खूब देखने को मिल रहा है। साथ ही नीलकमल सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री भी खूब पसंद की जा रही है।



## महिला पहलवानों के मामले में दिल्ली पुलिस की जांच पर झामुमो ने उठाए सवाल

# गृह मंत्री बताएं, कानून क्या कार्रवाई कर रहा है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा सांसद बृज भूषण सिंह के यौन शोषण के आरोप मामले में दिल्ली पुलिस की जांच को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स में देश को गौरवान्वित करने वाली महिला पहलवानों और दूसरे खिलाड़ी जनवरी से दिल्ली में आंदोलनरत हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री ने खिलाड़ियों से कहा था कि कानून अपना काम करेगा। फिर खेल मंत्री ने कहा कि 15 जून तक चार्जशीट दायर हो जायेगा। अब दिल्ली पुलिस सांसद के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाओं से सबूत मांग रही। उन्होंने मारपीट की शिकायत दर्ज नहीं करायी थी जो चोट के निशान दिखा पातीं। यौन शोषण, यौन अत्याचार की भुक्त



भोगी महिलाएं भला कहीं वीडियो रिकॉर्डिंग रख सकती हैं क्या। भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं के अंगों को गलत नीयत से स्पर्श किया गया, आलिंगन किया गया। इसकी रिकॉर्डिंग कैसे संभव है। ऐसे में लगता है कि केंद्र अपने एक सांसद के जघन्य अपराध को गौरवान्वित कर रहा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री बताएं कि कानून किस दिशा में कैसे काम कर रहा है। भट्टाचार्य ने कहा कि सांसद बृज भूषण सिंह के खिलाफ यौन शोषण, यौन अत्याचार का आरोप लगाते हुए कई खेल रत्न दिल्ली में धरना पर बैठे हैं। तब खेल मंत्री ने जांच कमेटी बनायी। इसकी रिपोर्ट सामने नहीं आयी। लोग पूछने लगे कि एफआईआर क्यों दर्ज नहीं हो रही। अंततः सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद सांसद के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। पॉक्सो एक्ट लगा पर नियमतः गिरफ्तारी नहीं हुई। उल्टा उसकी ओर से दबाव देकर बयान बदलवाया गया। अब तो इस एक्ट को भी हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि 28 मई को जब संसद के नए भवन का प्रधानमंत्री उद्घाटन कर रहे थे, तो पहलवानों को घसीटा गया, पीटा गया। कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए। जब समाज सामने आया तो गृह मंत्री ने अपने पास पहलवानों को बुलाया। कहा कि कानून अपना काम करेगा। फिर खेल मंत्री ने भी बुलाया। सहमति बनी कि 15 जून तक चार्जशीट जमा हो जायेगा। पर अब खबर सामने आयी है कि दिल्ली पुलिस पीड़ितों से सबूत मांग रही है।

## 105 बिजली अफसरों का हुआ ट्रांसफर-पोस्टिंग

**रांची।** बड़ी संख्या में बिजली अफसरों का तबादला किया गया है. इसे लेकर मंगलवार को निगम ने अधिसूचना जारी कर दी है. जारी अधिसूचना के अनुसार, 104 बिजली अफसरों को इधर से उधर किया गया है. इनमें ऐसे कनीय अभियंता (जेई) शामिल हैं जिनका सहायक प्रबंधक के पद पर प्रमोशन कर दिया गया था. जबकि 26 सहायक अभियंताओं का तबादला किया गया है. इनमें विभा कुमारी डिप्टी जीएम निगम मुख्यालय का तबादला रांची आपूर्ति क्षेत्र में किया गया है. जबकि 30 कार्यपालक अभियंता (सीनियर प्रबंधक) का भी तबादला कर दिया गया है.विनोद कुमार-सीनियर प्रबंधक जमशेदपुर- स्टोर-टीआरडब्लू जमशेदपुर, चंद्र भूषण-ईई सेंट्रल स्टोर जमशेदपुर-आपूर्ति अंचल जमशेदपुर, अखल पुजारी-ईई एमआरटी साहेबगंज-स्टोर एवं टीआरडब्लू गुमला, रवि प्रकाश-ईई एमआरटी डालटनगंज-एमआरटी धनबाद, आनंद कौशिक-ईई धनबाद-शामिल हैं।

# झारखंड को बिचौलियों ने किया बदनाम : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता
रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को एक के बाद एक किये गये तीन ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने हेमंत के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और दूसरे राज्यों में झारखंड की बन रही छवि और झारखंड की शराब नीति पर हुए घोटाले को लेकर निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज 1000 करोड़ खनन घोटाले के प्रमुख आरोपित पंकज मिश्रा की तबीयत खराब होने की खबर है। कैदी के रूप में उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री हेमंत से अनुरोध है कि वे यूज एंड थ्रो मत करें। पंकज को यूं ही उसके हाल पर भगवान भरोसे मत छोड़िये। पंकज को



बेहतर इलाज मुहैया कराने का इंतजाम कराइये। बाबूलाल मरांडी ने दूसरे राज्यों में बन रही झारखंड की छवि की चर्चा करते हुए ट्वीट किया, पिछले दिनों जब मैं मध्यप्रदेश के दौरे पर था तब कई बार लोगों के झारखंड के संदर्भ में पूछे गए प्रश्नों पर असहज हो गया। पत्रकार बंधुओं के साथ आम लोग भी जब मिल रहे थे तो उनका एक ही प्रश्न था, झारखंड में क्या हो रहा है? हेमंत सोरेन भी इस

**मध्यप्रदेश में पत्रकार बंधुओं के साथ आम लोग भी जब मिल रहे थे तो उनका एक ही प्रश्न था, झारखंड में क्या हो रहा है?**

महालूट में शामिल हैं क्या? उनकी भी गिरफ्तारी होगी? मैं उनसे इतना ही कहता था कि झारखंड को लुटेरों ने लूटा है लेकिन सबका हिसाब हो रहा है। कुछ का बाकी है जो आने वाले दिनों में होगा। एक झारखंडी होने के नाते मन बहुत तकलीफ से भर जाता है कि देश में हमारे राज्य की छवि को कुछ बेईमान अफसरों, दलालों-बिचौलियों और साहब के गिरोह ने बदनाम कर दिया है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की शराब नीति पर भी निशाना साधा है।

## जिला कोषागार व स्ट्रॉन्ग रुम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# गैरजरूरी रिकॉर्ड का निष्पादन सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मंगलवार को जिला कोषागार एवं स्ट्रॉन्ग रुम का निरीक्षण किया गया। समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित कोषागार एवं स्ट्रॉन्ग रुम के निरीक्षण के दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सिन्हा, ट्रेजरर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कोषागार एवं स्ट्रॉन्ग रुम में सिविल, पेपर्स और रजिस्टर वर्क का विस्तार से निरीक्षण किया गया। उन्होंने डिटेल इंस्पेक्शन नोट तैयार कर ट्रेजरी ऑफिसर को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। उपायुक्त ने एजी ऑफिस द्वारा भी किये गये इंस्पेक्शन पश्चात टिप्पणियों के अनुसार करेक्टिव मेजर लिए जाने के निर्देश भी कोषागार पदाधिकारी



को दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला कोषागार पदाधिकारी को कार्यालय में आवश्यतानुसार लिपिकों के लिए राज्य सरकार से पत्राचार करने के निर्देश दिये। कोषागार कार्यालय में क्लर्क का टोटल स्ट्रैंथ 58 है, लेकिन फिलहाल 7 लोगों द्वारा कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि कोषागार का कार्य प्रभावित न हो इसे लेकर राज्य से पत्राचार करें। लिपिकों की संख्या बढ़ने पर कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि आवश्यक सामग्री के लिए उन्होंने निर्धारित जगह पर मांग पत्र प्रेषित करने को कहा। उपायुक्त द्वारा रिकार्ड रुम के निरीक्षण के दौरान फाइल मैनुअल के अनुसार सारे रिकॉर्ड का क्लासिफिकेशन करते हुए गैरजरूरी रिकॉर्ड का डिस्पोजल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि फाइल्स का ए, बी एवं सी कैटेगरी में क्लासिफिकेशन करें और आज के समय में गैर जरुरी रिकार्ड का डिस्पोजल करें। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा ब्लॉक बी स्थित स्ट्रॉन्ग रुम का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने ज्यूडिशियल, नन जुडिशल स्टांप, एडेहेसिव टिकट्स की सुरक्षा एवं संधारण का जायजा लिया। सभी प्रॉमिनेंट एग्जामिनेशन क्वेश्चन पेपर का सुरक्षित तरीके से संधारण की व्यवस्था की जानकारी भी उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से ली। किसी तरह के प्रतिबंधित सामान जो पुलिस विभाग को छापामारी के दौरान मिले हैं और जब तक मामले का कोर्ट में निस्तारण नहीं होता तब तक सेफ कस्टडी के रूप में उनका संधारण ट्रेजरी के स्ट्रांग रूम में किया जाता है। इन सभी वस्तुओं के प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा की जानकारी भी उपायुक्त द्वारा लियाा गया। ट्रेजरी के स्ट्रांग रूम में डबल लॉक्स मेंटेनेंस की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेजरी ऑफिसर और ट्रेजरर की उपस्थिति में ही गेट खोला जाना सुनिश्चित करें।

## चेन छिनतई मामले में चार गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने महिला से सोने की चेन छिनतई करने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हिंदपीढ़ी निवासी मो ओवैस, अजमल अंसारी, मो नसीम और जेवर दुकान के संचालक मनोज कुमार शामिल है। इनके निशानदेही पर एमके ज्वेलर्स दुकान से छिनतई किया हुआ चेन, एक स्कूटी और 13 हजार 500 रुपये और घटना के वक्त पहना हुआ कपड़ा बरामद किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को बताया कि गत आठ जून को दीपाटोली के बांधगाड़ी निवासी वीणा देवी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि जेल मोड़ के समीप दो स्कूटी सवार अपराधियों ने सोने की चेन छीनकर फरार हो गये। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसके बाद सोने की चेन को खपाने के लिए मो अजमल के पिता मो नसीम को गिरफ्तार किया।

# महासंघ ने ऑटो चालक हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने ऑटो चालक रोहित कुमार झा की हत्या मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। संघ के प्रदेश महासचिव गुड्डू श्रीवास्तव सहित अन्य ने मंगलवार को चुटिया थाने में लिखित शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि रोहित झा की हत्या करने वाले अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी हो। साथ ही ऑटो चालक के परिवार को उचित मुआवजा सरकार की तरफ से दिया जाए। शिकायत करने वालों में प्रदेश सचिव तबरेज अहमद, महानगर अध्यक्ष बादल थापा, रांची रेलवे स्टेशन मार्ग अध्यक्ष भोला सिंह एवं महासंघ के सदस्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दो बाइक सवार अपराधियों ने सोमवार को चुटिया थाना क्षेत्र के ऑटो चालक रोहित कुमार झा की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी घटनास्थल पर बाइक छोड़कर फरार हो गये थे। पुलिस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# सरला बिरला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के छात्रों ने जमशेदपुर में सीबीएसई द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे झारखंड राज्य से 42 स्कूलों ने भाग लिया जिसमें हमारे स्कूल ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के मो. अम्मार अहमद और कक्षा 11वीं के अभिषेक कुमार आयुष तथा विद्यालय के शिक्षक सुजीत कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल के लिए एक और उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की और छात्रों को अपने कौशल को सुधारने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में जनता का मिल रहा समर्थन : सरोज

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय नेता, जनसंपर्क अभियान की झारखंड प्रभारी सांसद सरोज पांडेय मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची। प्रदेश कार्यालय में शाम छह बजे उन्होंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान की प्रदेश टोली की बैठक को संबोधित किया। सरोज पांडेय ने कहा कि देशभर में महा जनसंपर्क अभियान को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। भाजपा का जनसंपर्क अभियान सर्वव्यापी, सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को अपार समर्थन के साथ प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पास कोई उपलब्धियां नहीं हैं। इसलिए महा ठगबंधन सरकार चलाने वाले भाजपा के अभियान से डरे हैं। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ने जनता की भलाई के लिए कुछ किया है तो उन्हें प्रचारित करने से कौन रोका है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता सब जानती है और 2024 के चुनाव में ठगबंधन को सबक सिखाने के लिए तैयार है। बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने अंगवस्त्र एवम पुस्तक देकर उनका स्वागत किया।

## संविधान जागार यात्रा पांचवें दिन जलडेगा पहुंची

**रांची।** संविधान जागार यात्रा पांचवें दिन बानो और जलडेगा पहुंची। यहां पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों ने भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताया। बताया गया कि आदिवासियों के लिए संविधान में कई अधिकार और शक्तियां प्रदान की गयी हैं। जिसकी जानकारी नहीं होने के अभाव में शासन- प्रशासन में बैठे लोग या तो हकमारी करते हैं या फिर हमारा शोषण करते हैं। इस मौके पर जलडेगा बीडीओ विजय राजेश बारला को संविधान की प्रस्तावना भेंट की गई। कस्तूरबा बालिका विद्यालय जलडेगा की छात्राओं के बीच संविधान की बातें रखी गईं। प्रस्तावना पाठ पढ़ा गया। कस्तूरबा वार्डन सीमा लकड़ा को भी प्रस्तावना की कापी भेंट की गई।

## समारोह | मिलन पैलेस में हुआ वात्सल्य उत्सव का आयोजन बच्चों ने की खूब मस्ती

# प्रतियोगिताओं में बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व विहिप रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में राउंड टेबल क्लब शाखा 284 रांची के सौजन्य से रांची क्लब रोड स्थित मिलन पैलेस में वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 से 15 वर्ष की आयु के रांची एवं आसपास के स्लम बस्तियों और सरकारी स्कूलों के 7 विद्यालयों के 110 से अधिक वंचित बच्चे सहित रांची पहाड़ी मंदिर स्थित मूक-बधिर एवं मंद बुद्धि शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सृजन हैल्प परिवार के 15 बच्चें सम्मिलित हुए। वात्सल्य उत्सव का शुभारंभ प्रातः 9 सभी बच्चों को चंदन टीका लगाकर गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में ड्राइंग कंपटीशन, योग क्लासेज और क्विज प्रतियोगिता व इनडोर गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने कई आकर्षक एवं मनमोहक पेंटिंग बनाई। सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। सभी बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों स्वरूचि



भोज का आनंद लिया। दूसरे सत्र में आमोद प्रमोद उत्सुकता के लिए जादूगर एम. एस. भारती द्वारा जादूगरी के हैरतअंगेज करतब दिखाये। तत्पश्चात उन्हें डॉक्यूमेंट्री फिल्म पर्यावरण एवं सामाजिक ज्ञान पर डॉक्यूमेंट्री छोटे-छोटे चलचित्र दिखाए गये। प्रत्येक विद्यालय के बच्चों ने अपनी-अपनी नृत्य संगीत व अन्य प्रस्तुतियां दी। सृजन हेल्प परिवार के शंकर लोहरा और अनुज कुमार ने नागपुरिया गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, दोनों बच्चे विशेष दिव्यांग बच्चों की श्रेणी में आते हैं। जिसे लोगों की खूब सराहना मिली। शाम 6 बजे पाश्चात्य वाद्य यंत्रों के साथ एक डीजे प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें विपुल जी द्वारा जमकर जुंबा डांस किया गया। जिसमें बच्चों एवं बड़ों ने खूब मस्ती की। कार्यक्रम का संचालन प्रीति गेरा ने की। वात्सल्य उत्सव के समापन समारोह में सभी बच्चों को उपयोगी वस्तुएं किताबें, कॉपी, पेंसिल एवं अन्य सामानों की एक आकर्षक गिफ्ट पैक दिया गया साथ में खाने-पीने की चीजें देकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर राउंड टेबल क्लब के अध्यक्ष सरदार अमनप्रीत सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक का सर्वांगीण विकास होता है। एवं बच्चों के संस्कारों में उन्नति होती है,आगे भी वात्सल्य उत्सव का आयोजन कर उनके जीवन में एक सुखद स्मृति के रूप में उनके बाल मानस पटल पर सदैव अंकित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद सेवा सेवा विभाग के प्रांतीय संयोजक अशोक कुमार अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं विहिप रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी ने कहा की बच्चों का यह सर्वश्रेष्ठ समय है।

## उग्रवाद प्रभावित कोचांग में प्रशासन 15 जून को लगाएगा शिविर

**रांची।** जिले के सुदूर क्षेत्रों में दिग्भ्रमित विचारों से निकलकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। अड़की प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित कोचां गांव में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने की पहल की जा रही है। इस गांव में हरित क्रांति लाने की तैयारियां चल रहीं हैं। जिला जन संपर्क विभाग ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी करके बताया कि जिला प्रशासन की इस सकारात्मक पहल में आत्मा परियोजना और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों की ओर से15 जून को किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही एसडब्लूएस द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में पांच पंचायतों कोचांग, तिरला, बहोण्डा, मदहातू और बिरबांकी के विभिन्न गांवों के किसान शामिल होंगे। किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों के बीच तेलहन व दलहन के बीच वितरित किए जाएंगे। अफीम की खेती के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा एक अनोखी पहल कोचांग में की जा रही है।

## पेज एक के शेष

### ईडी ने ...

ने विष्णु अग्रवाल को समन किया था, लेकिन तब स्वास्थ्य कारणों से उनसे पूछताछ नहीं हो पायी थी।
**क्या है सिरमटोली जमीन का मामला :** रांची शहर के बीचोबीच सिरमटोली में फरवरी 2018 में सेना की कब्जे वाली 3.75 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल ने करायी थी। विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन महुआ मित्रा और संजय कुमार घोष से खरीदी थी। डीड के अनुसार विष्णु अग्रवाल ने इस जमीन की खरीद के लिए 24.37 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह जमीन सेना के कब्जे में थी, बाद में विष्णु अग्रवाल ने जमीन पर अपनी दावेदारी की। ईडी ने इस मामले में भी पूर्व में रांची में पोस्टेड रहे सब रजिस्ट्रार व भू राजस्व से जुड़े अधिकारियों से पूछताछ की थी। वहीं सेना मुख्यालय से भी ईडी ने पत्राचार किया था। सेना से पत्राचार के बाद जो तथ्य सामने आए, उसके बाद ही विष्णु अग्रवाल से फिर से समन किया गया।
**चेशायर होम रोड में सदर थाना में दर्ज केस बना है आधार :** जगतबंधु टी एस्टेट के द्वारा जमीन खरीद से जुड़े मामले में बरियातू थाना का केस आधार बना था। इस आधार पर दर्ज ईसीआईआर में ईडी ने सोमवार को चार्जशीट दायर कर दी है। अब सदर थाने में दर्ज केस के आधार पर ईडी की टीम चेशायर होम में जमीन खरीद में फजीर्वाड़े की जांच कर रही है। ईडी ने सोमवार को दायर चार्जशीट में भी उसी गिरोह की भूमिका बतायी है जो गिरोह करमटोली की सेना जमीन के फजीर्वाड़े में शामिल था। इस गिरोह के सदस्य अफसर अली ने विष्णु अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई जमीन में फजीर्वाड़े की जानकारी ईडी को दी है।
ईडी को अफसर अली ने बयान दिया है कि चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन के फर्जी कागजात बनाए जाने के बाद उसके सहयोगी इम्तियाज अहमद ने इस जमीन की रजिस्ट्री प्रेम प्रकाश के करीब पुनीत भार्गव को की। इम्तियाज ने यह रजिस्ट्री 1.78 करोड़ में करने की बात डीड में दिखायी। बाद में पुनीत भार्गव ने इस जमीन की रजिस्ट्री 1.80 करोड़ में विष्णु अग्रवाल व उनकी पत्नी को बेच दी। इस जमीन के सौदे के बाद पुनीत भार्गव ने 1.50 करोड़ रुपये प्रेम प्रकाश को लौटा दिए। अफसर अली ने अपने बयान में बताया कि इस जमीन की डील में एक करोड़ की राशि छवि रंजन को डेढ़ करोड़ रुपये में ही समायोजित की जानी थी।

### पूजा सिंघल के ...

मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति 5000 या उससे ज्यादा यूएसडी लाता है, और उसे भारतीय रुपयों में बदलता है तो उसे करेंसी डिक्लेरेशन फॉर्म भरना जरुरी होता है, लेकिन अभिषेक झा ने ऐसा नहीं किया। सबसे ज्यादा पैसे पलामू में जमा किये गए। जहां आईएएस पूजा सिंघल 19 जुलाई 2010 से लेकर 8 जून 2013 तक डीसी थीं।

### वीरेन्द्र राम की...

दोनों के खिलाफ समन जारी किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

### बिट्टू खान की ...

की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले को लेकर तनवीर की मां नाजमा खातून ने थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन और सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से हत्या में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया।
एसएसपी ने बताया कि तनवीर को मारने का प्लान दो-तीन माह पूर्व ही बनाया गया था। अंकित कुमार सिंह को एदलहातू टीओपी और दीपक कुमार सिंह को तनवीर के घर के रेकी का काम सौंपा गया था। तीन जून को जेल में बंद राज वर्मा से निर्देश प्राप्त करने के लिए दीपक कुमार सिंह और अंकुश कुमार सिंह जेल में मिलने गया था। जेल में बंद राज वर्मा के निर्देश पर घटना को अंजाम दिया गया।
घटना के दिन एक बाइक पर दुर्गा और अभिषेक मल्लिक था। बाइक दुर्गा चला रहा था। अभिषेक मल्लिक के पास पिस्तौल था। दूसरा बाइक पर रोहन श्रीवास्तव और रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी बैठा था। रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी पिस्तौल लेकर पीछे बैठा था। दोनों ने तनवीर पर फायरिंग की और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी थी। घटना को अंजाम देने के बाद डोरंडा के मो आरिफ के पास आर्म्स और बाइक छिपाने के लिए दिया गया था।
एसएसपी ने बताया कि रोहन कुमार उर्फ रोहन श्रीवास्तव के खिलाफ रांची के चार थानों में पूर्व से मामला दर्ज है जबकि मो आरीफ के खिलाफ पूर्व से पांच मामले दर्ज हैं। दीपक कुमार सिंह पर दो मामले पूर्व से दर्ज हैं।

# एमबाप्पे 2024 में अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांसीसी फुटबॉल स्टार किलियन एमबाप्पे ने पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को सूचित किया है कि वह अगले साल अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद लीग 1 क्लब छोड़ देंगे। 2017 में पीएसजी में शामिल होने वाले 24 वर्षीय फ्रेंच इंटरनेशनल ने पिछले साल फ्रेंच चैंपियन के साथ दो साल का नया अनुबंध किया था, जिसमें तीसरे वर्ष का विकल्प था, जब यह जून 2024 में समाप्त हो रहा था। फ्रांसीसी प्रमुख खेल दैनिक एल'इक्विप ने बताया कि पेरिस के स्ट्राइकर ने सोमवार को एक पत्र में पीएसजी को सूचित किया कि वह अपने अनुबंध में एक और वर्ष (2025 तक) के विकल्प का प्रयोग नहीं करेंगे। इस निर्णय का अर्थ है कि एमबाप्पे अगले सीजन के समापन पर बिना किसी स्थानांतरण शुल्क के प्रस्थान करने के लिए स्वतंत्र होंगे और जनवरी 2024 से फ्रांस के बाहर एक क्लब के साथ एक पूर्व-अनुबंध कदम पर सहमत हो सकते हैं। 2017 में पीएसजी में शामिल होने के बाद से, उन्होंने 260 मैचों में 212 गोल किए हैं और पिछले पांच सत्रों में से प्रत्येक में लीग 1 के शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त हुए हैं और पीएसजी ने अपने छह सत्रों में पांच लीग खिताब जीते हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड लियोनल मैसी के अपने दो साल के अनुबंध के अंत में क्लब छोड़ने के बाद, फ्रेंचमैन पीएसजी छोड़ने वाला दूसरा हाई-प्रोफाइल फॉरवर्ड होगा। क्लब से एमबाप्पे का प्रस्थान उन रिपोटरें का अनुसरण करता है जो दशार्ती हैं कि रियल मैड्रिड के अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज ने फ्रांसीसी स्ट्राइकर को सुरक्षित करने का इरादा व्यक्त किया था, भले ही वर्तमान ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण विंडो के दौरान नहीं। सऊदी प्रो लीग में अल-इत्तिहाद के लिए करीम बेंजेमा के जाने के बाद रियल मैड्रिड लाइन का नेतृत्व करने के लिए एक नए वरिष्ठ स्ट्राइकर की तलाश कर रहा है।

## मेसी को बीजिंग एयरपोर्ट पर 2 घंटे तक रोका गया

**बीजिंग।** अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनल मेसी को बीजिंग में एयरपोर्ट पर चीनी पुलिस ने 2 घंटे तक रोके रखा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेसी बीजिंग के वर्कर्स स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के बीच होने वाले इंटरनेशनल फ्रेंडली फुटबॉल मैच के लिए चीन पहुंचे हैं। यह घटना 10 जून की है। दरअसल मेसी के पास अर्जेंटीना और स्पेनिश दोनों देशों के पासपोर्ट हैं। मेसी ने चीन में अर्जेंटीना की जगह अधिकारियों को स्पेनिश पासपोर्ट दिखाया। चीन में स्पेनिश पासपोर्ट धारकों को वीजा-फ्री एंट्री नहीं है। इस वजह से चीनी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। हालांकि, वो बिना वीजा के ताइवान में प्रवेश कर सकते हैं। मेसी के अनुसार उन्होंने सोचा था कि ताइवान चीन का हिस्सा है, इसीलिए वीजा के लिए आवेदन नहीं किया था। वहीं चीनी फैंस एयरपोर्ट के बाहर मेसी का इंतजार करते रहे। मेसी करीब 2 घंटे बाद मामला सुलझने के बाद एयरपोर्ट से बाहर निकले। अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया 15 जून 2023 (गुरुवार) को वर्कर्स में आमने-सामने होंगे।

### केएसएसएम शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित

# भावेश शेखावत ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल**

राजस्थान के भावेश शेखावत ने 21वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) शूटिंग चैंपियनशिप (पिस्टल) में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट शूटिंग एकेडमी भोपाल में हो रहा है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज शेखावत को दूसरे स्थान पर रहे पंजाब के उदयवीर सिद्धू के साथ दो बार शूट-ऑफ में प्रवेश करना पड़ा, दोनों 40 शॉट के फाइनल में 26-हिट के साथ बराबरी पर थे। भावेश और उदयवीर दोनों ने पहली शूट-ऑफ सीरीज में चार-हिट हासिल किए। दिल्ली के अर्पित गोयल ने 21 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। भावेश ने इससे पहले




क्वालीफिकेशन राउंड में 584 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। वहीं, उदयवीर 576 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। भावेश, उदयवीर और अर्पित के अलावा गुजरात के मितेश मणिलाल गोहिल, नौसेना के रजत यादव और सेना के नीरज कुमार ने भी शीर्ष छह में जगह बनाई। महाराष्ट्र के साहिल दुधाने ने फाइनल में 28 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष आरएफपी जीता। उदयवीर 25 हिट के साथ फिर से दूसरे स्थान पर थे, जबकि राज्य के साथी जगविजय प्रताप सिंह सेखों तीसरे स्थान पर थे। नीरज, अमरिंदर सिंह और रंजीत केएम ने भी अपनी आर्मी मार्कमैनशिप यूनिट के लिए कुल 1692 के स्कोर के साथ आरपीएफ टीम गोल्ड जीता, जबकि सीआईएसएफ ने 1687 के कुल स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

## गुरबचन सिंह रंधावा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** पूर्व ट्रैक एंड फील्ड एथलीट गुरबचन सिंह रंधावा ने 18 साल तक पद पर रहने के बाद मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। 1961 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले ट्रैक और फील्ड एथलीट रहे रंधावा ने एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला को लिखे पत्र में कहा कि बढ़ती उम्र से उत्पन्न चुनौतियों के कारण, उनके लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता को काम के प्रति समर्पित करना मुश्किल हो गया है। रंधावा ने एक बयान में कहा, ₹मैंने 18 साल तक इस पद पर सेवा देने के बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। मेरी बढ़ती उम्र मेरे लिए नौकरी को अपना 100 प्रतिशत देना मुश्किल बना देती है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सही समय है। ऐसे समय में जब भारतीय एथलेटिक्स अपने विकास के एक बहुत ही रोमांचक चरण में है, एक युवा व्यक्ति को बागडोर सौंपने के लिए यह सही समय है। रंधावा 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारतीय दल के ध्वजवाहक थे, जहां उन्होंने 110 मीटर बाधा दौड़ में 5वां स्थान हासिल किया था।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का बेंगलुरू हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत

# ‘आगे भी जीत की परंपरा जारी रहेगी’

**एजेंसी। बेंगलुरु**

जापान के काकामीगहारा में हुए जूनियर महिला एशिया कप का खिताब जीतने के बाद स्वदेश लौटी भारतीय टीम का बेंगलुरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर जोरदार स्वागत किया गया। मंगलवार तड़के हवाई अड्डे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की खिलाड़ियों का साई, बेंगलुरु के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया, जबकि कई दर्शकों ने युवा सितारों के साथ सेल्फी ली। गर्मजोशी से किये गए स्वागत से उत्साहित, कप्तान प्रीति ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में हमें मिले प्यार और समर्थन से हम वास्तव में अभिभूत हैं। हमने इस तरह के स्वागत की उम्मीद नहीं की थी और जब से हम फ्लाइट से बाहर निकले हैं, तब से हमें खुशी हो रही है। हवाईअड्डे के अधिकारियों से लेकर साथी यात्रियों और साई और हॉकी



बिरादरी के अधिकारियों ने सभी ने बहुत सराहना की। आधी रात के बाद केवल हमारा स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर आना शानदार था। प्रीति ने यह भी कहा कि यह अविश्वसनीय उपलब्धि हॉकी इंडिया, साई, टॉप्स एनसीओई और ओडिशा राज्य सरकार के निरंतर सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमने सही समय पर सही खेल को चुना है। हमारे पास साई, बेंगलुरु में टॉप्स एनसीओई में एक बहुत अच्छी तरह से समर्थित कार्यक्रम है, जहां हमारी सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाता है। हॉकी इंडिया ने सुनिश्चित किया है कि हमारे पास सबसे अच्छा कोचिंग स्टाफ है और समूह के सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप और खेलो इंडिया गेम्स से चुना जाता है, जो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल में करियर बनाने का एक बड़ा अवसर देता है। हमारे पास इस मेगा सपोर्ट सिस्टम में ओडिशा सरकार का समर्थन भी शामिल है। जिसके बाद अच्छा करने की जिम्मेदारी हम पर थी। इस विजयी भारतीय जूनियर महिला टीम की सभी 18 सदस्य टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) का हिस्सा हैं। समूह को खेलो इंडिया यूथ गेम्स के साथ-साथ हॉकी इंडिया जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर कार्यक्रम में चुना गया था। चिली के सैंटियागो में होने वाले आगामी एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप में पोडियम पर पहुंचने के अपने प्रयास में हॉकी प्रशंसकों से अपनी टीम का समर्थन करने का आग्रह करते हुए, आत्मविश्वास से भरी उपकप्तान दीपिका ने कहा, ₹हमें उम्मीद है कि भारतीय हॉकी प्रशंसक एफआईएच जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के हमारे प्रयास में हमारा समर्थन करना जारी रखेंगे। जूनियर एशिया कप में इस जीत ने जूनियर विश्व कप में पदक जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को हवा दी है।

# अफगानिस्तान के मुख्य चयनकर्ता नियुक्त हुए असदुल्लाह खान

**एजेंसी। काबुल**



अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने असदुल्लाह खान को देश की क्रिकेट टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, कतर क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद वह काबुल लौट आएंगे। वह नूरुलहक मलिकजई का स्थान लेंगे, जो अब समिति के सदस्य के रूप में काम करना जारी रखेंगे। मलिकजई ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा, ₹सम्मानित अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए चयन समिति के प्रमुख के रूप में सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मलिकजई ने अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को मुख्य चयनकर्ता के पद को छोड़ने का कारण बताया। उन्होंने कहा, ₹व्यक्तिगत और पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं इस महत्वपूर्ण पद पर बने रहने में असमर्थ हूं। मैंने समिति के सदस्य के रूप में एसीबी के साथ अपने जुड़ाव को जारी रखने का अनुरोध किया है, और मैं असदुल्ला खान और बोर्ड को अपना अधिकतम सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। असदुल्लाह के अलावा, मलिकजई, मीर मुबारिज और अहमद शाह चयनकर्ताओं के चार सदस्यीय पैनल में होंगे। दूसरी ओर, ताज मलिक आलम और मोहम्मद खान जादरान को घरेलू चयनकर्ता के रूप में बरकरार रखा गया है। असदुल्लाह ने एक बयान में कहा, ₹खिलाड़ियों की चयन समिति का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, एसीबी मेरे लिए कोई नया संगठन नहीं है क्योंकि मेरे पास इस महान संगठन के लिए काम करने का समृद्ध अनुभव है। मैं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# दिल्ली पैंजर्स ने प्रीमियर हैंडबॉल लीग में तेलुगु टैलंस को हराया

**एजेंसी। जयपुर**

सवाई मानसिंह स्टेडियम में चल रहे प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) में मैच डे 5 के पहले मैच में दिल्ली पैंजर्स ने तेलुगू टैलंस के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। पैंजर्स ने रोमांच से भरपूर यह मैच 29-27 से हराया। खचाखच भरे सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित मैच 9 में तेलुगु टैलन्स का सामना दिल्ली पैंजर्स से हुआ। तेलुगु टैलंस ने फ्रंट फुट पर खेल शुरू किया और पैंजर्स पर लगातार दबाव बनाना जारी रखा। टैलंस ने अनिल खुदिया और कैलाश पटेल के बेहतरीन खेल की बदौलत मैच में शुरूआती बढ़त हासिल की। टैलंस के गोलकीपर राहुल टीके ने मैच के शुरूआती मिनटों में कुछ




आश्चर्यजनक बचाव किए, जिससे टैलंस को अपनी बढ़त को और मजबूत करने में मदद मिली। पैंजर्स दविंदर सिंह भुल्लर पर कड़ी नजर रख रहे थे, जो स्कोर करने के हर एक मौके का भरपूर लाभ उठा रहे थे। 15वें मिनट तक स्कोर 8-5 से टैलंस के पक्ष में हो गया था। नसीब विंग से जबरदस्त प्रभाव के साथ खेल रहे थे। वह पहले हाफ में कई बार गोल करनें में सफल रहे। हालांकि, भूपेंद्र घनघस और दीपक अहलावत ने दिल्ली पैंजर्स को मैच में वापस लाने के लिए एक साथ मिलकर काम किया।

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधु और एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। जकार्ता**

भारतीय स्टार बैडमिंयन खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय इंडोनेशिया ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने महिला एकल वर्ग में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ग्रेगोरिया मरिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में 21-19, 21-15 से हराकर तुनजुंग के खिलाफ दो मैचों से चली आ रही हार के सिलसिले को भी खत्म किया। बता दें कि तुनजुंग ने इससे पहले सिंधु को मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में और मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में हराया था। पीवी सिंधु अंतिम 16 में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 3 ताई त्जु यिंग का सामना करेंगी, जो गत इंडोनेशिया



ओपन चैंपियन भी हैं। वहीं, पुरुष एकल टूर्नामेंट में विश्व में आठवें स्थान पर काबिज भारत के एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 इवेंट के शुरूआती दौर में जापान के विश्व नंबर 11 केंटा निशिमोतो को 21-16, 21-14 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय अब अगले दौर में दुनिया के 16वें नंबर के हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग से खेलेंगे।

# सीएसके के तेज गेंदबाज ने नाभा गद्दामवार के साथ की सगाई

**एजेंसी। मुंबई**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने सोमवार को मुंबई में अपनी गर्लफ्रेंड नाभा गद्दामवार के साथ सगाई कर ली। देशपांडे से पहले सीएसके के खिलाड़ी रुतुराज गायकवाड़ भी इसी महीने अपनी गर्लफ्रेंड उत्कर्ष पवार के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। तुषार ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर सगाई की फोटो पोस्ट की और उसे कैप्शन दिया, ₹वह मेरे स्कूल क्रश से मेरे मंगेतर में बदल गई। बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में तुषार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने 16 मैचों में 26.85 की औसत और 9.92 की इकॉनमी




रेट से 21 विकेट लिए थे। वह अपनी टीम के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में भी उभरे और अपनी टीम के पांचवें आईपीएल खिताब में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज का दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने पहले सीजन के दौरान वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था, क्योंकि उन्होंने उनके लिए पांच मैचों में केवल तीन विकेट लिए थे। 2022 में सीएसके द्वारा खरीदे जाने के बाद, उन्होंने उस वर्ष केवल दो मैच खेले और एक विकेट लिया। कुल मिलाकर, तुषार ने आईपीएल के 23 मैच खेले हैं जहां 25 विकेट लिए हैं।

### निर्णय — भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान पद से हटना उनका व्यक्तिगत निर्णय

# ‘कोहली ही बता सकते हैं क्यों छोड़ी कप्तानी’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि विराट कोहली का भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान पद से हटना उनका व्यक्तिगत निर्णय था और केवल वही बता सकते हैं कि उन्होंने सबसे लंबे प्रारूप में कप्तानी क्यों छोड़ी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली 209 रन की हार के बाद प्रशंसकों द्वारा भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में कोहली को फिर से बहाल करने की मांग के मद्देनजर गांगुली की यह टिप्पणी आई है। हालाँकि, कोहली पिछले तीन वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में बल्ले से असफल रहे हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद गांगुली ने एक समाचार चैनल



को दिये साक्षात्कार में कहा, बीसीसीआई विराट कोहली को टेस्ट कप्तानी से हटाने के लिए तैयार नहीं था। दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद हमारे लिए भी यह अप्रत्याशित था। केवल विराट कोहली ही बता सकते हैं कि उन्होंने कप्तानी क्यों छोड़ी। इस बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी खुद छोड़ दिया था। चयनकताओं को भारत का कप्तान नियुक्त करना था और रोहित उस समय सबसे अच्छे विकल्प थे। कोहली ने भारतीय कप्तान के रूप में 68 मैचों में 40 जीत और 11 ड्रॉ के साथ टेस्ट इतिहास में चौथे सबसे सफल कप्तान के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया। 34 वर्षीय कोहली सबसे अधिक टेस्ट जीतने वाले कप्तानों की सूची में केवल ग्रीम स्मिथ, रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ से पीछे हैं।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी करनी है तो आईपीएल का मोह छोड़ना होगा

**ओवल।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल जैसे मैचों की तैयारियों के लिए आदर्श रूप से कम से कम 20-25 दिन चाहिए होते हैं, लेकिन पूर्व कोच रवि शास्त्री का कहना है कि यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि वे आईपीएल चुनें या फिर ऐसे महत्वपूर्ण मैचों की तैयारी करें। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, ₹देखिए ऐसा कभी नहीं होने वाला है कि आपको किसी मैच या सीरीज की तैयारी के लिए 20-21 दिन मिले। अंतिम बार ऐसा 2021 के इंग्लैंड दौरे पर हुआ था, जब भारतीय टीम पहले टेस्ट से तीन सप्ताह पहले वहां पहुंच गई थी। इसका भारत को फायदा भी हुआ और वे सीरीज में 2-1 से आगे थे। लेकिन यह तभी संभव हो पाया था, जब कोरोना के कारण आईपीएल का दूसरा हाफ टल गया था।

